हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

सीएम ने जल्द सुनवाई के लिए एडवोकेट जनरल को आवेदन लगाने के दिए निर्देश

मप्र में 27% ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार

सीएम बोले: सुप्रीम कोर्ट को सरकार का मंतव्य जल्द से जल्द बताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27% आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार अब सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह को जल्द से जल्द सुनवाई के लिए आवेदन लगाने को कहा है, ताकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार उसे लागू कर सके।

विधि, सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार बनने से पहले से ही ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण दिए जाने को लेकर अलग-अलग याचिकाओं के जरिए कोर्ट में केस चल है।

विधि, सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया

आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

इससे पहले 28 जनवरी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के राज्य शासन के निर्णय को चुनौती दी गई थी। यह भी बता दें कि 4 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के तहत राज्य सरकार को 87:13 का फॉर्मूला लागू करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद प्रदेश की सभी भर्तियां ठप हो गई थीं। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डबल बेंच ने की। यह याचिका सागर की यूथ फॉर इक्वेलिटी संस्था की ओर से दायर की गई थी।

सिख गुरु हरगोविंद सिंह की स्मृति में किया नामकरण

ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित नगर द्वार का नाम अब 'दाता बंदी छोड़' द्वार होगा

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का रहा है गौरवशाली इतिहास

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित नगर द्वार का नाम सिखों के छठवें गुरु गुरु हरगोविंद सिंह के नाम पर दाता बंदी छोड़ द्वार रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का गौरवशाली इतिहास रहा है, बड़ी संख्या में सिख परिवार इस क्षेत्र में निवासरत हैं। ग्वालियर के मुरैना मार्ग पर पुराना छावनी क्षेत्र में बने नगर द्वार का नाम दाता बंदी छोड़ द्वार रखा जाएगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एमपी पीएससी कल, 52 जिलों में 342 सेंटर बनाए

इंदौर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को आयोग ने 52 जिलों में परीक्षा आयोजित की है, जिसमें 1 लाख 18 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। 342 केंद्रों में दो सत्र में पेपर रखे गए हैं। अकेले इंदौर जिले में 72 सरकारी-निजी कॉलेज व स्कूलों को केंद्र बनाया है।

सेना के फायरिंग रेंज में विस्फोट, एक की मौत

दतिया। जिले में सेना के फायरिंग रेंज में पड़े एक विस्फोटक उपकरण में अचानक धमाका हो गया। इसमें 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और दो अन्य नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

सीबीएसई 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम आज से

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस साल दोनों कक्षाओं के बोर्ड एग्जाम एक ही तारीख से शुरू हो रहे हैं, लेकिन दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक दिन खत्म नहीं होंगी। 10वीं के एग्जाम 18 मार्च को समाप्त होंगे जबकि 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी।

पीएम की दो दिन की यूएस यात्रा समाप्त, स्वदेश पहुंचे

पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई सबसे बड़ी न्यूक्लियर डील

अमेरिका भारत में उन्नत और छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर बनाएगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 'विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन' का ऐलान किया था। ठीक इस ऐलान के बाद भारत और अमेरिका के बीच परमाणु के क्षेत्र को लेकर बात हुई है। सीतारमण ने कहा था कि 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का विकास हमारे ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के लिए आवश्यक है।

भारत और अमेरिका के बीच 2008 में ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे, उस समय से अब तक वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई थी

अब भारत सरकार और वेस्टिंगहाउस के बीच आंध्र प्रदेश के कोव्वाडा में छह 1,000 मेगावाट के परमाणु रिएक्टर बनाने की परियोजना पर भी चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन की अपनी अमेरिकी यात्रा पूरी कर ली है। वे स्वदेश पहुंच गए हैं। अमेरिका में पीएम मोदी ने यूएस एनएसए उद्योगपति एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। पीएम मोदी और ट्रंप की बैठक में दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बीच न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में भी अब दोनों देश एक नई उड़ान भरेंगे। ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहला मौका था, जब पीएम मोदी ने अमेरिका की यात्रा की।

अमेरिका भारत में एक के बाद एक लगाएगा कई रिएक्टर

भारतीय विदेश सचिव ने क्या कहा ?

मोदी की अमेरिका यात्रा समाप्त होने के बाद भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि असैन्य परमाणु ऊर्जा में संभावनाओं को साकार करने, भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों का निर्माण करने तथा बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण के साथ-साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देश कुछ समय से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में सहयोग पर चर्चा कर रहे हैं और फिर से इस पर चर्चा की गई। पिछले वर्षों में भारत में मौजूद कुछ कानूनी प्रावधानों के कारण इस सहयोग को साकार करने में आने वाली बाधाओं को पहले ही दूर किया जाना शुरू हो गया है।

क्या बोले पीएम मोदी?

औद्योगिक सहयोग और असैन्य परमाणु ऊर्जा पर सहयोग होगा आसान

संयुक्त बीफिंग के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप ने परमाणु रिएक्टरों के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति अधिनियम (सीएलएनडीए) के लिए नागरिक दायित्व में संशोधन करने के लिए बजट 2025 की घोषणाओं का स्वागत किया। इस बयान के अनुसार सीएलएनडीए के अनुसार द्विपक्षीय व्यवस्था स्थापित करने का भी फैसला किया, जो नागरिक दायित्व के मुद्दे को संबोधित करेगा और परमाणु रिएक्टरों के उत्पादन और तैनाती में भारतीय और अमेरिकी उद्योग के सहयोग को आसान बनाएगा। गुरुवार को अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के साथ भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। दोनों की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर जोर देते हुए औद्योगिक सहयोग और असैन्य परमाणु ऊर्जा पर चर्चा की।

भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में पाक को चेतावनी

संयुक्त बयान में अल-कायदा इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया

अपनी 'जमीन' का इस्तेमाल सीमा पार आतंकी हमलों के लिए न होने दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान तिलमिला गया है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके।

इस दौरान पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए।

तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी

इससे पहले दिन में, भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की, जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। वहीं राणा के प्रत्यर्पण के लिए ट्रंप को धन्यवाद देते हुए, पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए एकजुट कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया।

विवाहोत्सव कार्यक्रम 'दी वाना ग्रीन्स' में आयोजित हुआ

केंद्रीय मंत्री शिवराज के छोटे बेटे कुणाल व वधु रिद्धि को दिग्गजों ने दिया आशीर्वाद

विवाह समारोह में कई केंद्रीय मंत्री व अपने-अपने क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह के विवाह समारोह के आयोजन कई दिनों से विभिन्न स्थानों पर हो रहे थे। शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में वे भोपाल की बेटी रिद्धि जैन के साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। विवाहोत्सव कार्यक्रम भव्य दी वाना ग्रीन्स में आयोजित हुआ। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री चौहान ने एक दिन पहले गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर विवाह की खुशियों का इजहार किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि रिद्धि हमारे घर में बहू नहीं, बेटी के रूप में आ रही है। शिवराज के छोटे बेटे कुणाल सिंह की होने वाली पत्नी रिद्धि जैन भोपाल के जाने-माने डॉ. इंद्रमल जैन की पोती हैं। रिद्धि के पिता संदीप जैन बड़े नामों में शुमार हैं। कुणाल और रिद्धि भोपाल में एक ही स्कूल में पढ़े हैं।



दूरसंचार विभाग का साइबर क्राइम पर 'बड़ा प्रहार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दूरसंचार विभाग ने साइबर क्राइम पर बड़ा प्रहार करते हुए करीब 35 हजार वॉट्सएप अकाउंट्स को बैन कर दिया है। साथ ही, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स और कम्युनिटी पर भी एक्शन लिया गया है। पिछले महीने भी दूर संचार विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था। दूरसंचार विभाग पिछले कुछ महीनों से बढ़ते साइबर क्राइम पर कार्रवाई कर रहा है।

बड़ी खबर *सरकारी पोर्टल 'चक्षु' ने खोले नागरिकों के चक्षु*

35 हजार वॉट्सएप नंबर, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स व कम्युनिटी बैन

अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका

पिछले महीने भी लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था

ट्राई ने अपनी कई पॉलिसी को भी रिवाइज किया है, ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाया जा सके



2023 में पोर्टल को लॉन्च किया था

सरकार ने 2023 में इस पोर्टल को लॉन्च किया था। दूरसंचार विभाग के संचार साथी पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड की घटनाओं को रिपोर्ट किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी अनजान नंबर से आने वाले कॉल्स या मैसेज को भी रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने पिछले दिनों सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स पर फर्जी कॉल्स को रोकने में असमर्थ रहने पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। दूरसंचार नियामक अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका है।

लाखों सिम किए जा चुके हैं बंद

पिछले साल सरकार ने साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 78.33 लाख मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया था। ये मोबाइल नंबर फर्जी डॉक्यमेंट्स के आधार पर लोगों को जारी किए गए थे। दूरसंचार विभाग द्वारा इंप्लिमेंट किए गए नए एआई टूल की मदद से इन फर्जी नंबरों की पहचान की गई और उनके खिलाफ एक्शन लिया गया। यही नहीं, सरकार ने साइबर क्राइम में लिप्त 6.78 लाख मोबाइल नंबर को भी बंद करने का आदेश जारी किया था।

अर्थव्यवस्था में वृद्धि का आंकड़ा योगी ने बताया

महाकुंभ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का 'कुंभ' भरेगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

सीएम योगी ने बताया कि जब 50-55 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में जुड़ेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था को कितना फायदा होगा?योगी ने कहा कि 5-6हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं बल्कि प्रयागराज के रेनोवेशन में भी खर्च किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने विकास के लिए केंद्रीय नेतृत्व और मंत्रियों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने बताया जब 50-55 करोड़ लोग महाकुंभ में जुड़ेंगे तो अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा होगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी होगी। 5-6 हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं। प्रयागराज में भी खर्च किए गए हैं।

सीएम योगी ने गडकरी की तारीफ की

सीएम योगी ने कहा कि जब से हमारी डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है, सभी श्रद्धालु खुश हैं, जहां 8साल पहले वे नहीं जा पाते थे। यहां बेहतरीन इंतजाम हैं। सड़क परिवहन का श्रेय नितिन गडकरी को जाता है।

खर्च हुए सिर्फ 1500 करोड़

गडकरी ने पर्यटन क्षेत्र को सराहा

गडकरी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान अकेले प्रयागराज ने 3 लाख करोड़ की जीडीपी बढ़ोतरी में मदद की। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां 49 प्रतिशत पूंजी निवेश रोजगार सृजन पर खर्च किया जाता है। टैक्सी चालकों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों के लिए रोजगार के कई अवसर यहां पैदा हुए। हमारे देश की आर्थिक बढ़ोतरी सीधे बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई है।

राहत के बाद फिर आफत

नैनी में 5 किमी लंबी वाहनों की कतार

तीन दिन राहत के बाद शुक्रवार को शहर फिर जाम की चपेट में आ गया। शहर के बालसन, एएन झा मार्ग सहित नया यमुना ब्रिज से लेकर सेंट्रल जेल नैनी तक लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर 12 बजे मिर्जापुर रोड पर पांच किलोमीटर लंबा जाम रहा।

सड़क पर उतरे अधिकारी

यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए योगी ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। प्रशासन का अंदेशा है कि फिर भीड़ बढ़ सकती है।

हर दिन बन रहा नया रिकॉर्ड : शेखावत: केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इसका अध्ययन केस स्टडी के तौर पर किया जाएगा। हर दिन नया रिकॉर्ड बन रहा है।

खाली शिविर में आग से 2 टेंट जले: मेला क्षेत्र के सेक्टर 8 में शुक्रवार सुबह आग लग गई। 3 टेंट जल चुके थे। बताया गया है कि सेक्टर आठ में कश्मीरी हिंदु समाज के बगल मे एक शिविर खाली पड़ा था। 2-3 दिन में कल्पवासी टेंट काली हो जाएंगे।

खबर संक्षेप

ममता कुलकर्णी का इस्तीफा नामंजूर

प्रयागराज। पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े में फिर शामिल हो गईं।

उन्होंने महामंडलेश्वर का पद भी स्वीकार कर लिया है। विवाद के चलते 10 फरवरी को उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने इस्तीफा मंजूर नहीं किया था।

जालसाज प्रेमानंद जी के नाम पर बना रहे शिकार

देहरादून। सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज के बढ़ते क्रेज के कारण जालसाजों ने उनके नाम का

सहारा लेना शुरू कर दिया। उनके आश्रम की ओर से जारी के पत्र जारी किया है कि ऐसे किसी भी किसी भी शख्स पर एकदम भरोसा नहीं करें। श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम, वृंदावन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सूचित किया जा चुका है।

सनातन बोर्ड की आवश्यकता नहीं

पुरी। यहां के पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भारत को

हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात कही है। सनातन धर्म में शंकराचार्य की व्यवस्था पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा सनातन बोर्ड की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह व्यवस्था ईस्वी से चली आ रही है।

सत्येंद्र के खिलाफ केस की अनुमति मांगी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मनी लांड्रिंग मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा

चलाने के लिए राष्ट्रपति से अनुमति मांगी है। जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। दावा किया गया है कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूत' की मौजूदगी के आधार पर यह अनुरोध किया है।

दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी बढ़ी

शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार, 20 तक दिल्ली को मिल जाएगा नया सीएम

16 फरवरी को विधायक दल की बैठक की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो जैसे ही सीएम चेहरे का ऐलान होगा, उसके तुरंत बाद ही शपथ ग्रहण समारोह की डेट फाइनल कर दी जाएगी। यही नहीं सीएम चेहरे पर पीएम मोदी की फाइनल मंजूरी मिलने के बाद 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है। ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में आयोजित होने को लेकर है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नई दिल्ली पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की घोषणा कर देंगे।

पहले पर्यवेक्षक करेंगे सलाह और मशविरा

पीएम मोदी के दौरे के कारण इस संबंध में कुछ विलंब हुआ

18 को शपथ होना संभव पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह किस जगह पर आयोजित होगा, अभी तक इस बारे में फैसला नहीं हो पाया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का चुनाव विधायकों में से ही किया जाएगा।

मंत्रियों पर कवायद पूरी

भाजपा सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेश आते ही इस बारे में अंतिम फैसला ले लिया जाएगा। मंत्रियों को लेकर अधिकांश कवायद पूरी हो चुकी है और अब शीर्ष नेतृत्व को फैसला लेना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि मंत्रियों को लेकर भी सूची लगभग तैयार है। इसमें सभी वर्गों व समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

सभी समीकरणों पर विचार

दिल्ली में बीते शनिवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा ने 48 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। इसके बाद शुरू हुए बैठकों के दौर में केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली के पार्टी सांसदों व कई विधायकों के साथ चर्चा की। दिल्ली में भाजपा नए चेहरे को तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों पर विचार कर रही है। पहली बार चुने गए विधायक से लेकर अनुभवी विधायकों के नामों पर भी विचार किया गया है।

9 विधायक शॉर्टलिस्ट किए गए

विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी नए मुख्यमंत्री की तलाश में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव जीतने वाले विधायकों में से 15 लोगों के नाम सेलेक्ट कर लिए गए हैं। पीएम मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और अन्य बीजेपी के शीर्ष नेताओं की बैठक होगी। इसी बैठक के दौरान इस बात का फैसला भी किया जाएगा कि पार्टी किसको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए चुनेगी। भाजपा ने 70 में से 48 सीट हासिल की थी. इसी के बाद 48 में से 9 विधायकों के नाम छांटे गए हैं। अब इन 9 शॉर्टलिस्ट किए गए विधायकों के नामों में से मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर का नाम तय किया जाएगा।

शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू

दिल्ली में चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को सामने आए थे। इसी के बाद पीएम मोदी 10 फरवरी को फ्रांस और अमेरिका के दौरे के लिए रवाना हो गए थे। इसी वजह से दिल्ली में शपथग्रहण समारोह की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। पीएम मोदी शुक्रवार रात को दिल्ली पहुंचे। अब तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिल्ली में सरकार बनाने को लेकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने होम वर्क करके रखा है।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी अनुमति

बंगाल की आपत्ति खारिज संघ की रैली को हरी झंडी

16 फरवरी को पूर्व बर्धमान में होगी सभा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में होनी वाली रैली के लिए अनुमति दे दी है। इसी के साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। बताया जा रहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट की जज अमृता सिन्हा ने आरएसएस रैली के आयोजकों को सशर्त अनुमति दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बंगाल इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती दी थी।

पुलिस ने परीक्षा का बहाना बनाया

जिला पुलिस ने इस आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाएं (10वीं) चल रही हैं। इसलिए इस दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। जिला पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करते हुए यह भी कहा था कि आरएसएस प्रमुख के प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है। हालांकिसभा रविवार को होगी।

संगठन विस्तार पर भी की चर्चा

आरएसएस चीफ मोहन भागवत बंगाल प्रवास पर हैं। उन्होंने आरएसएस के विभिन्न राज्य पदाधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में संगठन के नेटवर्क का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की। रविवार को बर्धमान में प्रस्तावित सभा मध्य बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित करना था।

हिंदू उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में यह दौरा

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह दौरा दो मामलों में बेहद अहम है, जिनमें से पहला 2025 में होने वाला बंगाल विधानसभा चुनाव है। दूसरा, यह दौरा पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर जारी उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसका स्पष्ट असर बंगाल में महसूस किया जा रहा है, जिसकी बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

योगी-गडकरी का विशेष सम्मान

उत्तर प्रदेश में विकास के लिए एक मिनट तक बजाएं ताली

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में और उत्तर प्रदेश में जो भी विकास हो पाया है उसके लिए मसीएम योगी आदित्यनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ही योगदान है। इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। रक्षामंत्री ने उनके योगदान के लिए वहां पर मौजूद नेता और कार्यकर्ताओं से खड़े होकर एक मिनट तक तालियां बजाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री द्वारा लखनऊ के लिए स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है जो कि इंफ्रास्ट्रक्चर और महाकुंभ के जरिएविकास का संदेश दे रहा है। महाकुंभ के बहाने लोगों को दबी हुई धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने का मौका दिया।

उत्सव के दौरान हाथी उन्मत्त

कोझिकोड। गुरुवार को केरल के कोझिकोड जिले के कोयिलैंडी में मनाक्कुलंगरा भगवती मंदिर में एक मंदिर उत्सव के दौरान हाथी उन्मत्त हो गए।

10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया

सभी महिलाएं बड़े सपने देखें और आत्मविश्वास के साथ आगे भी बढ़ें

आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बाधाओं को तोड़ना और रूढ़ियों को चुनौती देना बिना मानसिक शक्ति के संभव नहीं है।

मानवीय मूल्यों को बनाए रखना जरूरी

राष्ट्रपति ने तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रही है, लेकिन इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि करुणा, प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है।

पीआईएल पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट ने किया इनकार

अदालत विधायिका को खास कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती, याचिका खारिज

जस्टिस गवई और जस्टिस मसीह की बेंच ने यह कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

आरोपपत्र निशुल्क मांगा गया था

याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की एक प्रति निशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह याचिका अप्रासंगिक है। इसके लिए विसेष छूट देने का नियाम नहीं है।

जिला अदालतों को निर्देश देने की मांग की थी : याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पीड़ित के सुनवाई के अधिकार से जुड़ा कोई प्रावधान नहीं है। इसमें आग्रह किया गया था कि सभी जिला अदालतों को निर्देश दिया जाए कि वे मामले की शुरुआती सुनवाई के समय पीड़ितों को नोटिस दें।

चुनाव आयोग ने जारी किए आम चुनाव के आंकड़े

'नोटा' का बटन दबाने में बिहार राज्य सबसे ऊपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव में नोटा पर मतदान पिछले दो आम चुनाव के मुकाबले कम हुआ है। वहीं बिहार में सबसे ज्यादा नोटा का बटन दबाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प को 2013 में इसकी शुरुआत के बाद से बीते लोकसभा चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत हासिल हुआ।

जीत का अंतर कम होने पर यह फैसले में महत्वपूर्ण

दूसरे नंबर पर दादरा और नगर हवेली

'नोटा' के मतों में सबसे अधिक हिस्सेदारी बिहार में 2.07 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव में 2.06 प्रतिशत तथा गुजरात में 1.58 प्रतिशत दर्ज हुई। नगालैंड में हिस्सेदारी 0.21 प्रतिशत दर्ज की गई। ये राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय दलों की प्रमुखता, मतदाता शिक्षा जैसे कारकों से प्रभावित हो सकते हैं।

2014 में विकल्प दिया गया 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को पहली बार नोटा का विकल्प दिया गया था। अगर किसी मतदाता को कोई भी प्रत्याशी या फिर पार्टी पसंद नहीं है तो वह नोटा का बटन दबा सकता है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की इच्छा का सम्मान करने की उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी। ऐसे में किसी को भी वोट ना देने पर वोटर कम से कम बूथ तक आता है और वोट करता है।

2024 में कुछ गिरावट दर्ज की गई

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। नोटा का विकल्प पहली बार 2014 में लोकसभा चुनाव में लागू किया गया था। आयोग की 'एटलस-2024' नामक पुस्तक के अनुसार पिछले तीन लोकसभा चुनावों में नोटा मतों में धीरे-धीरे गिरावट आई है, जो 2014 में 1.08 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.99 प्रतिशत हो गई। यह मत प्रतिशत भले ही छोटा लगता हो, लेकिन 'नोटा' को मिले मत उन सीटों में महत्वपूर्ण हो सकते हैं जहां जीत का अंतर काम होता है।

जबलपुर
शनिवार, 15 फरवरी 2025
- माघ मास कृष्ण पक्ष -2
- वर्ष : 19, अंक : 283
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन...

विचार पेज
8 एलन के 5 स्टूडेंट्स को 100...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश में शहरी विकास की योजनाओं में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया

झीलों की नगरी में होने वाली जीआईएस में शहरी विकास पर भी 'विशेष फोकस'

प्रदेश में 72 हजार करोड़ रुपए की चल रही शहरी परियोजनाओं और 88 हजार करोड़ की आगे आने वाली परियोजनाओं के साथ राज्य तेजी से अपने बुनियादी ढांचे, आवास और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स का विस्तार कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल में निवेश के महाकुंभ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में शहरी विकास के क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश में शहरी विकास की योजनाओं में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया है। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रदेश में 7 स्मार्ट सिटी परियोजनाएं अस्तित्व में

शहरी विकास में मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है, इसकी बड़ी वजह यह है 40 लाख से अधिक आबादी वाले शहर, 7 स्मार्ट सिटी और 72 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं, साथ ही पाइपलाइन में 88 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं। प्रदेश में 8.32 लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ है, वहीं 50 हजार करोड़ रुपए से 10 लाख नए आवासों की योजना प्रस्तावित है। शहरी विकास के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे मप्र के शहरी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत पाइप जलापूर्ति का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है, जिसे वर्ष 2027 तक 100 प्रतिशत पूरा किया जाएगा।

6000 किमी शहरी सड़कें गतिशीलता और बेहतर कनेक्टिविटी का प्रमाण

मप्र में 6000 किमी शहरी सड़कें गतिशीलता और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ाती हैं। प्रदेश में वर्ष 2030 तक 100 प्रतिशत सीवर कवरेज कर लिया जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला मप्र स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष 2 राज्यों में रहा है। इंदौर ने लगातार सातवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया है। भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी और सर्वेक्षण में पांचवें स्थान पर रहा है। मप्र शहरी विकास क्षेत्र में निवेशकों के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इसका प्रमुख कारण सभी के लिए आवास में 50 हजार करोड़ रुपए, आवश्यक सुविधाओं में 17,230 करोड़ रुपए, रियल एस्टेट के विकास में 32,400 करोड़ रुपए के निवेश पाइपलाइन में है।

आकर्षक एमपी री डेंसिफिकेशन पॉलिसी

मप्र एमपी री-डेंसिफिकेशन पॉलिसी 2022 और एमपी पुनर्विकास नीति 2022 आधुनिक बुनियादी ढांचे और पुनर्विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है। एमपी टीडीआर नियम, 2018 भूमि उपयोग को अनुकूलित करता है और टिकाऊ शहरी विकास का समर्थन करता है। ईवी पॉलिसी 2025 बुनियादी ढांचा प्रोत्साहन के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करता है। ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) पॉलिसी 2019 ट्रांजिट हब के आसपास उच्च घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों का विकास करता है।

इंपैक्ट फीचर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

अपूर्वा को आईफा ने बाहर निकाला

जयपुर। राजस्थान में होने वाले आईफा अवॉर्ड शो के प्रचारकों में शामिल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा को आईफा से बाहर कर दिया गया है। अब वह आधिकारिक रूप से आईफा प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील टिप्पणी के बाद अपूर्वा का विरोध शुरू हो गया था। वह 20 फरवरी को उदयपुर में शूटिंग करने वाली थीं।

मिनी ट्रक पलटा, दंपती की मौके पर मौत

शिवपुरी। छग के कबीर आश्रम से लौट रहे लोगों का मिनी ट्रक सागर जिले में बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में शिवपुरी जिले के रहने वाले पवन शाक्य और उनकी पत्नी सोना शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में नीमा शाक्य, काशी शाक्य, कल्याण शाक्य और आदर्श शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

डिप्टी जेलर ने कैदी को घूंसों से पीटा, सस्पेंड

महू। इंदौर की महू उपजेल में कैदी से मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद डिप्टी जेलर मनोज चौरसिया को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जेल अधीक्षक इंदौर अलका सोनकर के निर्देश पर की गई है। वीडियो में डिप्टी जेलर एक कैदी को लात-घूंसों से मारते नजर आ रहे हैं। उसे जमीन पर पटककर गले पर पैर रख दिया।

मोदी का प्रभाव : इस बार आने वाली फ्लाइट में जंजीरों से बंधे हुए नहीं होंगे अवैध प्रवासी भारतीय

अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर आज अमृतसर आएंगी दो फ्लाइट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी सरकार ने अमेरिका में अवैध रूप गए भारतीयों को जब पहली फ्लाइट से अमृतसर में उतारा था, तो उस दौरान उन लोगों के साथ किए गए रवैए को लेकर यूएस सरकार पर सवाल खड़े हुए थे, लेकिन अब अमेरिका से दो और फ्लाइट्स अमृतसर में उतरने वाली हैं। अमेरिका ने जब अवैध रूप से उनके यहां रहने वाले भारतीयों को वापस भारत लौटाया था, तो मानवीय व्यवहार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हुए थे और विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा था। वहीं, अब अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर दो और फ्लाइट्स अमृतसर में उतरने वाली है। इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई है।

अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।

इसमें 119 भारतीयों के लौटने की संभावना जताई गई

पूर्व में यूएस एयरफोर्स से भारतीय प्रवासियों को भेजा गया था

अभी यह नहीं स्पष्ट हुआ है कि क्या उन लोगों को भारत लाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी एयरफोर्स का ही विमान आएगा, या फिर इसको लेकर भारत सरकार की तरफ से कोई व्यवस्था की गई है।

- दूसरी उड़ान शनिवार रात 10 से 11 बजे के बीच अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद
- मोदी ने ट्रंप से साफ कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार

5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था यूएस एयरफोर्स का विमान

5 फरवरी को 104 भारतीयों को लेकर एक सी-17 विमान अमृतसर उतरा, जिसमें अधिकतर यात्री हरियाणा, गुजरात और पंजाब के थे। अब निर्वासित लोगों को लेकर एक भारतीय विमान के उतरने की उम्मीद है, जो पहली उड़ान के यात्रियों की तरह जंजीरों में बंधे हुए नहीं होंगे। शुरुआती उड़ान में यात्रियों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर केंद्र सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। पहले निर्वासित लोगों के साथ कथित 'अमानवीय व्यवहार' के कारण संसद में हंगामा मच गया था और विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को अमेरिकी सरकार के समक्ष उठाने का वादा किया था।

दूसरी फ्लाइट में सबसे ज्यादा पंजाब के लोग

अमेरिका से आ रही इस दूसरी फ्लाइट में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो तथा गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू -कश्मीर के एक-एक यात्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा

यह लड़ाई सिर्फ अवैध प्रवासियों के खिलाफ नहीं उनके पीछे काम कर रहे पूरे सिस्टम के खिलाफ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने सत्यापित नागरिकों को वापस लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन साथ ही मानव तस्करी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस दिशा में संयुक्त कार्रवाई करने की अपील की।

पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा कि जो लोग अवैध रूप से किसी दूसरे देश में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारतीय अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा है और सत्यापित नागरिक है, तो भारत उसे वापस लेने के लिए तैयार है।

निजी स्कूलों पर हाई कोर्ट सख्त

अभिभावकों को बड़ी राहत, 50% फीस चुकाकर परीक्षा दे सकेंगे छात्र

10 प्रतिशत से ज्यादा फीस वसूल करने वाले स्कूलों को राशि लौटानी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए अभिभावकों को राहत दी। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने निर्देश दिया कि अभिभावक कुल फीस का 50 प्रतिशत भुगतान 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ करें, जिसके बाद उनके बच्चों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। शेष फीस जमा करने के लिए अभिभावकों को अगले माह तक की छूट दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। मध्य प्रदेश अभिभावक संघ के प्रतिनिधि सचिन गुप्ता ने जबलपुर के विभिन्न निजी स्कूलों की अपील पर हस्तक्षेप याचिका दायर की थी।

मप्र हाई कोर्ट ने अतिथि शिक्षकों को दी राहत

शिक्षक भर्ती परीक्षा में बाद में जमा कर सकेंगे अनुभव प्रमाण पत्र

इस आदेश से प्रदेश के हजारों अभ्यर्थियों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने हजारों अतिथि शिक्षकों को आवेदन के समय अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता से राहत दी है। अब ऐसे अतिथि शिक्षक भी परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे, जिनके तीन शैक्षणिक सत्र में 200 दिन का शिक्षण अनुभव पूरा नहीं हुआ है।

उन्हें दस्तावेज सत्यापन के समय अनुभव प्रमाण पत्र जमा करना होगा। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने इस बार की भर्ती में नया नियम लागू किया था, जिसमें आवेदन के समय ही अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य कर दिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 को खत्म

पीएम मोदी व राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन, 17 फरवरी को बैठक

- कुमार को मई 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को खत्म होने जा रहा है। नए चुनाव आयुक्त के चयन के लिए कानून मंत्रालय ने तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक बुलाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चयन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है।

हिमालय में करेंगे मेडिटेशन

राजीव कुमार ने अपने रिटायरमेंट प्लान के बारे में बताया था। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि 13-14 सालों से काम के चलते उन्हें समय नहीं मिल पाया। अब वह रिटायर होने के बाद चार-पांच महीनों के लिए हिमालय में जाएंगे और वहां एकांत में मेडिटेशन करेंगे।

दिल्ली में सीएम डॉ. मोहन यादव को अलॉट हुआ बंगला

इस बंगले में वर्षों से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी रह रही थीं

इस बंगले को पूरा तैयार होने में करीब तीन से चार माह लगेंगे

भोपाल। सीएम डॉ. मोहन यादव को दिल्ली में 14 अशोक रोड पर एक कोठी अलॉट हो गई है। इस बंगले में वर्षों से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी रह रही थीं। हाल ही में उन्होंने यह घर खाली कर दिया है। बीते दिनों मुख्यमंत्री ने इसका निरीक्षण भी किया है। इस दौरान उनके साथ मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी।

ग्वालियर में खनन माफिया के हौसले बुलंद

ट्रॉली रोकते समय एडीएम की टीम पर हमला धक्का-मुक्की कर गिट्टी से भरी ट्रॉली ले भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

शहर में अवैध खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। गुरुवार शाम करीब 5 बजे एसडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी की टीम ने बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान माफिया ने न केवल एसडीएम के गनमैन के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि अपने साथियों की मदद से गिट्टी से भरी ट्रॉली लेकर फरार हो गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी एसडीएम के गनमैन के साथ अभद्रता करते नजर आ रहे हैं। बाद में आरोपियों ने डबका गांव में जाकर ट्रॉली खाली कर दी। मामले में हस्तिनापुर पुलिस ने भोगीपुरा निवासी कल्ली सिंह गुर्जर, एदल सिंह गुर्जर और डबका निवासी हरी सिंह के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने व खनिज अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। हरी सिंह ने अपनी बोलेरो से ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को भागने में मदद की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान ने कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है।

घटना का वीडियो भी सामने आया, तीन आरोपियों पर केस दर्ज

सीसीपीए की चेतावनी : कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए

कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो

भ्रामक दावे करने वाले आईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान पर 3 लाख रुपए का 'जुर्माना' ठोका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर ये कार्रवाई की गई है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो।

सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी

अब तक 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया

राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स की गलत छवि पेश की, वे सिर्फ संस्थान के टॉपर थे

संस्थान के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के सामने बोल्ड नंबर '1' और '2' के साथ-साथ आईआईटी टॉपर और नीट टॉपर जैसे शीर्षक प्रमुखता से दिखाए गए थे। यह गलत चित्रण यह भ्रामक धारणा बनाने के लिए किया गया था कि इन छात्रों ने संबंधित परीक्षाओं में अखिल भारतीय रैंक प्राप्त किया है।

आईआईटी रैंक के बारे में भ्रामक दावे

संस्थान ने आईआईटीपीके द्वारा पिछले 21 वर्षों में 1384 आईआईटी रैंक का सुझाव देते हुए यह दावा किया कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षित 1384 छात्रों ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश प्राप्त किया है। विज्ञापन में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि सभी 1384 छात्रों का चयन आईआईटी में नहीं हुआ। आईआईटी रैंक वाक्यांश का उपयोग करके, संस्थान ने उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने में गुमराह किया कि इन छात्रों ने विशेष रूप से आईआईटी में प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे इसकी सफलता दर में वृद्धि हुई है।

मप्र को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का हब बनाने समग्र कार्य योजना तैयारः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है।

प्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल से प्रेरित होकर ड्रोन नीति सरकार के ड्रोन डेटा और इमेजरी के लिए एक केन्द्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म होगा। ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी विभिन्न विभागों के मध्य परस्पर डेटा साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देगी। यह नीति जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी।

- शीघ्र बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी और शुरू होगा ड्रोन स्कूल
- ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति पर शुरू हुआ प्रभावी अमल
- रिपॉजिटरी विभागों में परस्पर डेटा साझा करने को बढ़ावा देगी

भविष्य में तेजी से बढ़ेगा ड्रोन का उपयोग

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि डेटा प्रबंधन सुरक्षित रूप से किया जाए और सहयोगी भागीदारों के साथ रिपॉजिटरी की प्रबंधन व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य की एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सभी ड्रोन डेटा को राष्ट्रीय भौगोलिक नीति-2022 या उसके बाद के किसी संशोधन या नीति के अनुसार डेटा सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अंतर्गत संग्रहित किया जाए। संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षित डेटा भंडारण और प्रसारण प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाएगा। भविष्य में ड्रोन का उपयोग तेजी से बढ़ेगा। यह कई प्रकार से अभिनव समाधान प्रस्तुत करता है और मानव श्रम की बचत करता है।

कृषि, आपदा प्रबंधन, निरीक्षण में ड्रोन उपयोगी

ड्रोन से फसल की सेहत की निगरानी, रोगों का पता लगाने और फसल की पैदावार का मूल्यांकन करने में सहायता मिल रही है। ड्रोन उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव सटीकता से कर सकते हैं, जिससे अपशिष्ट और नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा। सिंचाई के तरीकों का बेहतर उपयोग करने में ड्रोन मदद करता है। ड्रोन, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में थर्मल इमेजिंग और हाई-रिजोल्यूशन कैमरों का उपयोग कर प्रभावित लोगों का पता लगा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों की विस्तृत तस्वीरें देख बचाव के प्रयासों में मदद कर रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों में ड्रोन चिकित्सा आपूर्ति और खाद्य सामग्री को दुर्गम इलाकों में पहुंचा रहे हैं। ड्रोन पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे का निरीक्षण कर रहे हैं, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा मूल्यांकन शामिल हैं। ड्रोन से निर्माण की प्रगति के बारे में वास्तविक समय में अपडेट प्राप्त किया जा रहा है। जंगलों की सेहत की निगरानी, अवैध लकड़ी कटाई का पता लगाने और जंगल की आग के प्रभाव का मूल्यांकन भी ड्रोन से किया जा रहा है।

ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ स्कूलों की स्थापना, कोर्स को बढ़ावा देंगे

ड्रोन ईको सिस्टम, कौशल विकास, सेक्टर प्रमोशन और वित्तीय प्रोत्साहन ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ हैं। इनसे तकनीकी संस्थानों में ड्रोन संबंधी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। ड्रोन ईको सिस्टम एआई और नवीनतम प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन मिलेगा। ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए नई ड्रोन नीति के अंतर्गत ड्रोन स्कूल स्थापित करेगा। इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यापक प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थी और पेशेवर दोनों उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। ड्रोन पॉलिसी से आगामी 5 वर्षों में लगभग 370 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित है। लगभग 8,000 (2,200 प्रत्यक्ष एवं 6,600 अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में प्रति करोड़ वित्तीय प्रोत्साहन के आधार पर लगभग 25-30 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

तीन माह से वेतन नहीं मिला, लिया संज्ञान

भोपाल। राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मचारियों ने बीते मंगलवार को विरोध प्रदर्शन भी किया है। इसके अलावा अक्टूबर 2024 से कई कर्मचारियों के खाते में पीएफ का पैसा भी जमा नहीं किया गया है। महंगाई के इस दौर में उनका जीवन यापन कठिन हो गया है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने सीएमएचओ मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

ढोल बजाओ, सरकार जगाओ आंदोलन 25 को

भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेगा। यह निर्णय कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की गुरुवार को हुई बैठक में लिया गया है। मंच के प्राताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार लंबे समय से तृतीय, चतुर्थ श्रेणी, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों की मांगों की उपेक्षा कर रही है। बार-बार धरना प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने के बावजूद भी मांगों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। इसलिए कर्मचारी मंच के नेतृत्व में 25 फरवरी को मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेंगे। जिससे सरकार कर्मचारियों को राहत दें।

प्रदेश के 48 शिवरात्रि मेलों का होगा शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने किया विक्रमोत्सव कैलेंडर का विमोचन

महाशिवरात्रि से आरंभ होगा विक्रमोत्सव वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक होगा आयोजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा।

इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियां, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियां संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केंद्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियां भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया।

- विक्रमोत्सव सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष पर केंद्रित रहेगा।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई आयोजन समिति की बैठक

विक्रमोत्सव में होने वाले विविध कार्यक्रम

विक्रमोत्सव का भव्य शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन पर्व से होगा। प्रदेश भर में महाशिवरात्रि मेलों का शुभारंभ होगा। उज्जैन में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में विंटेज कार, स्पोर्टस बाइक और जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्राचीन भारतीय काल गणना पर आधारित 'वैदिक घड़ी एप' का लोकार्पण होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ताल वादक आनंदम शिवमणि एवं लोक गायक हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला के अंतर्गत वस्त्रोद्योग, हथकरघा, उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। आदि शिल्प के तहत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। 27 फरवरी से भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक, श्रीकृष्ण की 64 कलाएं (मालवा की चितरावन शैली में), श्रीकृष्ण होली पर्व, चौरासी महादेव, जनजातीय प्रतिरूप, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, प्राचीन भारतीय वाद्य यंत्र, देवी 108 स्वरूप और देवी अहिल्या पर निर्मित स्थापत्य पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। एक से 3 मार्च तक वैचारिक समागम के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य का न्याय विषय पर मंथन होगा। आठ मार्च को लोक रंजन में बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। दस से 12 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम होगा। पन्द्रह से 16 मार्च तक संहिता ज्योतिष एवं वैशिष्ट्य एवं आचार्य वराह मिहिर पर संगोष्ठी, 21 मार्च से महादेव शिल्पकला कार्यशाला तथा प्रतिदिन मांडना शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 21 से 25 मार्च तक पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव, होगा। 21 से 29 मार्च तक विक्रम नाट्य समारोह, 22 मार्च को अभा कवि सम्मेलन, 26-28 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन और विज्ञान उत्सव होगा। नव सम्वत्सर 30 मार्च को उज्जैनी गौरव दिवस के साथ ही प्रकाशनों का लोकार्पण होगा। वर्ष प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण समारोह होगा, कलाकारों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

समय से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है, अतः सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित न हों। डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में उज्जैन के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्राट विक्रमादित्य, भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। उन्होंने प्रदेश की भीली, गोंडी जैसी जनजातीय बोलियां के कवियों को भी कवि सम्मेलन में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित गीत, कविता और रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। विक्रमोत्सव में होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में ड्रोन और रोबोटिक-शो जैसे आयोजन हों। उन्होंने महाकौशल, बुंदेलखंड, बघेलखंड क्षेत्र में भी विज्ञान सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए।

अजा विद्यार्थियों के छात्रावासों में कराएं बेहतर प्रबंधः सीएम

डॉ. आंबेडकर विश्वविद्यालय में शुरू होगा विधि संकाय

सीएम ने की अजा कल्याण योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रावास में किसी भी तरह की असुविधा न होने पाएं। सभी छात्रावासों में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बच्चों को पढ़ने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाए। छात्रावास में प्रवेश लेने के बाद विद्यार्थी केवल अपनी पढ़ाई पर ही अधिकाधिक ध्यान केंद्रित करें, ऐसा समय प्रबंधन किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की वर्तमान प्रगति और आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तैयार योजना प्रस्तावों एवं आवंटन की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अजा वर्ग के लिए सभी कल्याण योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, जिससे समाज के वंचित वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके।

विधि संकाय के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 24 जनवरी को महेश्वर में हुई कैबिनेट में महू स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरू करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए सभी तैयारियां समय रहते कर ली जाएं। प्रमुख सचिव ने बताया कि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि, महू (इंदौर) को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 करोड़ 40 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण डॉ. इं. रमेश कुमार मौजूद थे।

शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान

प्रमुख सचिव अजा कल्याण डॉ. कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए छात्रावासों का संचालन, छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन, शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएं, अनुदान कार्यक्रम और स्वरोजगार योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन भी विभाग की विशेष प्राथमिकता में है।

वन भूमि को आबादी घोषित करने मांगी घूस

खरसिया रेंजर को 15 हजार रु. की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ में खरसिया रेंजर को एसीबी ने 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। रेंडर ने वन भूमि को आबादी घोषित करने सरपंच से पैसों की डिमांड की थी। मामला खरसिया रेंज का है।

जानकारी के मुताबिक, खरसिया रेंज में पदस्थ रेंजर टीपी वस्त्रकार ने ग्राम पंचायत खड़गांव के सरपंच बजरंग सिदार से वन भूमि को आबादी घोषित करने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग की थी। रेंजर टीपी वस्त्रकार को सरपंच रिश्वत नहीं देना चाहता था।

बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो ने की कार्रवाई

सरपंच ने पूरे मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में कर दी थी। जिसके बाद छापेमार कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि ताम्रध्वज वस्त्रकार का कुछ दिनों पहले धरमजयगढ़ वनमंडल से रायगढ़ वनमंडल के खरसिया रेंज में तबादला हुआ था।

रुपए को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर कंबोडिया भेजते थे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव में एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा हुआ है। 90,000 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रोहित वीरवानी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी रोहित वीरवानी कंबोडिया स्थित ठगी सेंटर के लिए काम करता था। उसका काम भारत में बैंक खाते जुटाना और ठगी से मिले पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर कंबोडिया भेजना था।

आरोपी भारतीय और चीनी साथियों के साथ मिलकर काम करता था। वह ठगी के पैसों को एटीएम से निकालकर क्रिप्टोकरेंसी खरीदता और डिजिटल वॉलेट के जरिए कंबोडिया भेज देता था। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जांच के दौरान पाया कि यह अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हिस्सा है। इस मामले में पहले ही श्रेणिक कुमार सांघवी (24), शुभम तिवारी (26) और दीपक नरेडी (27) को गिरफ्तार किया जा चुका है। रोहित महेश कुमार वीरवानी को मुंबई के अंधेरी-जोगेश्वरी वेस्ट से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है।

31 में से 28 की हुई शिनाख्त, 8 लाख का इनामी हूंगा कर्मा भी ढेर

बीजापुर में मारे गए 1 करोड़ 18 लाख के इनामी नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर में मारे गए 31 नक्सलियों में से 28 की पहचान हो गई है। इन पर कुल 1 करोड़ 18 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इन 28 नक्सलियों में से एक पर 8 लाख रुपए तो वहीं 16 नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। जबकि 11 नक्सली 2 लाख रुपए के इनामी थे। अन्य 3 नक्सलियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, इस मुठभेड़ में नक्सलियों के वेस्ट बस्तर डिविजन कमेटी का नक्सली हूंगा कर्मा उर्फ सोनकू भी मारा गया है।

ये डीवीसीएम कैडर का था। इस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। साल 2006 में मुर्किनार कैंप अटैक, साल 2007 में रानीबोदली कैंप अटैक, साल 2013 में नुकनपाल एंबुश और साल 2025 में अंबेली में आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल था। ये नक्सलियों के टॉप लीडर्स में से एक था। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि हूंगा साल 1996 से नक्सल संगठन से जुड़कर काम कर रहा था। बीजापुर जिले में हत्या, लूट, अपहरण, पुलिस पर हमला करने जैसे कई मामलों 8 अपराध दर्ज हैं। आईजी का कहना है कि 31 नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ है, ये पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। दरअसल, मद्देड़ और फरसेगढ़ के बॉर्डर इलाके में जिस जगह पर मुठभेड़ हुई है वो इलाका नक्सलियों का कोर जोन है। ऐसे में जब पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां बड़े लीडर्स का जमावड़ा है तो यहां पहुंचने के लिए 2-3 दिन से पुलिस की प्लानिंग चल रही थी। जिसके तहत डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स के कमांडोज को ऑपरेशन पर निकाला गया था। यह ऑपरेशन 24 घंटे से भी कम का था, लेकिन सटीक जानकारी और नक्सलियों को घेरने की तगड़ी प्लानिंग के तहत ऑपरेशन लॉन्च किया गया और 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। यह अब तक का बीजापुर जिले का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।

नवाचार और विकास की संभावनाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में बनाई पहचान

खाद्य प्रसंस्करण, कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए प्रमुख केंद्र बनकर उभरा मप्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए वित्तीय सहायता और बिजली शुल्क में छूट

मध्यप्रदेश की उपजाऊ भूमि केवल भरपूर फसल ही नहीं, बल्कि नवाचार, सतत विकास और वैश्विक निवेश के नए द्वार भी खोल रही है। सरकार के इस रूपांतरणकारी प्रयास में दुनिया भर के निवेशकों को शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

प्रदेश ने अपनी समृद्ध कृषि परंपरा और उन्नत कृषि तकनीकों के बल पर खुद को देश की फूड बास्केट के रूप में स्थापित किया है। राज्य को अब तक सात कृषि कर्मण पुरस्कार मिल चुके हैं, जो इसकी कृषि क्षेत्र में मजबूती को दर्शाते हैं। मध्यप्रदेश खाद्य प्र-संस्करण और कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

मध्यप्रदेश में 'श्वेत क्रांति' का विस्तार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

मध्यप्रदेश में 'श्वेत क्रांति' तेजी से अपने पैर पसार रही है। राज्य में 2012 से 2023 के बीच दूध उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। इस विस्तार को डेयरी इन्वेस्टमेंट एक्सेलेरेटर जैसी योजनाओं से मजबूती मिली है, जो निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर डेयरी उद्योग के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। मध्यप्रदेश दूध उत्पादन और उपलब्धता में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता (591 ग्राम प्रति दिन) में मध्यप्रदेश छठवें स्थान पर है। राष्ट्रीय सीएजीआर 6.18% की तुलना में मध्यप्रदेश की वृद्धि दर 8.60% है। देश के कुल दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान वर्ष 2023 में 8.73% था।

खाद्य और डेयरी प्रोसेसिंग में एमएसएमईएस को बढ़ावा

राज्य सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को खाद्य और डेयरी प्रोसेसिंग में आगे बढ़ाने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है, जिनमें औद्योगिक विकास सब्सिडी, पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए वित्तीय सहायता और बिजली शुल्क में छूट शामिल है।

पीएमएफएमई योजना से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिल रहा लाभ

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे इस क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा मिल रहा है।

बड़े निवेशकों के लिए आकर्षक सुविधाएं

राज्य सरकार 50 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। इसमें निर्यात इकाइयों को लाभ, हरित औद्योगिकीकरण (ग्रीन इंडस्ट्रिलाइजेशन) को बढ़ावा और कोल्ड चेन और वेयरहाउस जैसे खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार के इन प्रयासों से राज्य का खाद्य और डेयरी उद्योग नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 सीड टू शेल्फ सत्र पर फोकस

25 फरवरी को 'इंवेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के तहत सीड टू शेल्फ थीम पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र का उद्देश्य कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और बागवानी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना होगा। इस सत्र में अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और निवेशक एक मंच पर आएंगे, जिससे नई साझेदारियों और व्यापारिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। यह पहल मध्यप्रदेश को कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

खाद्य प्रसंस्करण में निवेश का हब बना मध्यप्रदेश

राज्य सरकार की निवेश नीति को उद्योग जगत के सकारात्मक रुझान से बल मिल रहा है। पेप्सी-को, कोका कोला और अमूल जैसी शीर्ष वैश्विक कंपनियां पहले ही राज्य में निवेश कर चुकी हैं, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए और भी आकर्षक बन गया है।

महिला और होटल मालिक गिरफ्तार

दो नाबालिग को कमाई का लालच दिया फिर होटल में कराया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

जशपुर में पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को होटल में काम करवाने के मामले में महिला और होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बच्चियों को बरामद किया। थाना नारायणपुर में 8 फरवरी को एक व्यक्ति ने अपनी 13 साल की बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

जांच में पता चला कि पड़ोस की 15 वर्षीय एक अन्य लड़की भी गायब थी। पुलिस ने साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से रायगढ़ जिले के एक होटल से दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद किया।

आरोपी महिला चंपा बाई (30) को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने बच्चियों को अच्छी कमाई का लालच देकर घर से भगाया था।

एक होटल में काम करती थी नाबालिग

पूछताछ में पता चला कि चंपा बाई ने बच्चियों को रायगढ़ के गेरवानी स्थित होटल में काम पर लगा दिया था। होटल संचालक रणधीर गुप्ता (45) को भी हिरासत में लिया गया है, जो इन नाबालिग बच्चियों से काम करवा रहा था। एसएसपी शशि मोहन सिंह के मुताबिक, ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई इस कार्रवाई में पुलिस आरोपी महिला की अन्य संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

जमानत अवधि में प्रत्येक पेशी पर ट्रायल कोर्ट के समक्ष होना होगा हाजिर

हाई कोर्ट ने पुत्र व ससुर के बयान अभियोजन विरोधी पाकर दी राहत

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोपित पति को पुत्र व ससुर के बयान अभियोजन विरोधी पाकर जमानत का लाभ दे दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि आवेदक को जमानत अवधि के दौरान ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रत्येक पेशी में हाजिर होना होगा। इस शर्त के अलावा 50 हजार के पर्सनल बांड व इतनी ही राशि की साल्वेंट जमानत पर रिहाई का आदेश पारित किया जाता है।

आवेदक गोटेंगाव, नरसिंहपुर निवासी अमरनाथ मेहरा की ओर से अधिवक्ता ओमप्रकाश राठौर ने पक्ष रखा। जबकि शासकीय अधिवक्ता आत्माराम बेन ने जमानत अर्जी का विरोध किया। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि गोटेगांव पुलिस द्वारा आत्महत्या दुष्प्रेरण का प्रकरण कायम किए जाने के बाद से 30 सितंबर, 2024 से वह हिरासत में है। उसकी पत्नी बबली मेहरा ने जहरीला पदर्थ खाकर

आत्महत्या कर ली थी। इसकी कोई वजह रही होगी। लेकिन पुलिस ने दूसरे पक्ष के दबाव में आवेदक पति के विरुद्ध शारीरिक मानसिक प्रताड़ना दिए जाने का अपराध कायम कर लिया। अभियोजन की कहानी झूठी है, इसकी तस्दीक मृतिका बबली मेहरा व आवेदक अमरनाथ मेहरा के पुत्र अनुराग मेहरा व ससुर मंगल सिंह के बयानों से भी हो चुकी है, जो अभियोजन का समर्थन नहीं करते। आवेदक के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। ट्रायल में लंबा वक्ता लगेगा। लिहाजा, जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

हाई कोर्ट का राहतकारी अंतरिम आदेश

पीएस व कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस

कोटवार को सेवाभूमि से बेदखल करने पर रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता सेवाभूमि स्वामी कोटवार को उसके कब्जे से बेदखल करने पर अंतरिम रोक लगा दी। मामले में यथास्थिति बनाए रखने के अंतरिम निर्देश के साथ ही प्रमुख सचिव राजस्व, कलेक्टर सागर, एसडीओ व तहसीलदार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

याचिकाकर्ता सागर निवासी भगोनी चढ़ार की ओर से दलील दी गई कि तहसीलदार के आदेश पर याचिकाकर्ता को कोटवारी सेवा भूमि पर अधिकार मिला था, तब से जमीन उसके कब्जे में है। वर्ष 2022 में राज्य शासन ने एक परिपत्र जारी कर सेवा भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने के आदेश जारी किए। याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिए बिना ही उसकी जमीन शासकीय मद में दर्ज कर दी गई, इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट तर्क सुनने के बाद अंतरिम राहत दे दी।

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सुनवाई पर रोक

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओक व जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश के जरिए अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सुनवाई पर रोक लगा दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 69 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इनमें से मप्र शासन की ओर से 17 याचिकाएं वापस ले ली गईं।

▶ सुप्रीम कोर्ट का आदेश : शुक्रवार को 69 याचिकाओं की हुई सुनवाई, मप्र शासन ने 17 वापस लीं

सुप्रीम कोर्ट ने शेष याचिकाओं पर सुनवाई एक मार्च को नियत की है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया कि उक्त प्रकरणों में से कोई एक मामला पेश करें जिसमें पूरे विवाद का अंतिम निराकरण किया जा सके। कोर्ट ने कहा कि जिस मामले में सरकार विवादित मुद्दे का हल चाहती है, उसकी सूची पेश करे।

वैलेंटाइन डे मनाने वालों का हिन्दू धर्म सेना ने किया विरोध

हरिभूमि जबलपुर।

पुलवामा हमले में हमारे 40 वीर जवान शहीद हुए थे। यह दिन मातम और शोक का है, लेकिन दुर्भाग्यवश, जबलपुर के कुछ युवा पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए वैलेंटाइन डे मना रहे हैं, जो शहीदों के बलिदान का अपमान है। इसी के विरोध में हिन्दू धर्म सेना, जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने मदन महल, जीरो डिग्री और अन्य क्षेत्रों में वैलेंटाइन डे मना रहे जोड़ों को पकड़कर उठक-बैठक करवाई और उन्हें भारतीय संस्कृति और कर्तव्य का सम्मान करने की सीख दी। हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि जबलपुर में भारतीय संस्कृति के खिलाफ कोई भी गतिविधि सहन नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का विरोध जारी रहेगा।

हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर ने कहा, ₹आज का दिन हमारे शहीदों के सम्मान का है, न कि पश्चिमी संस्कृति के उत्सव का। हमारे जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, और ऐसे में वैलेंटाइन डे मनाना उनके बलिदान का अपमान है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि भारतीय संस्कृति का सम्मान करें और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें।₹

इस दौरान हिन्दू धर्म सेना मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर, नीरज राजपूत, अधि. ईश्वर सिंह, राजेंद्र श्रीवास,सौरभ रैकवार, कपिल रैकवार, अनिरुद्ध सराफ, कवि राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनपीएस गुमशुदा कटौत्रा का सत्यापन शिविर 17 से 28 फरवरी तक

जबलपुर। जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा ने कहा कि कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देशन में एनपीएस गुमशुदा कटौत्रे का संबंधित शासकीय सेवक के प्रान नंबर में जमा कराये जाने के लिये कार्यवाही मिशन मोड पर जिला कोषालय में संचालित की जा रही है। इसके लिये 17 से 28 फरवरी तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में जिले के ऐसे शासकीय सेवक जो किसी शासकीय कार्यालय, नगर निगम, मण्डल, प्राधिकरण आदि में कार्यरत हैं जिनके द्वारा वर्ष 2018 से 2021 के मध्य में चालान के माध्यम से एनपीएस की राशि जमा की गई हो, किन्तु उक्त राशि संबंधित के प्रान नंबर पर आज दिनांक तक प्राप्त न हुई है तो ऐसे सेवक उनके पास उपलब्ध चालान की प्रति के साथ जिला कोषालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर एनपीएस गुमशुदा कटौत्रा का सत्यापन करा सकते हैं।

हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग को दिए निर्देश

अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव प्रमाण पत्र के बिना भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल करें

जबलपुर ।मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने अतिथि शिक्षकों के हक में राहतकारी अंतरिम आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि जो अतिथि शिक्षक तीन सेमेस्टर का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत न कर सकें, उन्हें भी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल करें। इसी के साथ राज्य शासन, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग व मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया गया है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अतिथि शिक्षकों का चयन विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगा।

याचिकाकर्ता प्रियंका सैनी, सुनीता कटारे सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता ईशान सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की भर्ती में अतिथि शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग ने फार्म भरने की अंतिम तिथि 11 फरवरी निर्धारित की थी। जिसे बढ़ाकर 20 फरवरी कर दिया गया है। याचिका में फार्म भरने के दौरान अतिथि शिक्षकों के लिए 200 दिन या तीन सेमेस्टर का कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र आवश्यक कर दिया गया है। नियमानुसार चयनित होने पर अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होता है। चयन प्रक्रिया में फार्म भरने के लिए अनुभव प्रमाण-पत्र मांगा जाना नियम विरुद्ध है। याचिकाकर्ता अतिथि शिक्षकों का निर्धारित अनुभव शीघ्र पूरा कर लेगें। ऐसी स्थिति में उनका चयन के लिए फार्म स्वीकार नहीं किया जाना पक्षपातपूर्ण है।

जिले में अभी तक 65 हजार 820 किसानों ने कराई फार्मर रजिस्ट्री

जबलपुर। जिले में फार्मर रजिस्ट्री कराने के कार्य में गति आई है। पिछले करीब दस दिनों में ही जिले के 18 हजार और किसान फार्मर रजिस्ट्री करा चुके हैं। समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन के लिये पंजीयन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री की आवश्यकता को देखते हुये अब किसान खुद इस कार्य मे रुचि ले रहे हैं।

कलेक्टर कार्यालय की भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 65 हजार 820 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा हो चुका है। दस दिन पहले फार्मर रजिस्ट्री करा चुके किसानों की संख्या 47 हजार 341थी। जिले में 1 लाख 65 हजार 270 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य रखा गया है। फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिये राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रारंभ की है। इसके तहत प्रत्येक किसान को एक यूनिक आईडी (फार्मर आईडी) प्रदान की जायेगी। इससे किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, किसानों का डेटा बेस तैयार होगा और कृषि सबंधी नीतियों के क्रियान्वन में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री या फार्मर आईडी से किसानों को पीएम किसान एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी। किसान घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। इसके लिये उन्हें प्ले स्टोर पर जाकर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड करना होगा तथा आधार वेरीफिकेशन और मोबाइल नम्बर वेरिफिकेशन के बाद किसान को स्वयं की, कृषि भूमि की और समग्र आईडी की जानकारी इसमें दर्ज करनी होगी। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी अथवा उनके गांव में नियुक्त सर्वेयर सहायक से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। एमपी ऑनलाइन कियॉस्क या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे।

जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र कराने का आग्रह किया है, ताकि भविष्य में उन्हें उपार्जन अथवा उनके हित में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

दो आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल, मोबाईल मोटरसायकल जप्त

समझौता न करने पर लिखाई गोली चलाने की झूठी रिपोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

माढोताल थाना क्षेत्र में गत 29 नवम्बर 2024 एक कथित गोली काण्ड की रिपोर्ट झूठी निकली, पुलिस के मुताबिक हत्या के प्रयास के प्रकरण में समझौता न करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ षड़यंत्र रचकर गोली मारने की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल दो मोबाईल और एक मोटर साइकल जप्त कर ली।

इस पूरे मामले में खुलासा करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलांदगी ने बताया कि आरोप विशाल पाण्डे निवासी अधारताल और सिध्दबाबा निवासी अशोक बंशकार को गिरफ्तार किया गया।

दरअसल अशोक बंशकार ने 28 नवम्बर को माढोताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की उसपर गोली से हमला किया गया था. उसपर नीरज तिवारी और मोहित तिवारी ने गोली चलाई,

पुलिस ने जब जांच की तो संदेही दरोगा उर्फ विशाल पाण्डे को पनागर पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ पकड़े जाने के दौरान पूछताछ की तो पता चला की पूर्व में मोहित राजपूत द्वारा की गई रिपोर्ट पर की गई भाई चूहा उर्फ विवेक जेल में है. समझौता न करने पर उसने अपने चाचा राजा पाण्डे, मित्र राजा वंशकार एवं अमन ठाकुर के साथ मिलकर मोहित राजपूत और नीरज तिवारी को हत्या के प्रयास में समझौता नहीं करने पर झूठी रिपोर्ट कराई. पुलिस ने विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा और अशोक वंशकार को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी की तलाश जारी है।

फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्र स्वीकृत करने विधायक रोहाणी ने किया आग्रह

जबलपुर। में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने भेंट की और भटौली में प्रस्तावित फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने तथा मोहनिया में प्रस्तावित औद्योगिक केन्द्र की स्थापना के लिए जमीन आवंटन शीघ्र कराने के लिए आग्रह किया। श्री रोहाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर रौंझी थाना अंतर्गत मॉनेगॉव में पुलिस चौकी का निर्माण, अधारताल थाना के अंतर्गत निर्मलचंद वार्ड के सिद्धेश्वर चौक में पुलिस चौकी का निर्माण एवं रानी अवंती बाई वार्ड के तिलहरी में पुलिस चौकी के निर्माण कराने के लिए भी आग्रह किया। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज आदि उपस्थित रहे।

खांड़ समिति की जांच करने पहुंची टीम

63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी मामला

किसानों ने कहा: वेयर हाउस संचालक ने की है खरीदी

हरिभूमि जबलपुर।

मझौली के 63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी मामले में कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने सेवा सहकारी समिति खांड़ खरीदी केन्द्र मॉ रेवा वेयर हाउस पहुंचकर जांच की। इस दौरान वहां पर पहुंचे किसानों ने जांच टीम से कहा कि वेयर हाउस संचालक ने हमारी धान खरीदी है तथा हमसे 4-5 किलो धान प्रति क्विंटल का कमीशन लिया है।

हरिभूमि फॉलोअप

ये है मामला

मझौली के मॉ रेवा वेयर हाउस में सेवा सहकारी समिति खांड़ का धान खरीदी केन्द्र बनाया गया था। वेयरहाउस 3 जनवरी को फुल हो गया था, इसके बाद शुरू हुआ यहां पर धान का फर्जीवाड़ा। मॉ रेवा वेयर हाउस फुल होने के बाद मैंपिग में पिताश्री वेयर हाउस आया और खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक तथा वेयर हाउस संचालक ने मिलकर 63 सौ क्विंटल फर्जी तरीके से धान चढ़ा दी। जिसकी जांच कलेक्टर द्वारा के आदेश पर की जा रही है। इस पूरे विषय में सबसे अहम पहलू यह है कि जिन किसानों ने अपनी धान बेची ही नहीं है, उनके खाते में भुगतान हो गया जबकि वास्तव में जिन किसानों द्वारा धान बेची गई है वह आज भी चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं।

इस प्रकार हुआ फर्जीवाड़ा

खरीदी प्रभारी दिनेश रावत ने जांच समिति के सामने 63 सौ क्विंटल फर्जी धान कैसे खरीदी गई उसकी बानगी बताई है। जिसमें वेयरहाउस संचालक नीतेश पटेल ने स्व सहायता समूह धरा महिला आजीविका ग्राम संगठन जिला जबलपुर के नाम से कट्टे कटे हैं, यही नहीं FPO चलाने वाले सचिन दुबे के नाम से भी कट्टे काट दिये हैं। दिनेश रावत द्वारा स्व सहायता समूह के नाम से कटे 11 कट्टे सबूत के तौर पर भी प्रस्तुत किए गए हैं।

94 किसानों का भुगतान बाकी

सेवा सहकारी समिति खांड़ द्वारा मॉ रेवा वेयर हाउस में की गई खरीदी के बाद 63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी का मामला सामने आया यहां पर अभी तक लगभग 94 किसानों का भुगतान बाकी है। किसानों की परेशानी यह है कि वह प्रशासन के सामने गुहार लगाता नजर आ रहा है। लगभग डेढ़ करोड़ रूपये उनका फंसा हुआ नजर आ रहा है।

इन्होंने की जांच

कलेक्टर के निर्देश पर खांड़ समिति की जांच करने संयुक्त कलेक्टर, सहकारिता रजिस्ट्रार पुष्पेंद्र कुशवाहा, खाद्य अधिकारी संजय खरे, मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन प्रबंधक सखाराम निमोदा, केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक सीईओ चंद्रशेखर पटले, सिद्धार्थ राय, कैलाश चौहान सहित अन्य शामिल रहे।

सीएम हेल्पलाईन में सभी विभाग अपने-अपने ग्रेडिंग को सुधारें : सीईओ

जबलपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में आज सीएम हेल्पलाईन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सीएम हेल्पलाईन के निराकरण से ही जिले की रैंकिंग बनती है अतः इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की निराकरण के लिये लोगों से बात करें, मांग आधारित शिकायत जो 50 दिन के ऊपर हैं उन्हें बंद किया जाये। नॉन अटेंडेंट और निम्न गुणवत्ता के साथ बंद किये गये शिकायतों पर संबंधित विभाग के अधिकारी के एक दिन का वेतन काटा जाये। साथ ही कहा कि ऊर्जा, नगरीय विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षक विभागों की बैठकें अलग से कर शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें क्योंकि इन विभागों में अपेक्षाकृत अधिक शिकायतें है। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से ग्रेडिंग की समीक्षा की और कहा कि सभी विभाग अपने-अपने ग्रेडिंग को सुधारें।

कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न

जबलपुर। कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री मनोहर सिंह की अध्यक्षता में आज कृषि अभियांत्रिकी विभाग के कौशल विकास केन्द्र अधारताल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपसंचालक डॉ. एस. के निगम द्वारा विभागीय योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी साझा की। सहायक कृषि यंत्री श्री एन.एल. मेहरा द्वारा कृषि अभियांत्रिकी कौशल विकास केन्द्र में वर्तमान में संचालित कोर्स ट्रेक्टर मेकेनिक ऑपरेटर, हार्वेस्टर मेकेनिक ऑपरेटर, ड्रोन टेक्नीशियन प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विभागीय योजनाओं में निजी कस्टम हायरिंग योजना, ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। नरवाई प्रबंधन के लिये सुपरसीडर व हैप्पीसीडर पर चर्चा की गई तथा समिति के सदस्य श्री राजेश ठाकुर द्वारा व्हील टाईप हार्वेस्टर एवं किट पर अनुदान के लिये प्रस्ताव दिया गया।

खबर संक्षेप

विधायक इंदु तिवारी ने किया रविदास सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

जबलपुर। संत शिरोमणि संत रविदास जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पनागर विधानसभा के विधायक सुशील तिवारी इंदु ने महर्षि वाल्मीकि वार्ड स्थित रविदास आश्रम इंदिरा नगर बिलपुरा मढ़ई रिछाई में रविदास समाज के द्वारा वर्षों से की जा रही सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को पूरा करते हुए आश्रम की जमीन पर भूमि पूजन किया एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य राजेश चौधरी तथा पार्षद मथुरा चौधरी, पूर्व सरपंच कमलेश पटेल व रविदास आश्रम के उपस्थित पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के राजाराम देशवाड़ी, प्रद्युम्न चौधरी सहित कार्यकर्ता एवं आश्रम के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

किसान मेला व प्रदर्शनी 18 को

जबलपुर। भा.कृ.अनु.प. खरपतवार अनुसंधान निदेशालय द्वारा किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 18 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है, जिसमें पूर्व की भांति हजारों की संख्या में किसान, छात्र, ग्रामीणजन, स्वयंसेवी समूह एवं सामान्य जनमानस द्वारा भाग लिया जाएगा।

तकरार के बीच प्यार का इजहार

वैलेन्टाईन डे पर तनातनी के बीच गार्डन में तालाबंदी

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिमी देशों से आयातित प्यार प्रेम के इजहार का पर्व वैलेन्टाईन डे मनाने वालों और भारतीय सभ्यता के संरक्षकों के बीच आज का दिन तनातनी वाला रहा। पर प्यार करने वालों ने भी यही संदेश दिया कि लाख बिठा दो पहरे, प्यार करने वाले कहां रूकते हैं। शिवसैनिक, बजरंगी और विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू धर्म सेना, हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता जुलूस लेकर शहर में घूमते रहे। वैलेन्टाईन डे मनाने वाले शहर के रेस्टोरेंट और उद्यानों को छोड़कर शहर से दूर भेड़ाघाट, न्यू भेड़ाघाट व तिलवारा पार बने रिसोर्ट, रेस्तराओं, डुमना नेचर पार्क में प्यार का इजहार कर लौट आए और किसी को भनक तक नहीं लगी। शहर में हालांकि कुछ सालों के मुकाबलें वैलेन्टाईन डे पर होने वाला विरोध कुछ कम होता दिखाई दे रहा है। हिन्दू संगठनों ने भंवरताल और टेगौर गार्डन में तालाबंदी कर विरोध की रस्म अदायगी की और शिवसैनिक ने टैगोर गार्डन पर प्रदर्शन कर विरोध जताया, हालांकि कही से भी अप्रिय समाचार नहीं मिले। शहर से दूर प्रेम, प्यार का इजहार होता रहा। नगर की फूल मण्डियों में वैलेन्टाईन डे की पूर्व संध्या से ही प्यार के प्रतीक गुलाब पुष्पों की जोरदार खरीददारी हुई, अब ग्रीटिंग का जमाना नहीं रहा। हाईटेक हो चली व्यवस्था में वैलेन्टाईन डे के प्यार भरे संदेशों का आदान-प्रदान इंटरनेट और एसएमएस, वाट्सअप के जरिए किया गया।

पुलिस ने अभी अपना पूरा ध्यान शहर के उद्यानों व रेस्टोरेंटों पर केन्द्रित कर रखा था। मालवीय चौक, ब्लूम चौक और सदर चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहा। इसी तरह महिला हॉस्टल्स पर भी पुलिस ने अपनी नजर रखी।

न्यू भेड़ाघाट और तिलवारा पार रही धूम

पुलिस की सख्ती और गार्डन बंद रहने से शहरी क्षेत्र शांत रहे। वहीं विरोध से बचने के लिये हॉस्टलों में रहने वाले युवक युवती और घर से किसी बहाने से निकले, वे विवादों से बचने शहर से दूर न्यू भेड़ाघाट और तिलवारा पार बने रेस्टोरेंटों में अपना डेरा जमाये रहे।

टैगोर गार्डन में तालाबंदी की

हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा टैगोर गार्डन में प्रेमी युगलों को समझाईश देकर उद्यान में तालाबंदी की गई। हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा पश्चिमी पद्धति का विरोध किया गया और अवैध प्रेमी जोड़ी उद्यान में अश्लीलता न करें इसलिए उद्यान में तालाबंदी की गई। परिषद ने आज ही के दिन पुलवामा हमले में शहीद हुए वीरों को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

एस्कड योजना अंतर्गत लगाया गया पशु चिकित्सा शिविर

मझौली। विकासखंड मझौली के ग्राम पोला में विकासखंड स्तरीय एस्कड योजना के तहत पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर दिनांक 13 फरवरी को आयोजित हुआ। शिविर के दौरान 54 पशु उपचार,172 पशुओं को दवा वितरण,3 कृत्रिम गर्भाधान,7 गर्भ परीक्षण किए गए। पशु पालकों की संगोष्ठी आयोजित कर उत्तम पशु पालन की जानकारी दी गई। शिविर में 65 पशुपालक गणमान्य नागरिक गुलाब पटेल , हरीशचंद्र यादव, उपसरपंच अंगद पटेल , अटल पटेल उपस्थित रहे। उपसंचालक पशुमाता महामारी जबलपुर जिला से डॉ अविनाश श्रीवास्तव,ब्लॉक मझौली से डॉ संजय अग्रवाल, डॉ मोहिता राय, डॉ दीपक शिव, डॉ मधु प्रजापति, शैलेन्द्र साहू,आकांक्षा जैन,पार्श्वी श्रीवास्तव, आकांक्षा खरे,जगदीश मरावी,यशवंत हरदहा,अमित बोस, सरमन दहायत ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

ग्राम बैजला में दी गई जैविक खेती की जानकारी

पाटन। पाटन तहसील के ग्राम बेला में शिव शक्ति बायोटेक के द्वारा जैविक खेती की जानकारी दी गई।इस दौरान ग्राम बैजला के किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिव शक्ति बायो टेक के एग्रीकल्चर ऑफिसर विनोद द्विवेदी ने किसानों को जैविक खेती के महत्व को समझाया और कहा कि वर्तमान में जो रासायनिक खेती हो रही है वह जमीन को भी बंजर बना रही है ऐसे में जैविक खेती एक अच्छा विकल्प है जैसे अपना कर किसान अच्छा खासा मुनाफा भी कमा सकते हैं शिव शक्ति बायोटेक के कर्मचारियों ने किसानों को जैविक खेती का महत्व समझाया और किसानों से अपील की कि वह जैविक खेती करें। साथ ही किसानो के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस दौरान ग्राम बैजला के धर्मेंद्र सिंह,ठाकुर बाबू सिंह,देवेंद्र सिंह,राहुल सिंह,बलबीर सिंह सहित ग्रामीण,किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

हितकारिणी साइंस आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

जबलपुर। हितकारिणी साइंस आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 152 छात्र/ छात्राओं एवं आसपास के रहवासियों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में सभी को दांतों के रख रखाव से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक शामिल हुए, कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. नीलेश पान्डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. ममता पाठक, डॉ. पुष्पा शुक्ला, डॉ. चित्रा मिश्रा, अंजना मिश्रा, सरिता शर्मा, अंकिता चंसौरिया, संदीप सिंह परिहार, पवन वैद्य उपस्थित रहे। साथ ही एन.एस.एस. प्रभारी नंदिता वर्मा और एन.एस.एस. प्रभारी शुभम मौर्य ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे।

मढ़ाताल दवा बाज़ार के पास हो मेडिकल रिप्रसंटेटिव की बैठकर खाने और साफ़ पानी की व्यवस्था

जबलपुर। महापौर को एक पत्र दिया गया, जिसने 1000 से अधिक एमआर जो अपने साथ खाने का टिफ़िन लाते हैं उनको बैठकर वो खा सकें और साफ़ पानी मिल सके, ठंड, गर्मी, बरसात से भी बचाव हो, महापौर ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन के दौरान मानव अपराध एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम (महिला शक्ति), एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, एड. रोशन मंध्यानी, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. प्रशांत जैन, कमरुल इस्लाम ख़ान, एड. अंकित मिश्रा, मनीषा दीक्षित उपस्थित हुए।

पीएसएम वार्षिक खेलकूद में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर। प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (पीएसएम) जबलपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस 14 फरवरी को महिला वर्ग का तवा फेंक का फाइनल हुआ जिसमें महिला वर्ग, तवा फेंक में पिंकी बरकड़े प्रथम, किरण विश्वकर्मा द्वितीय एवं मिथलेश मरावी तृतीय स्थान पर बीएड चतुर्थ सेमेस्टर रहीं और 100 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शिवशंकर धुर्वे, द्वितीय स्थान सूरज प्रजापति एवं तृतीय स्थान आयुष यादव बीएड द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। 100 मीटर महिला वर्ग में प्रथम मिथलेश मरावी, द्वितीय मेघना काछी एवं तृतीय श्रद्धा धुर्वे बीएड चतुर्थ सेमेस्टर रहीं। पुरुष वर्ग नीबू-चम्मच दौड़ में प्रथम रमेश गुप्ता, द्वितीय सौरभ उइके बीएड चतुर्थ सेमेस्टर रहे। महिला वर्ग नीबू-चम्मच दौड़ में प्रथम पूजा हनफी, द्वितीय मीना यादव बीएड द्वितीय सेमेस्टर रहीं। आज का आकर्षण निवर्तमान प्राचार्य डॉ. राममोहन तिवारी द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान बहुत अच्छा कॉमेंट्री प्रस्तुतिकरण रहा। आयोजन में डॉ. आशीष नारायण माथुर, ललिता सप्रा, डॉ. ज्योति खरे, डॉ. रीना जैन, डॉ. राजकुमारी दुबे, डॉ. ज्योत्सना दुबे, जीपी यादव, कु. रीनू मोर, अल्पना खरे, मृदुला शुक्ला सहित महाविद्यालय स्टॉफ सहित संभाग के विभागीय शिक्षक, गैर विभागीय छात्राध्यापक एमएड बीएड सम्मिलित रहे।

युवा संवाद में विद्यार्थियों को बताये पशु पालन के लाभ

जबलपुर। पशु पालन एवं पशु कल्याण जागरूकता अभियान के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान केंद्र जबलपुर द्वारा 13/2/2025 को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया उमरिया में युवा संवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को पशु पालन से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया तथा पशु पालन हेतु प्रोत्साहित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम डॉ. हेमलता जैन, प्राचार्य उमाशंकर दुबे, श्रीमती संध्या कोल्हेकर, कल्याणी नायडू, अनुराधा राणा, बी.डी चतुर्वेदी, नम्रता गुप्ता, एच.एस. पटेल, कोमल कोरचे, जुबैर रिजवी, राकेश केशरी, सृजन नामदेव, ओमप्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

नवनियुक्त कर्मचारियों का शोषण रोकते हुए दिया जाए पूर्ण वेतन

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने बताया कि कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को स्टायफंड व्यवस्था लागू की गई है जिसके तहत नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रथम वर्ष मूल वेतन का 70 प्रतिशत वेतन, द्वितीय वर्ष 80 वेतन एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत वेतन उपरांत चतुर्थ वर्ष 100 प्रतिशत वेतन और भत्ते दिए जाते हैं जो की सीधे-सीधे कर्मचारियों का शोषण है, जबकि केंद्र तथा अन्य राज्यों में वर्तमान में पूर्ण वेतन प्रतिमाह नियमानुसार दिए जाने का प्रावधान है, सिर्फ प्रदेश में यह व्यवस्था लागू की गई है जो की पूर्णतया अनुचित है। मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि इस व्यवस्था को तत्काल बंद कर नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पश्चात प्रथम माह से ही पूर्ण वेतन दिये जाने हेतु आदेश जारी किए जाएं। संघ के रॉबर्ट मॉर्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, गुडविन चाल्स, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

16 फरवरी को बालिका आत्मरक्षा कार्यक्रम का

अरुणाभ घोस स्टेडियम में होगा समापन

सिहोरा। बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे बालिका आत्मरक्षा कार्यक्रम का समापन 16 फरवरी को अरुणाभ घोस स्टेडियम में दोपहर 12 बजे होगा। इस कार्यक्रम के तहत सैकड़ों बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में खुद की सुरक्षा कर सकें यह कार्यक्रम 26 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था। प्रशिक्षिका सुधा उपाध्याय है।

कार्यक्रम के माध्यम से न केवल शारीरिक सुरक्षा बल्कि मानसिक रूप से भी बालिकाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। नरेंद्र मोदी विचार मंच महिला शाखा एकता अश्वनी तिवारी प्रदेश महामंत्री की अगुवाई में हुए इस आयोजन ने बालिकाओं में एक नया उत्साह और आत्मविश्वास जगाया है।

त्रिदिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह 21 फरवरी से

पाटन। पाटन के ब्यौहारी पड़रिया में त्रिदिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम 21 फरवरी से शुरू होगा जो 23 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में बाहर से आए सभी धर्म प्रेमी सज्जनों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है सत्संग का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है कार्यक्रम में प्रवक्ता गण पूज्य सुमेधा साहब जी पूज्य साधना साहिब जी पूज्य रीना साहब जी, मूरत साहब जी,संत महेश साहब जी पधारेंगे और अपने सत्संग से लोगों को लाभान्वित करेंगे। कबीरपंथी और पूर्व प्राचार्य पाटन केशरी प्रसाद चढ़ार ने सभी लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने का आग्रह किया है।

अरशद उस्मानी ने लांग जम्प ईवेन्ट में जीता रजत पदक

जबलपुर। तिरचुर केरला के कुन्ना कुलम स्टेडियम में विगत दिनों आयोजित छठवीं राष्ट्रीय मास्टर हेथलेटिक चैम्पियनशिप जो कि 31/01/2025 से 03/02/2025 तक आयोजित हुई जिमसें मोहम्मद अरशद उस्मानी ने लाँग जम्प ईवेन्ट में रजत पदक जीता। इनकी इस उपलब्धि पर कमांडेन्ट श्रीमती प्रीति बाला सिंह, कमांडेन्ट विनय कैथवास, पी.सी. पूजा कुसराम, पी.सी. जितेन्द्र पटेल, पी.सी. कैलाश सिंगारे एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी। अरशद उस्मानी ने इससे पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर मध्यप्रदेश तथा विभाग का नाम रोशन किया है। मोहम्मद अरशद उस्मानी केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड मंगेली में हवलदार अनुदेशक के पद पर पदस्थ हैं।

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. 15426578A RANK HAV/HK NAME SADANANDAM M S/O YERRANNA OF UNIT MH, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name **MCHANDRAMMA** and date of birth **05/06/1956** (Name and date of birth as per my Army service records) to **MADDANI CHANDRAMMA** and date of birth **01/01/1954** (name and date of birth as per my **MOTHER, AADHAR CARD** vide affidavit dated **13/02/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
MADDANI CHANDRAMMA
INCORRECT NAME-M CHANDRAMMA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1954
INCORRECT DATE OF BIRTH-05/06/1956

CHANGE OF NAME
I, ARMY No. 15418301M, RANK- HAV, NAME TAWARE RAHUL BALASAHEB S/O BALASAHEB GULAB TAWARE OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.),R/O GHAVAL VASTI MOREGAON PUNE MAHARASHTRA 412304. I state that in my **Mother, Aadhar card** my Mother Name **(KAUSHALYA BALASAHEB TAWARE)** which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded **(TAWARE KAUSHAIYA)** Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother, is **(KAUSHALYA BALASAHEB TAWARE)** and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME
(KAUSHALYA BALASAHEB TAWARE)
INCORRECT NAME
(TAWARE KAUSHAIYA)

CHANGE OF NAME
I, ARMY No. 15418301M, RANK- HAV, NAME TAWARE RAHUL BALASAHEB S/O BALASAHEB GULAB TAWARE OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.),R/O GHAVAL VASTI MOREGAON PUNE MAHARASHTRA 412304. I state that in my **Father, Aadhar card** my Father Name **(BALASAHEB GULAB TAWARE)** which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is recorded **(BALASAHEB)** Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Father is **(BALASAHEB GULAB TAWARE)** and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME
(BALASAHEB GULAB TAWARE)
INCORRECT NAME
(BALASAHEB)

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. 15426578A RANK HAV/HK NAME SADANANDAM M S/O YERRANNA OF UNIT MH, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my **FATHER** from name **YERRANNA** and date of birth **02/04/1946** (Name and date of birth as per my Army service records) to **MADDANI YERRANNA** and date of birth **01/01/1945** (name and date of birth as per my **FATHER, AADHAR CARD** vide affidavit dated **13/02/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
MADDANI YERRANNA
INCORRECT NAME-YERRANNA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1945
INCORRECT DATE OF BIRTH-02/04/1946

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/257
दिनांक :- 13/02/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केयर हाईटेक एम.आर.आई. एवं सी.वी.सी.टी. सेन्टर द्वारा भागीदार श्री अंशुमान पचौरी पिता स्व. श्री एम.डी. पचौरी ने मकान नं. 572/FF वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 1170 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/258
दिनांक :- 13/02/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अंशुमान पचौरी, (2) श्री अनुराग पचौरी दोनों के पिता स्व. श्री एम.डी. पचौरी ने मकान नं. 572/FF-102 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1170 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/262
दिनांक :- 14/02/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल भागचंदानी पिता श्री नन्दलाल भागचंदानी ने मकान नं. 2898/1ए द्व.नं. 27 एवं 28 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 340 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

निधन

श्री तिलकराज नैय्यर- गुरूदेव कॉलोनी बेदीनगर निवासी श्री तिलकराज नैय्यर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर- ओम कला मंदिर चांदमारी लालमाटी निवासी श्री संतोष सिंह ठाकुर के पुत्र श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती दीपिका सोनकर- गोरखपुर कोरी मोहल्ला निवासी श्री दीपक सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती दीपिका सोनकर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती वेदमति गुप्ता- शीतलामाई निवासी श्री रामभरोस गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती वेदमति गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अनंतराम तिवारी- एलआईसी मदनमहल निवासी श्री अनंतराम तिवारी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुधा द्विवेदी- साठिया कुआं निवासी श्री गणेश द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा द्विवेदी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजकुमार साहू- गली नं. 22, सदर निवासी श्री राजकुमार साहू (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ओम प्रकाश कोल- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री ओम प्रकाश कोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कुंती देवी सिंह- समदडिया कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री रामदर्शन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कुंती देवी सिंह (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बाबू लाल सिंह- नई बस्ती मदनमहल निवासी श्री बाबू लाल सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अर्जुन लाल रजक- अधारताल निवासी श्री अर्जुन लाल रजक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री आकाश यादव- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री हेमंत कुमार यादव के पुत्र श्री आकाश यादव (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री बाल सिंह ठाकुर- रामनगर रामपुर निवासी श्री बाल सिंह ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती माधुरी सोनकर- बापू नगर रांझी निवासी श्री राजा सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजन कपूर- रामनगर रामपुर निवासी श्री राजन कपूर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुखवारा बाई कनौजिया- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री ठाकुरदीन कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुखवारा बाई कनौजिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रूपा बहोरिया- डिफेंस कॉलोनी फेस 2, साउथ सिविल लाइन निवासी श्री मुन्ना लाल बहोरिया की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा बहोरिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्यारी बाई- आगा चौक रानीताल निवासी श्री नन्हें सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती प्यारी बाई (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x9 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x9 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

ईजमाईट्रिप का शुद्ध लाभ घटकर 34 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 34 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 45.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

रुपया 12 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे बढ़कर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया।

एचसीसी को 38.92 करोड़ रुपए का हुआ घाटा

नई दिल्ली। निर्माण कंपनी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 38.92 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। कंपनी को 233.22 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी घटकर 1,066.16 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,512.37 करोड़ रुपये थी।

डॉट ने वोडाफोन आइडिया को कहा भुगतान करने

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया से कहा है कि वह 2015 में अधिग्रहित स्पेक्ट्रम के लिए किए गए कुल भुगतान में कमी की भरपाई के लिए 6,090.7 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी या 5,493.2 करोड़ रुपये नकद जमा कराए।

हिंडाल्को का शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत बढ़कर 3,735 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,331 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

आरबीएल के एमडी व सीईओ का कार्यकाल तीन साल और बढ़ा

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आरबीएल बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के तौर पर आर सुब्रमण्यकुमार का कार्यकाल तीन साल के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरबीआई ने 13 फरवरी, 2025 के अपने पत्र के माध्यम से आर सुब्रमण्यकुमार को उसके एमडी और सीईओ के रूप में 23 जून, 2025 से 22 जून, 2028 तक तीन साल की अतिरिक्त अवधि के लिए दोबारा नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है।

क्या हार्ले-डेविडसन फिर से भारत में पकड़ेगी अपनी रफ्तार?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क पर जोर देने से क्या अमेरिका की लोकप्रिय बाइक कंपनी हार्ले डेविडसन एक बार फिर भारत में रफ्तार पकड़ेगी।

- कभी भारत में कंपनी ने अपने 13 मॉडल उतारे थे

इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए बजट में पहले ही आयातित महंगी बाइकों पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है। इस समय भारतीय साझेदार हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर विकसित केवल एक मॉडल एक्स-440 बेचने वाली हार्ले डेविडसन ने कभी भारत में 33 डीलरशिप के साथ 4.69 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर 13 मॉडल बाजार में उतारे थे। इससे पहले कंपनी ने 2020 में अपना विनिर्माण और बिक्री परिचालन बंद कर दिया था।

ट्रंप के जवाबी शुल्क पर जोर देने का पड़ सकता है असर

भारत के शुल्क कटौती का अमेरिका ने किया स्वागत

अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा के बाद भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के अनुसार नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका ने शुल्क कटौती के भारत के हालिया उपायों का स्वागत किया।

हार्ले का भारत में साझेदार हीरो मोटोकॉर्प : *हार्ले डेविडसन के भारतीय साझेदार हीरो मोटोकॉर्प से इस ब्रांड के क्षमता विस्तार के संबंध में पूछे गए सवाल का फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।*

एसकेडी पर सीमा शुल्क हुआ 20 फीसदी

इसी तरह अर्ध-निर्मित इकाई (एसकेडी) के रूप में आयातित मोटरसाइकिल पर सीमा शुल्क 205 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। सीकेडी यानी ऐसी मोटरसाइकिल जिनके कलपुर्जे बाहर से आते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह भारत में तैयार किया जाता है, उन पर शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया।

बजट में सीमा शुल्क 50 से घटाकर 30 फीसदी किया गया : *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के आम बजट में पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिल पर सीमा शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया था।*

अमेरिका में ज्यादातर आयातित बाइकों पर शून्य शुल्क : *उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिका ज्यादातर आयातित बाइकों पर शून्य शुल्क लगाता है, हालांकि 500 सीसी से 800 सीसी के बीच इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर 1.2 प्रतिशत और 800 सीसी से अधिक क्षमता वाले वाहनों पर 2.4 प्रतिशत शुल्क लगता है।*

सब्जियों की कीमतों में गिरावट से थोक महंगाई घटी

थोक महंगाई घटकर 2.31 फीसदी, रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट से थोक मुद्रास्फीति मासिक आधार पर जनवरी में घटकर 2.31 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.37 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 0.33 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी।

खुदरा महंगाई में भी आई थी नरमी

खुदरा मुद्रास्फीति के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आ गई।

मौसमी सुधार से खाद्य पदार्थों की कीमतें सुधरेगी

केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा के अनुसार मौसमी सुधार के कारण आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की संभावना है। हालांकि, वैश्विक जिंस कीमतों के मोर्चे पर कुछ बाधाएं हैं।

ईंधन तथा बिजली श्रेणी में महंगाई घटी

ईंधन तथा बिजली श्रेणी में जनवरी में मुद्रास्फीति 2.78 प्रतिशत घटी जबकि दिसंबर में यह 3.79 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 के 2.14 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2025 में 2.51 प्रतिशत हो गई।

- थोक मूल्य सूचकांक दिसंबर 2024 में 2 .37 फीसदी रहा
- खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5 .88 प्रतिशत रही
- आलू की महंगाई 74 .28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही

प्याज की कीमतों में वृद्धि

आलू की महंगाई 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। इस दौरान टमाटर की कीमतों में गिरावट आई। अंडा, मांस और मछली श्रेणी में मुद्रास्फीति बीते महीने के 5.43 प्रतिशत से घटकर 3.56 प्रतिशत रह गई।

दफ्तर की मांग बढ़ने से औसत किराया बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बेंगलुरु में सबसे ज्यादा 26 प्रतिशत वृद्धि : एनारॉक
- दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में सबसे अधिक मांग देखी गई

देश के सात प्रमुख शहरों में दफ्तरों की अधिक मांग के कारण कार्यालयों का औसत किराया बढ़ा है। इसमें बेंगलुरु में पिछले पांच साल में औसत किराया 26 प्रतिशत बढ़कर 93 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया है।

रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ने देश के सात प्रमुख संपत्ति बाजारों- दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए। इन सात शहरों में बेंगलुरु सबसे आगे है, जहां औसत कार्यालय किराया 26 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 93 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया। साल 2019 में यहां औसत किराया 74 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह था। हैदराबाद में मासिक कार्यालय किराया 2019 में 56 रुपये प्रति वर्ग फुट से 25 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 67 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया। चेन्नई में कार्यालय स्थल किराया 2019 में 60 रुपये प्रति वर्ग फुट से 20 प्रतिशत की वृद्धि होकर 75 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया।

एनारॉक के प्रबंध निदेशक (वाणिज्यिक पट्टा और परामर्श) पीयूष जैन ने कहा, "कार्यालय स्थल की खपत में सबसे अधिक हिस्सेदारी दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में देखी गई है।" कुशल कार्यबल की उपलब्धता के साथ मजबूत सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी अवसंरचना परिवेश ने इन दक्षिणी शहरों में मांग, आपूर्ति और किराया बढ़ाया है।

कोलकाता में किराया बढ़कर 62 रुपए प्रति वर्ग फुट

कोलकाता में औसत कार्यालय किराया बढ़कर 62 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह हो गया, जो 2019 में 52 रुपये प्रति वर्ग फुट था। जैन ने कहा, "चूंकि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, वैश्विक कंपनियां विस्तार के लिए वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित करने पर विचार करेंगी।

रिलायंस कंज्यूमर ने ब्रांड वेल्वेट का किया अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की रोजमर्रा के घरेलू सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित ब्रांड वेल्वेट का अधिग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही व्यक्तिगत देखभाल खंड में रिलायंस कंज्यूमर की उपस्थिति मजबूत हुई है।

कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) केतन मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि अधिग्रहण समझौते पर हस्ताक्षर के बाद रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का लक्ष्य शैंपू के वेल्वेट ब्रांड को पुनर्जीवित करना तथा 'बहुत जल्द' व्यक्तिगत देखभाल खंड में विभिन्न उत्पाद पेश करना है।

मोदी ने कहा, "रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की सोच में से एक भारतीय विरासत ब्रांड का अधिग्रहण करना है। हमने कैम्पा और फिर रावलगांव शुगर (पान पसंद और कॉफी ब्रेक के प्रवर्तक) का अधिग्रहण किया। हम वेल्वेट का अधिग्रहण करके खुश हैं। हमारा इरादा ब्रांड (वेल्वेट) को पुनर्जीवित करना है।यह रणनीतिक सौदा रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड को वेल्वेट के लिए एक स्थायी लाइसेंस प्रदान करता है, जो एक मजबूत आधार के साथ भविष्य के व्यवसायों के निर्माण के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता से मेल खाता है, साथ ही भारत के पोषित विरासत ब्रांडों को पुनर्जीवित भी करता है।

- व्यक्तिगत देखभाल खंड में रिलायंस कंज्यूमर की उपस्थिति हुई मजबूत

कंपनी वेल्वेट ब्रांड के तहत शैंपू बनाती है

शुरुआत में, रिलायंस कंज्यूमर तमिलनाडु में 'वेल्वेट' ब्रांड के तहत शैंपू की एक श्रृंखला पेश करेगी और बाद में अन्य बाजारों में विस्तार करेगी। एक प्रश्न के उत्तर में केतन ने कहा कि कंपनी शुरू में शैंपू बनाएगी और बाद में 'वेल्वेट' ब्रांड के तहत साबुन और अन्य उत्पाद लाएगी।

सैमसंग ने उतारा 10 हजार से कम कीमत के 5जी स्मार्टफोन...

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने नए 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06 5जी को पेश किया है। इस स्मार्टफोन को पेश करते हुए कंपनी ने 10,000 रुपये से कम कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन खंड में प्रवेश किया है। पिछले दो-तीन महीनों में कई कंपनियों ने 10,000 रुपये से कम मूल्यवर्ग के 5जी स्मार्टफोन पेश किये हैं। सैमसंग इंडिया के महाप्रबंधक अक्षय एस राव ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने अपना सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ06 5जी पेश किया है। इस स्मार्टफोन का उद्देश्य अगले स्तर की 5जी कनेक्टिविटी को सभी लोगों तक पहुंचाना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 9,499 रुपये है।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया, यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। आरबीआई के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

- विदेशी मुद्रा भंडार 7 .65 अरब डॉलर बढ़कर 638 .26 अरब डॉलर

आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार घटा : *विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड डॉलर बढ़कर 17.88 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.07 अरब डॉलर रह गया।*

पीएफसी के शुद्ध लाभ में 23 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 23 प्रतिशत बढ़कर 7,759.56 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि उसका मुनाफा मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने के कारण बढ़ा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 6,294.44 करोड़ रुपये रहा था। पीएफसी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 26,821.84 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,593.40 करोड़ रुपये थी।

जियोसिनेमा, डिज्नी प्लस हॉटस्टार का विलय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायकॉम18 और स्टार इंडिया के विलय से नवगठित संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने जियोसिनेमा और डिज्नी+ हॉटस्टार ऑनलाइन मंच को एक साथ लाकर जियोहॉटस्टार पेश करने की शुक्रवार को घोषणा की।

कंपनी बयान के अनुसार, करीब तीन लाख घंटे के मनोरंजन, खेलों के सीधे प्रसारण और 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ जियो हॉटस्टार विविध दर्शकों की जरूरतों के अनुरूप आकर्षक सदस्यता योजनाएं प्रदान करता है। इनकी शुरुआती कीमत 149 रुपये से होती है।

- जियोस्टार ने किया जियोहॉटस्टार पेश
- 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता

इसमें कहा गया, जियोसिनेमा और डिज्नी+ हॉटस्टार के मौजूदा ग्राहक आसानी से अपनी वर्तमान सदस्यता (सब्सक्रिप्शन) को जियोहॉटस्टार में सक्रिय कर पाएंगे।

सभी लीग प्रतियोगिताओं का होगा प्रसारण

मंच पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रतियोगिताएं, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं प्रसारित की जाएंगी। साथ ही इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई), आईसीसी और राज्य संघों के कार्यक्रमों के साथ अन्य क्रिकेट प्रतियोगिताएं, प्रीमियर लीग, विंबलडन सहित अन्य खेल आयोजन प्रो कबड्डी तथा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं का भी इस पर प्रसारण किया जाएगा।

आरबीआई ने 31 मार्च 2025 को बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश

आरबीआई ने कैंसिल कर दी सभी बैंकों की ईद की छुट्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों को 31 मार्च 2025 को काम करने का निर्देश दिया है। आरबीआई के मुताबिक, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन यानी बैंकिंग सेवाओं में कोई रुकावट न आए और सभी सरकारी लेनदेन सही समय पर पूरे किए जा सकें। इसके अलावा किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ी या रिकॉर्ड में असमानता न हो।

आमतौर पर, 31 मार्च को अधिकांश राज्यों में रमजान-ईद (ईद-उल-फितर) के चलते बैंक बंद रहते, केवल हिमाचल प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर। लेकिन वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण सरकार चाहती है कि इस दिन सभी सरकारी राजस्व संग्रह, भुगतानों और अन्य वित्तीय निपटानों को पूरा कर लिया जाए ताकि नया वित्तीय वर्ष बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

1 अप्रैल 2025 को बैंक रहेंगे बंद पर छत्तीसगढ़ में रहेगा खुला

हालांकि, 1 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को बैंक वार्षिक खाता समायोजन (एनुअल अकाउंट क्लोजिंग) के कारण अधिकांश राज्यों में बंद रहेंगे। केवल मेघालय, छत्तीसगढ़, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में ही बैंक खुले रहेंगे।

31 मार्च 2025 को कौन-कौन सी बैंकिंग सेवाएं चालू रहेंगी?

आरबीआई के आदेश के अनुसार, निम्नलिखित सेवाएं 31 मार्च को जारी रहेंगीः जिसमें सरकारी करों का भुगतान (इनकम टैक्स, जीएसटी, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी), सरकारी पेंशन और सब्सिडी का भुगतान,सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का वितरण, सरकारी योजनाओं और सब्सिडी से जुड़े सार्वजनिक लेनदेन।

- 1 अप्रैल 2025 को बैंक वार्षिक खाता समायोजन के कारण बंद रहेंगे

डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी

ऑनलाइन बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के जरिए टैक्स भुगतान, फंड ट्रांसफर जैसी कई डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी। हालांकि, ग्राहकों को अपने संबंधित बैंकों से यह कन्फर्म कर लेना चाहिए कि उनके बैंक में डिजिटल लेनदेन सुचारू रूप से जारी रहेगा या नहीं।

आरबीआई के इस फैसले का असर

आरबीआई के इस कदम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी राजस्व संग्रह में किसी प्रकार की रुकावट न आए। बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से कार्य करें और कोई भी सरकारी भुगतान लंबित न रहे। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सभी आवश्यक वित्तीय निपटान पूरे किए जा सकें। बैंकिंग ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए अपने बैंकिंग कार्यों की योजना बनाएं, खासकर उन लोगों को जो 31 मार्च और 1 अप्रैल को बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं।

टाटा एलेक्सी का ड्रोन के लिए गरुड़ एयरोस्पेस से करार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता टाटा एलेक्सी ने स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग व प्रमाणन केंद्र स्थापित करने के वास्ते ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस के साथ साझेदारी की है।

बयान के अनुसार, सहयोग के तहत टाटा एलेक्सी एवियोनिक्स, लघुकरण, भू-नियंत्रण प्रणाली, सुरक्षित संचार और ऊर्जा अनुकूलन में अपनी विशेषज्ञता के दम पर यूएवी उप-प्रणालियों के डिजाइन, विकास, परीक्षण व प्रमाणन का नेतृत्व करेगी। मूल उपकरण विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस जिसकी रक्षा क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है वह व्यवसाय अधिग्रहण तथा वितरण का नेतृत्व करेगी। टाटा एलेक्सी के (एयरोस्पेस, रेल एंड ऑफ-हाइवे) प्रमुख जयराज राजपांडियन ने कहा, गरुड़ एयरोस्पेस के साथ हमारी साझेदारी भारत की एयरोस्पेस महत्वाकांक्षाओं में एक बड़ी उपलब्धि है।

चिंतन

अपने हितों की रक्षा के साथ अमेरिका से गहरे हों रिश्ते

अवैध प्रवासियों की वापसी के तरीके को लेकर भारत में अमेरिकी रवैये की हो रही आलोचना और मोदी और ट्रंप की वार्ता से ठीक चंद घंटे पूर्व टैरिफ पर अमेरिका के जैसे को तैसा फैसले के बीच भारत और अमेरिका ने कूटनीतिक समझदारी दिखाते हुए तनावपूर्ण भूराजनीतिक स्थिति में आपसी ट्रेड व सामरिक हित को अपने द्विपक्षीय रिश्ते के केंद्र में रखा है। शायद पहली बार अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए तेल व गैस के निर्यात व अपने खास फाइटर प्लेन देने की इच्छा जताई है। भारत और अमेरिकी सरकार की तरफ से आई खबरों के मुताबिक, मोदी व ट्रंप के बीच रक्षा, ऊर्जा व ट्रेड क्षेत्र के सभी अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अवैध प्रवासियों को भेजने के तरीके, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, रक्षा डील, रेसीप्रोकल टैरिफ और तेल व गैस आपूर्ति आदि शामिल हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। इंडो-यूएस आपसी ट्रेड को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर सालाना पर पहुंचाने के समझौते पर सहमत हुए हैं। दोनों मुल्क शुल्क दर में कमी लाने और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के लिए आपसी वार्ता करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पीएम की इस यात्रा का कूटनीतिक व सामरिक महत्व है। सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र की जुगलबंदी दोनों मुल्कों के हित में है। भारत ने संतुलन बनाते हुए अमेरिका के साथ-साथ रूस, चीन, यूरोप के साथ संतोषप्रद संबंध बनाए रखा है। भारत और अमेरिका के बीच रूस व यूक्रेन जंग, आतंकवाद के मुद्दों पर भी बात हुई है। भारत ने एक बार फिर से शांति के साथ रहने की अपनी बात दोहराई है। ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्तित्व के नेतृत्व में अमेरिकी हित के बीच में मेक इन इंडिया ब्रांड को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना भारत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ से विश्व में ट्रेड वार बढ़ने की संभावना बढ़ सकती है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क से प्रभावित होकर अमेरिकी नीतियों को आकार दे रहे हैं। इससे अमेरिका एक ग्लोबल इंक की तरह व्यवहार करते दिख रहा है, जबकि अमेरिका की प्रतिष्ठा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने की रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु करार से बाहर आना, अमेरिकी सरकारी खर्चे में कटौती के लिए कदम उठाना आदि के चलते अमेरिका के हित को ही दीर्घावधि में नुकसान पहुंचेगा। भारत जैसे विकासशील देशों को अपने बाजार विश्व व्यापार नियमों का पालन करते हुए भी सोच समझकर ही खोलना होगा। भारत किसी देश के हित के लिए अपने सुरक्षित बाजार को डंपिंग यार्ड में कभी भी तब्दील नहीं करेगा। आपसी व्यापार संबंध पूरी तरह से 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने में भारत को छूट नहीं देगा, यह राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत को अमेरिका के सामने डटे रहना होगा, अपनी नाराजगी कड़ाई से जतानी होगी, अपने हितों को आगे रखना होगा और ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव से बाहर रहना होगा। इंटरनेशनल ट्रेड में भारत के लिए अवसरों की कमी नहीं है।

विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट सत्ता' का अंत

यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई।

लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक और सकारात्मक है। इससे राजनीति की जीवंतता का एहसास होता है। निरंकुशता का खतरा टलता है। हर राज्य में, देश में, एक अंतराल पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। दिल्ली इस बदलाव की बड़ी गवाह है। जब से सत्ता का केंद्र दिल्ली बनी, तब से इसने न जाने कितने बदलाव देखे। हालिया बदलाव ने भी संदेश दिया है कि सत्ता जनता ही तय करती है, उसे बरगलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की करारी शिकस्त किसी भी दल के लिए बड़ा सबक है कि जनता झूठ, फरेब, कुतर्क, बड़बोलेपन, निम्नस्तर की भाषा, फ्रीबिज़ की हफीम पसंद नहीं करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव से पहले रेवड़ियों की घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। यूं तो देश में सभी दलों की हालत एक सी है, लेकिन अण्णा हजारे के आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी से जनता को ईमानदार, भ्रष्टाचारमुक्त जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई। अब शायद ही जनता कभी अण्णा जैसा व्यापक आंदोलन भविष्य में देखे और किसी भी नई किस्म की राजनीति के वादे पर विश्वास करे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उसकी राजनीतिक यात्रा की असल शुरुआत होगी, लोग देखेंगे कि आप विपक्ष की भूमिका कैसे निभाती है, कितनी संयमित रहती है, कितनी रचनात्मक रहती है, जनता के मुद्दों से कितना सरोकार रखती है। दल से जुड़े लोग कितने समय तक टिके रहते हैं। खुद अरविंद केजरीवाल विपक्ष में रहकर राजनेता बन पाते हैं या नहीं? आगे की राजनीति पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का भविष्य निर्भर करेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने मोमेंटम का राजनीतिक लाभ लेना बुद्धिमत्ता थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर सत्ता गंवाना राजनीतिक आत्महत्या की तरह है। बदलाव की राजनीति सत्ता की राजनीति में परिवर्तित हो गई। आम आदमी पार्टी से देश के करोड़ों प्रगतिशील लोगों को उम्मीदें थीं। यह उम्मीद ही थी कि लोगों ने पार्टी बनाने में अपनी गाढ़ी कमाई से करोड़ों दान कर दिए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में उन सभी उम्मीदों को तोड़ दिया। मास की राजनीति करना आसान नहीं होता, क्योंकि आपके पास कोई पैमाना नहीं होता कि जनता आपकी पार्टी या आपके बारे में क्या राय रख रही है, इसलिए अधिकांश नेता व दल अनाप शनाप हरकतें करते रहते हैं। कभी चांद तो कभी चंदा मामा की बात करने लगते हैं। जनता को हल्के में लेने लगते हैं, उनकी असल ज़रूरतों को कम करके आंकने लगते हैं और रेवड़ियों पर भरोसा

करने लगते हैं। आम आदमी पार्टी को सुशासन से अधिक भरोसा मुफ़्त पानी व बिजली पर था, जनता को कभी कुछ मुफ्त में नहीं चाहिए, उनको सुविधा चाहिए, शांति चाहिए, अच्छा माहौल चाहिए। राजनीति जनता को सक्षम व समर्थ बनाने के लिए होनी चाहिए, न कि उसे परजीवी-पराश्रित बनाने के लिए। नए तरह की राजनीति का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी भी सत्ता पाने के लिए व बने रहने के लिए दूसरे दलों की तरह ही झूठ व तिकड़म की राजनीति करते दिखी। एक 'मफलर मैन से शीशमहल की यात्रा' में तब्दील हुई अरविंद केजरीवाल की राजनीति को आखिरकार उसी जनता ने आईना दिखा दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त करने का आह्वान किया था। जनता ने पीएम मोदी व भाजपा पर भरोसा किया। दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त कर दिया। आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई। प्रधानमंत्री मोदी की आंधी में दिल्ली को कूड़ा दान बनाने वाली झाड़ू तार-तार होकर तिनके की तरह बिखर गई। खुद केजरीवाल अपनी सीट नहीं बचा पाए। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। 48 सीटों में विजय पाकर, नरेंद्र मोदी की छवि मज़बूत हुई है। आप को 22 सीटों पर ही जीत प्राप्त हुई है। कांग्रेस को एकबार फिर शून्य से ही गुजारा करना पड़ा। अब पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से की गई गारंटीयों के वादों को दिल्ली की भाजपा सरकार को लागू करना होगा। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने 61% वोट डाले हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे। पैसे, शराब व सामान आदि बांटने से लेकर एक-दूसरे को धमकियां व गाली-गलौज आम बात रही। सार्वजनिक जीवन में अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पोल विश्लेषण के परिणाम, भाजपा के हक में दिए थे। दिल्ली के लोगों के लिए मुख्य मुद्दे, भारत के अन्य राज्यों से अलग हैं। पीएम ने सुशासन, विकास का मॉडल देने का वादा किया है। भाजपा की जीत के कुछ विशेष कारण हैं। दिल्ली के नागरिकों को चार चीज़ों की ज़रूरत है, यानी पीने का साफ पानी, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त वातावरण, महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मध्यम वर्ग को केवल मुफ़्त शिक्षा ही महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन 'उचित फीस' पर बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ज़रूरी है। दिल्ली में हर कोई 'बीपीएल कार्ड धारक' नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए किफायती बिजली के बिल ज़रूरी हैं। हम 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली और 400 यूनिट तक 50% छूट की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लाभ का लक्ष्य मध्यम वर्ग होना चाहिए। कांग्रेस अपने ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित नहीं कर पाई व उसका प्रचार लक्ष्यहीन रहा। कांग्रेस अपने अभियान की रणनीति नहीं बना पाई। आप के बहुत से कार्यकर्ताओं ने उत्साह से काम नहीं किया। भाजपा का ध्यान आम आदमी तक पहुंचने पर केंद्रित था। अब डबल इंजन की सरकार बन रही है। बड़ी बात है कि भाजपा अब तक अपना मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई है। केन्द्र सरकार व भाजपा की दिल्ली सरकार एकजुट होकर दिल्ली की जनता को सभी प्रकार से समृद्ध करेगी। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को कार्यान्वित कर, दिल्ली की जनता की सेवा करने से, राजधानी दिल्ली को अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की ओर अग्रसर रहना होगा। 'जिन हाथों में शक्ति भरी है राजतिलक देने की, उन हाथों में ही ताकत है सिर उतार लेने की', पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने लोक सभा में अपने भाषण में यही परिस्थिति का आकलन किया था।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद, दूरदर्शन व्यक्तित्व व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दो टूक

रोहित कौशिक

कॉमेडी में अश्लीलता का तड़का अनुचित

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट'पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। रणवीर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया था। इस कमेंट पर काफी विवाद हो रहा है। यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा और शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। रणवीर अपने यूट्यूब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और चर्चित हस्तियों से चर्चा करते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी संख्या में उनके फॉलोवर्स हैं। अब यूट्यूब ने वह वीडियो हटा दिया है। रणवीर ने अपनी इस हरकत के लिए माफी भी मांग ली है लेकिन रणवीर पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। रणवीर ने शो में शामिल प्रतिभागी से पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन सेक्स करते हुए देखेंगे या एक बार शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोकेंगे। कॉमेडी के नाम पर इस तरह के प्रश्न पूछना क्या वास्तव में जरूरी है। सवाल यह है कि ऐसे प्रश्नों से क्या हासिल हो जाएगा ? क्या माता- पिता के यौन सम्बन्धों को मजाक का विषय बनाया जा सकता हैं ? हालांकि पहले से ही यौन सम्बन्धों पर मजाक होते रहे हैं। पहले छिपकर यौन सम्बन्धों पर मजाक होते थे लेकिन अब यौन सम्बन्धों पर मजाक करना एक फैशन मान लिया गया है। सेक्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सभी जीव-जंतु इसी प्रक्रिया के माध्यम से अपना जीवन चक्र चलाते हैं। सवाल यह है कि क्या किसी प्राकृतिक प्रक्रिया को आश्चर्य के तौर पर देखा जाना चाहिए? एक प्राकृतिक प्रक्रिया को मजाक बनाकर कहीं हम अपनी कुंठा तो नहीं दिखाते हैं ? इसी कुंठा के कारण हम कई नई चीजों को जन्म दे देते हैं। दरअसल यूट्यूब पर घटिया व्यंग्य और घटिया मजाक के अनेक शो चल रहे हैं। सच्चे अर्थों में तो इन्हें व्यंग्य भी नहीं कहा जा सकता। द्विअर्थी संवाद और सेक्स से सम्बंधित बातों का छौंक लगाकर इन्हें व्यंग्य और हास्य का नाम दिया जाता है। शर्मनाक तो यह है कि ऐसे शो को पसंद करने वाले लोग भी लाखों में हैं। इसका अर्थ यह है कि यह समाज ही ऐसे शो को पसंद करता है। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद करने के कारण ही ये शो चल भी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शर्मनाक और घटिया हरकतों की इजाजत दी जा सकती है? शायद नहीं। इस दौर में सिर्फ एक रणवीर नहीं बल्कि सैकड़ों रणवीर इलाहाबादिया पैदा हो गए हैं। टैलेंट के नाम पर फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। टैलेंट के नाम पर गालियां देना आम हो गया है। जैसे इसे इस जमाने का फैशन मान लिया गया हो। शायद यह कभी सोचा भी नहीं गया होगा कि एक दिन गालियां देना भी फैशन हो जाएगा। सवाल यह है कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग घटिया हरकतों और घटिया टिप्पणियों को अपना अधिकार कैसे समझ लेते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर क्या कुछ भी बोल देना हमारा अधिकार होना चाहिए ? हमें अपने अधिकार तो बहुत जल्दी याद आने लगते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जाहिर है कि यदि हम अपनी जिम्मेदारी का ध्यान रखें तो ऐसी हरकतें सामने आ ही नहीं सकती हैं। दरअसल इस दौर में जिस तरह से नैतिकता को फालतू चीज मान लिया है उससे स्थिति बद से बदतर ही हुई है। यह ठीक है कि हर इंसान के लिए नैतिकता की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है लेकिन इसके बावजूद हमारे अंदर इतना विवेक तो होना ही चाहिए कि हम स्वयं अपनी एक सीमा रेखा खींच सकें। इस दौर में बोल्ड दिखने की ऐसी प्रतिस्पर्धा हो रही है कि जिसमें हमारे आधारभूत संस्कार ही पीछे हो गए हैं। संस्कार नाम की चीज को पिछड़ा हुआ माना जाने लगा है। तभी तो एक शो में अपने माता-पिता के सेक्स को भी अपने मनोरंजन की बात बना दिया जाता है। क्या रणवीर के माता-पिता ने उसे यही संस्कार दिए होंगे। क्या इस दौर में माता-पिता की भी यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने बच्चों को संस्कारों का भी पाठ पढ़ाएं और इसे प्रगतिशीलता के मार्ग में अवरोधक न माना जाए। सवाल उठता है कि क्या रणवीर के माता-पिता उसकी इस बोल्ड छवि को स्वीकार कर पाएंगे। इसलिए इस दौर में भी संस्कारों को पुरानी चीज नहीं माना जाना चाहिए। इस तरह के शो में अपना स्तर इतना नीचे नहीं गिराना चाहिए कि सारी शर्म ही खत्म हो जाए। मर्यादा में रहकर ही संवाद किया जाना चाहिए। ऐसे संवादों में मानवीय रिश्तों की गरिमा का ध्यान भी रखा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है

संकलित

दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा

संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

आसमान में भारत की ताकत

बेंगलुरु। कर्नाटक में येलहंका एयरफोर्स बेस पर गुरुवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) ने एयरो इंडिया 2025 के चौथे दिन युद्धाभ्यास किया।

आज की पाती

स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- पंकज मेहता, धमतरी

करंट अफेयर

मोदी का ट्रंप को 'मागा' की तर्ज पर 'मीगा' का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त सम्मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य रूप से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी 'मागा' से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी 'मीगा' है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनती है तथा यह ''मेगा'' भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।''

ऑफ बीट

क्या एआई हमें मंदबुद्धि बना रहा है? शोध में आशंका

हममें से ज्यादातर लोग एक हद तक ही सोच पाते हैं। बिना कलम और कागज या कैलकुलेटर के 16,951 को 67 से भाग देने की कोशिश करें। पिछले हफ्ते बनाई गई सूची या अपने फोन पर उपलब्ध फेहरिस्त के बिना हफ्ते भर की खरीदारी करने की कोशिश करें। अपने जीवन को आसान बनाने के लिए इन उपकरणों पर निर्भर रहकर हम खुद को अधिक बुद्धिमान बना रहे हैं या मूर्ख? हम अपनी कार्यकुशलता बढ़ने के बावजूद क्या एक प्रजाति के रूप में अज्ञानता के और करीब जाने लगे हैं? यह प्रश्न विशेष रूप से ओपनएआई कंपनी के स्वामित्व वाला एक एआई चैटबॉट 'चैटजीपीटी' जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के संबंध में विचार करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका प्रत्येक सप्ताह 30 करोड़ लोग लेखन के समय उपयोग करते हैं। 'माइक्रोसॉफ्ट' और अमेरिका के कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा हाल ही में लिखे गए एक शोधपत्र के अनुसार, उक्त प्रश्न का उत्तर हां हो सकता है। लेकिन बात इससे कहीं आगे पहुंच चुकी है। अच्छी सूझबूझ शोधकर्ताओं ने मूल्यांकन किया कि उपयोगकर्ता अपनी विश्लेषणात्मक सोच पर एआई के प्रभाव को कैसे समझते हैं। आम तौर पर, विश्लेषणात्मक सोच का संबंध अच्छी तरह से सोचने से होता है।

ट्रेंड

एक्सप्रेस-वे का मुआयना

उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान आज 8000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का सांसद आई रमेश अवस्थी व डीएस भौंसले के साथ मुआयना किया।

-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

पावन तीर्थ स्नान

144 साल बाद हो रहे तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। एक हिंदू के नाते मैं भी उसमें पावन तीर्थ स्नान करने आया हूँ।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

विनम्र श्रद्धांजलि

पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

महाकुम्भ में आशीर्वाद

पवित्र नदियों में स्नान करना पूर्वकर्मों के नाश और इस जीवन में सच्ची मुक्ति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। कुम्भ मेला एकता, शांति और विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग के आदर्शों को प्रतिष्ठित करता है। महा कुम्भ में आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

-विवेक ओबेराय, अभिनेता

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

कटनी। जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन राज्य सरकार की बेवसाइट में निर्धारित शुल्क 200 रुपये के साथ पोर्टल पर 15 फरवरी तक भरे जायेंगे। पूर्व में यह तिथि 10 फरवरी नियत की गई थी, जिसे संशोधन कर अब 15 फरवरी तक बढ़ाई गई है। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन या कियोस्क सेंटर पर जाकर कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं आरक्षण श्रेणी एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र-छात्राएं अपनी श्रेणी से चयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार जाति है, ध्यान पूर्वक दर्ज करायें। विद्यार्थी को आरक्षित श्रेणी से चयनित होने पर सक्षम अधिकारी का मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। छात्र को पासपोर्ट साइज की कलर फोटो, जिसमें छात्र का नाम, खिचवाने की दिनांक अंकित होना चाहिये। परीक्षा की संभावित तिथि 8 मार्च को प्रात 9.45 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जावेगी।

परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

कटनी। मध्यप्रदेश लोक सेवा इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 16 फरवरी को कटनी जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी तथा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में दो सत्रों में आयोजित की जायेगा। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित किया जायेगा। अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने परीक्षा के सफल संचालन एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रदीप कुमार मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर इनके सहयोग हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डियुटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल तहसीलदार ढीमरखेडा की डयूटी शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल माधवन नगर में लगाई गई है। वहीं राकेश कुमार अहिरवार अधीक्षक भू- अभिलेख की डयूटी शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं मनीष शुक्ला तहसीलदार विजयराघवगढ़ की डयूटी शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में लगाई गई है।

अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय

कटनी। फरवरी माह में शासकीय अवकाश के दिनों में भी जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन संबंधी कार्यों के लिए खुले रहेंगे। इस संबंध में वरिष्ठ उप पंजीयक ने बताया कि जन सामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा के लिए फरवरी माह में शेष सभी कार्य दिवसों एवं शनिवार 15 फरवरी तथा 22 फरवरी 2025 को शासकीय अवकाश दिवसों पर भी जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन संबंधी कार्यों के लिए खुले रहेंगे।

95 हजार रूपए नकदी सहित जेवरात लेकर चंपत हुआ चोर

कटनी। बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंआ में चोरी की वारदात हुई। बदमाश ने नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हे। जानकारी के अनुसार अंकित नायक ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश द्वारा 95 हजार रूपए नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध करते हुआ चोर की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।

कलेक्टर ने ग्रामीण विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

सीईओ को फटकारा, लापरवाह उपयंत्रियों की संविदा सेवा समाप्ति का नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना और मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री यादव ने समीक्षा के दौरान मनरेगा योजना में लेबर बजट का 60 प्रतिशत से कम लक्ष्य अर्जित करने वाले उपयंत्रियों की संविदा सेवाएं समाप्त करने का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पिछले वर्षों के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की हिदायत भी दी है।

बैठक में समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दर्जन भर उपयंत्रियों ने मनरेगा योजना की गाइडलाइन के तहत निर्धारित लेबर बजट के लक्ष्य से 60 प्रतिशत से कम उपलब्धि अर्जित की है। कलेक्टर श्री यादव ने ऐसे सभी उपयंत्रियों की संविदा समाप्ति का नोटिस देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने योजनांतर्गत कृषि आधारित कार्यों पर व्यय बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुए ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेन्द्र कोरी के कार्यों के प्रति गहन असंतोष व्यक्त किया। ढीमरखेड़ा मे कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर श्री यादव ने विकासखंड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने खेत तालाब, कपिलधारा, परकोलेशन टैंक, पौधारोपण, नंदन फलाद्यान जैसे हितग्राही मूलक व सामुदायिक योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कारगर पहल की हिदायत दी।

कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग के पिछले वर्षों के लंबित सभी अपूर्ण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में मध्यान्ह भोजन वितरण की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में स्व-सहायता समूहों द्वारा ही खाना बनाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के खाद्यान्न उठाव, भोजन की गुणवत्ता और छात्रों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने और इसकी विकासखंड स्तर पर नियमित समीक्षा के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ पाने से वंचित न रहे। सभी पात्रों का सर्वे सुनिश्चित कर लाभान्वित किया जाय। इसके लिए शासन द्वारा हाल ही में जारी दिशा- निर्देश के अनुरूप हितग्राही का चयन किया जाय। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ऋषि राज चढार, परियोजना अधिकारी मृगेन्द्र सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के कमलेश सैनी, परियोजना अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

पड़ोसी की बाड़ी में फंदे में लटकी मिली प्रौढ़ की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक प्रौढ़ का शव फंदे में लटका मिला। बताया जाता है कि रात्रि में प्रौढ़ घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह लोगों ने जब उसकी लाश फंदे में लटकती देखी तो इसकी जानकारी परिजनों एवं पुलिस को दी गई। यह घटना माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर नेपाली मुहल्ला की है। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व्यक्ति के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवा कर पंचनामा बनाया गया और शव पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी भेजा गया है। पीएम के बाद शव कफन दफन के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति ने आत्महत्या करने का कदम क्यों उठाया।

पिता की हत्या किये जाने के पुत्र ने लगाए अरोप

जानकारी के अनुसार कंधी बर्मन उम्र 50 वर्ष का लाश पड़ोसी के घर की बाड़ी में उसकी लाश फंदे से लटकती देखी गई। इस मामले में मृतक कंधी बर्मन के पुत्र मनीष का कहना हैं कि उसके पिता हत्या कर फंदे में लटकाया गया। मनीष का कहना है कि मोहल्ले में ही रहने वाले आकाश नामक युवक से उसके पिता का विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले आकाश ने मारपीट भी की थी। फिलहाल पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर परिजनों के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा बैठक में दिये दिशा निर्देश

निर्माण एवं विकास कार्यों की सतत रूप से करें निगरानी, गुणवत्ता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

15वां वित्त आयोग मद से स्वीकृत कार्य, नवीन ग्राम पंचायत भवनों और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं मनरेगा के अभिसरण से स्वीकृत किचन शेड कम डाइनिंग हॉल भवनों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जिला पंचायत सभागार में देर शाम तक चली विभागीय समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों को दिए।

ढुलमुल रवैया छोड़ें, सतत रूप से निरीक्षण और निगरानी करें

समीक्षा करते हुए जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023 24 तक के स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की विकास खंडवार जानकारी ली। 19 नवीन स्वीकृत ग्राम पंचायत भवनों प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं मनरेगा के अभिसरण से 13 स्वीकृत किचन शेड कम डाइनिंग हॉल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि तकनीकी मानकों, निर्धारित डिजाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता के साथ स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराएं। ढुलमुल रवैया छोड़कर निर्माण एवं विकास कार्यों की सतत रूप से निरीक्षण और निगरानी करें। जिला पंचायत सीईओ ने जीपीडीपी अपलोडिंग की जनपद पंचायत वार समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत से योजनाओं के शाखा प्रभारी अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री और उपयंत्री उपस्थित रहे।

अपार आइडी एवं परीक्षा को लेकर की गई समीक्षा

शासकीय माध्यमिक शाला में प्रधानाध्यापकों की यू डाइस प्लस एवं अपार आईडी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंचासीन अधिकारी श्रीमती साधना यादव संकुल केंद्र प्राचार्य दिलीप प्यासी प्राचार्य राकेश खरे प्राचार्य एवं हर्ष लता ठाकुर ने यू डाइस एवं अपार आईडी के संबंध में बताया है। जन शिक्षक मनीष दीक्षित अजय चतुर्वेदी जन शिक्षक द्वारा प्रधानाध्यापकों से कहा है कि विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक वार्षिक परीक्षा के समय विद्यालय में अनिवार्य रूप से रहे। शिक्षक, प्रधान अध्यापक उनके विभाग के संपर्क में रहे। बैठक में संकुल केंद्र प्राचार्य श्रीमती साधना यादव ने समीक्षा बैठक के दौरान प्रधान अध्यापकों चर्चा में बताया कि विद्यालय की जानकारी में बच्चों की यू डाइस एवं अपार आईडी पर जोर दिया और अपने अधीनस्थ विद्यालयों के बच्चों की जानकारी तत्काल पूर्ण करवायें। एमपी टास बनवाने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया। पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षाओं के संबंध में प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किए गए विद्यालय की शिक्षक समय पर अपनी विद्यालय में उपस्थित हो छात्रों को नियमित अध्यापन कार्य करवाए और विद्यालय की साफ सफाई पर जोर दिया।

सी.एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने शुक्रवार को सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक ली।बैठक में श्री दुबे ने सी एम हेल्पलाइन की एक एक लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए शिकायतकर्ता से संपर्क करते हुए समस्याओं का समाधान कराने एवं फोर्स क्लोज कराने वाली शिकायतों का स्पष्ट प्रतिवेदन दर्ज कराये जाने की हिदायत दी।

श्री दुबे ने नगर निगम कटनी की विभिन्न शाखाओं भवन अनुज्ञा, अस्थाई अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास योजना, साफ सफाई, पेयजल, सिविल,लेखा शाखा, राजस्व, सीवेज के लंबित एक-एक प्रकरणों से अवगत होते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही व दर्ज विभागीय निराकरण प्रतिवेदन का अवलोकन कर शेष लंबित प्रकरणों व्यक्तिगत व माँग आधारित शिकायतों का प्रतिवेदन विस्तृत टीप के साथ दर्ज करा कर फोर्स क्लोज कराने हेतु कहा,साथ ही विशेषकर एल-3,एल-4 शिकायतों को 3 दिवस में संतुष्टिपूर्ण निराकृत किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सहा.यंत्री अनिल जायसवाल, सहा राजस्व अधिकारी सागर नायक,विधि प्रभारी वरुणेश मिश्रा, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,उपयंत्री संजय मिश्रा ,जे.पी बघेल, अश्वनी पांडेय,पवन श्रीवास्तव, शैलेंद्र प्यासी,मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा,योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय,पूरण सोंधिया, श्रीकान्त तिवारी,संजय

दो पालियों में होगी परीक्षा, विशेष दिशा निर्देश किये जारी

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, तीन केन्द्रों में 996 परीक्षार्थी देंगे इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश लोक सेवा इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 16 फरवरी को कटनी जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी तथा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में दो सत्रों में आयोजित की जायेगी। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित होगा। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या कुल 996 है।

अपर कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर के लिए प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल श्री एम किडो को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है इस परीक्षा केन्द्र में 400 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि शासकीय कन्या महाविद्यालय के लिये प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ चित्रा प्रभात को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है यहां पर 300 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी हेतु प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज डॉ. एन वरखेडकर को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है, इस केंद्र में 296 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा परीक्षार्थियों के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी किये हैं।

आयोग के निर्देशों के मुताबिक परीक्षार्थियों के कक्ष में जाने के पूर्व वीक्षक द्वारा तलाशी ली जायेगी। परीक्षार्थी अपने कपड़ो, कफलींक, धूप के चश्मा, जूते- मोजे, हाथ के बेंड, हाथ में बंधन इत्यादि में विविध प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस पहनकर परीक्षा केन्द्र में नहीं आयें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पठन सामग्री एवं वर्जित वस्तु लेकर नहीं आयें।

परीक्षार्थी चप्पल व सेंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। बालों को बांधने का क्लेचर व बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले किसी भी प्रकार के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्स, वॉलेट, टोपी वर्जित है। हाथ में बंधे धागे, कलावा, रक्षासूत्र आदि का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जायें।

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ कोई एक पहचान पत्र जैसे पेनकार्ड, वोटर आईडी, आधार कार्ड व अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। मूल फोटो परिचय पत्र न होने पर अथवा परिचय पत्र प्रवेश पत्र के फोटो से मिलान न होने पर आवेदक को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और परीक्षार्थी का नाम एवं अनुक्रमांक की सूचना तत्काल जिला प्रशासन व पुलिस को दी जायेगी।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव का हुआ समापन

चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव का विशाल शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। 6 दिवसीय विराट धार्मिक आयोजन के आखिरी दिन मुनि श्री सुधा सागर महाराज के दर्शन करने एवं गजरथ महोत्सव में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का अपार जन सैलाब चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में उमड़ पड़ा। शुक्रवार को दोपहर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा धर्मसभा में परिवर्तित

शोभायात्रा आयोजन स्थल पर बनाये गए विशाल पंडाल से प्रारंभ होकर मंदिर प्रदिक्षणा के पश्चात पंडाल में धर्म शोभायात्रा के रूप में परिवर्तित हो गई। गजरथ महोत्सव की शोभायात्रा में महायज्ञ नायक, सौधर्म इन्द्र, कुवेर, नभिराय, मरूदेवी सहित सभी इन्द्र इन्द्राणी एवं प्रमुख पात्र शामिल हुए। परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज, नवाचार समय सागर महाराज के आर्शीवाद एवं श्री 108 जगत पूज्य मुनिश्री सुधा सागर महाराज की प्रेरणा एवं आर्शीवाद से एवं दिगम्बर जैन पंचायत समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में भूमि प्रदाता स.सि.कन्हैयालाल गिरधारीलाल औषधालय ट्रस्ट की भूमि पर चेतनोदय तीर्थ में विगत 9 फरवरी से श्री मज्जिनेन्द्र पंच कल्याणकन जिन बिम्ब प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन के आखिरी दिन मुनिश्री के परम सानिध्य में विशाल गजरथ फेरी निकाली गई। प्रातः विश्व शांति की कामना को लेकर इंद्र इंद्राणियों द्वारा आहुति दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के साथ ही सागर, रीवा, सतना, अमरपाटन, रीठी, जबलपुर, छतरपुर, ललितपुर एवं राजस्थान से आये धर्मानुरागी बन्धुओं, माताओं, बहनों ने विशाल गजरथ महोत्सव की फेरी में शामिल होकर धर्मलाभ ग्रहण किया। समाजजनों के सहयोग से स्थापित नन्दीश्वर जिन मन्दिर में 152 जिनबिम्ब प्रतिमाओं की मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने सूर्यमन्त्र देकर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठा कराई। इसी तारतम्य में बड़े मन्दिर एवं शमोशरण में विराजमान जिनबिम्ब प्रतिमाओं की विधि विधान के साथ प्रतिष्ठा कराई गई। इसके उपरांत तीर्थ क्षेत्र में तीनों मन्दिरों के चारों ओर 7 फेरी लगाई गई। फेरी में सबसे आगे 5 घोड़ों पर धर्मध्वजा लिए अश्वारोही चल रहे थे। डीजे की मधुर ध्वनि में जैन समाज के लोग नृत्य करते हुए चल रहे थे। इसके ठीक पीछे हाथियों पर इंद्र इंद्राणी सवार होकर चल रहे थे। शोभायात्रा में श्री जी एवं अष्टकुमारी जी का रथ शोभायमान था। भजन मंडली के सदस्य एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे। गजरथ शोभायात्रा में 800 इंद्र इंद्राणियों ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

रेप एवं गर्भपात मामले में पति व पत्नी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने पति व पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेजा गया है। दरअसल पति द्वारा एक युवती के साथ बलात्कार किया गया जब वह गर्भवती हो गई तो युवती का गर्भपात करा दिया गया जिसमें पत्नी भी शामिल रही। घटना करीब 04 माह पूर्व की बताई जा रही है।

झांसा देकर बनाएं संबंध

आरोपी व्दारा अपने पड़ोस में रहने वाली युवती जब दूसरो के घर का घरेलू काम करके वापस आ रही थी तब आरोपी ने युवती को रास्ते में रोककर अपनी पहली पत्नी से परेशान होकर तलाक देना है कहकर युवती को शादी करने का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और जब वह गर्भवती हो गयी तब आरोपी अपनी पत्नी के साथ मिलकर 04 माह से गर्भवती युवती के साथ मारपीट करके उसका जबरदस्ती गर्भपात करा दिया इसके बाद युवती ने घटना की बात अपने परिजन माँ को बतायी और माँ के साथ थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करायी जिस पर थाना माधवनगर पुलिस ने अप. क्रं. 134/25 धारा– 64(1), 89,115(2),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी छोटू बर्मन पिता कंधी बर्मन 28 साल निवासी माधवनगर और उसकी पत्नी रेनू बर्मन पति छोटू बर्मन 25 साल निवासी माधवनगर की तलाश शुरू की गई जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया जिनके मेडीकल परीक्षण बाद आरोपी को जिला न्यायालय कटनी पेश किया गया है। जहाँ से न्यायालय कटनी ने आरोपी पति एवम उसकी पत्नी को जेल भेज दिया।

आतंकवाद के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे भारत-अमेरिका, रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उत्पादन और तकनीकी साझेदारी बढ़ाएंगे, भारत को मिलेगा एफ-35 लड़ाकू विमान

पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए। अमेरिका ने भारत को और अधिक रक्षा तकनीक और सैन्य उपकरण देने पर भी सहमति जताई है

1 *अत्याधुनिक हथियार और सैन्य प्रणालियां मुहैया कराएगा*

2 *एफ-35 दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान माना जाता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात गुरुवार देर रात (भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 3 बजे) व्हाइट हाउस में हुई। इस दौरान दोनों ने एक-दूजे को गले लगाया और ट्रंप ने माना कि उन्होंने पीएम मोदी को मिस किया। इस बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी रणनीति और ऊर्जा साझेदारी जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

वहीं पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान तिलमिला गया है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके। इस दौरान पीएम मोदी और

पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रंप की दोस्ती से बौखलाया पाकिस्तान

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए। बैठक के दौरान अमेरिका ने भारत को और अधिक रक्षा तकनीक और सैन्य उपकरण देने पर सहमति जताई। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत को अत्याधुनिक हथियार, लड़ाकू विमान और सैन्य प्रणालियां मुहैया कराई जाएंगी।

भारत स्टील्थ विमानों के क्लब में होगा शामिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को 'एफ-35' स्टील्थ फाइटर जेट बेचने का ऐलान किया। इस कदम से भारत अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा। इस जेट को दुनिया के सबसे उन्नत जेट में से एक माना जाता है। इसलिए यह डील भारत के लिए एक बड़ी जीत है। बता दें, स्टील्थ विमान को रडार, इन्फ्रारेड और अन्य प्रकार के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से बचने के लिए डिजाइन किया जाता है। एफ-35 ऐसा ही एक स्टील्थ प्लेन है जिसे अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने डेवलप किया है। इसमें अन्य विमानों की तरह गेज या स्क्रीन नहीं है। इसमें बड़ी टचस्क्रीन और हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले सिस्टम है जो पायलट को रियल टाइम जानकारी देखने और जानने के काबिल बनाता है। हेलमेट पायलट को विमान के आर-पार देखने की भी अनुमति देता है।

इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का किया फैसला

अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया। दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्तपोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने और वैश्विक आतंकवाद विरोधी अभियान में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया। बता दें कि, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही झटका देते हुए पाकिस्तान में परियोजनाओं के लिए 845 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग पहले ही निलंबित कर दी है।

खबर संक्षेप

पाकिस्तान में बम विस्फोट, 9 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक भीषण बम विस्फोट हुआ,

जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट बलूचिस्तान के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ, जब कोयला खनिकों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक सड़क किनारे बम की चपेट में आ गया।

रिसॉर्ट में लगी भीषण आग 6 की मौत, कई घायल

सियोल। दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में आग लग

गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे।

एन चंद्रशेखरन यूके नाइटहुड से सम्मानित

नई दिल्ली। टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक

संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए 'ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन)' से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने इसकी जानकारी दी।

पोप फ्रांसिस इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

रोम। पोप फ्रांसिस को शुक्रवार को कुछ आवश्यक चिकित्सीय जांच और 'ब्रोंकाइटिस' के इलाज के

लिए रोम के 'जेमेली पॉलीक्लिनिक' में भर्ती कराया जाएगा। वेटिकन ने एक संक्षिप्त बयान में यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह गुरुवार को 88 वर्षीय पोसपोप के 'ब्रोंकाइटिस' से पीड़ित होने का पता चला था।

भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया

कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगा यूएस सेमीकंडक्टर निर्माण व क्वांटम कंप्यूटिंग में करेंगे शोध

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर करने का निर्णय लिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वॉशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। दोनों पक्ष रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए संबंधों को सुदृढ़ करेंगे।

इसके तहत महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्यूटिकल्स की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने पर बल दिया जाएगा। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए अमेरिका ने भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया। दोनों देशों ने अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करने की योजना बनाई है। इससे भारत को अपने ऊर्जा संसाधनों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका के आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए नई योजनाएं बनाई गई हैं, जिससे दोनों देशों की दोस्ती और साझेदारी और गहरी होगी।

आपसी सहयोग से इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाए रखना जरूरी

अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर मिलकर करेंगे काम

एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का लिया निर्णय

भारत और अमेरिका ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया। दोनों देश मिलकर उन्नत एआई सिस्टम विकसित करेंगे, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इस साझेदारी से भारतीय स्टार्टअप और टेक कंपनियों को भी फायदा होगा। दोनों देशों ने सेमीकंडक्टर निर्माण और क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान और विकास पर सहमति जताई। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इससे भारत में तकनीकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

बांग्लादेश के हालात पर भी की चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह जानकारी दी। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों और भारत उस स्थिति को किस तरह देखता है, इस संबंध में अपने विचार और असल में अपनी चिंताएं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साझा कीं। विदेश सचिव ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश की स्थिति उस दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हम उनके साथ रचनात्मक और स्थिर तरीके से संबंध रख सकेंगे।

भारत की अमेरिका को दो टूक

भारत-चीन सीमा विवाद के मुद्दे द्विपक्षीय तरीके से सुलझा रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में मदद की पेशकश की है। लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि वह अपने पड़ोसी देशों के साथ किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से ही सुलझाएगा। दरअसल, व्हाइट हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं भारत को देखता हूं, वहां सीमा पर झड़पें हो रही हैं, जो काफी हिंसक हैं। अगर मैं किसी भी तरह से मदद कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी, क्योंकि इसे रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और चीन के रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध होंगे। मेरी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अच्छी बनती थी, जब तक कि कोविड नहीं आया... चीन दुनिया में एक बहुत महत्वपूर्ण देश है।

ट्रंप की पेशकश ठुकराई

भारत की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस पेशकश को विनम्रता से ठुकरा दिया। इस पर बोलते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि भारत अपने सभी मुद्दों को सीधे बातचीत के जरिए हल करता है। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देशों के साथ जो भी मुद्दे हैं, उन्हें हल करने के लिए हमने हमेशा द्विपक्षीय तरीका अपनाया है। बता दें कि, भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। साल 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। हालांकि, कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बातचीत के बावजूद यह विवाद पूरी तरह सुलझ नहीं पाया है। भारत हमेशा से इस विवाद को बातचीत के जरिए हल करने का पक्षधर रहा है और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता।

अमेरिका के ऐलान से नाटो की बढ़ी टेंशन

ट्रंप बोले- हमारी प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं, हमें अब अपनी चिंता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद दुनिया के भी बहुत से समीकरण बदलते दिख रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के निर्णय पर अमेरिकी रक्षा मंत्री पेटे हेगसठ ने कहा है कि अमेरिका की प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं है।

ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने नाटो देशों की चिंता को बढ़ा दिया है। नाटो में यूरोप के ही ज्यादातर वे देश शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। ट्रंप के मंत्री ने बुधवार को यूक्रेन के 50 समर्थकों से मुलाकात के दौरान

साफ किया कि हमारी प्राथमिकता में यूरोप की सुरक्षा करना नहीं है। इसकी बजाय हमारी जरूरत यह है कि हम अमेरिका की सुरक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी ही सीमाओं पर खतरे का सामना कर रहा है। इसलिए हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने पर फोकस कर रहे हैं।

बांग्लादेश ने 8 साल बाद हटाया प्रतिबंध

नफ नदी से अब मछली पकड़ सकेंगे रोहिंग्याओं की घुसपैठ से भारत चिंतित

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने नफ नदी में मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटा दिया है। इसे लेकर वहां के मछुआरों ने खुशी जाहिर की है।

यह बैन पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार ने लगाया है, जिसकी वजह ड्रग्स की तस्करी से लेकर रोहिंग्या घुसपैठ को रोकना था, लेकिन अब 8 वर्षों पर यूनुस सरकार ने यह बैन हटा लिया है। बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के अंतर्गत आने वाली नफ नदीं पर मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटाना अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे बांग्लादेश के

रास्ते भारत में रोहिंग्याओं की घुसपैठ एक बार फिर बढ़ सकती है। कॉक्स बाजार जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूएनओ को एक पत्र जारी किया। मामले की पुष्टि करते हुए टेकनाफ यूएनओ शेख एहसान उद्दीन ने कहा कि नफ़ नदी में मछली पकड़ने की अनुमति अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक है।

भारत और थाईलैंड के संवाद कार्यक्रम में बोले पीएम

दोनों में शांति व सद्भाव का रिश्ता 2000 वर्षों से भी है ज्यादा पुराना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच प्राचीन और गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच यह रिश्ता 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है जो शांति और सद्भाव की एशियाई परंपराओं को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

पीएम मोदी ने थाईलैंड में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी टिप्पणी दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने थाईलैंड में संवाद के संस्करण में शामिल होने पर अपना सम्मान व्यक्त किया और इस

आयोजन को संभव बनाने के लिए भारत, जापान और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यक्तियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि थाईलैंड में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने थाईलैंड की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विरासत की सराहना करते हुए इसे एशिया की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर उदाहरण बताया। बता दें, संवाद का यह चौथा संस्करण 14 से 17 फरवरी तक थाईलैंड में आयोजित किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे द्वारा 2015 में शुरू की गई इस प्रमुख पहल का नेतृत्व भारत में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) कर रहा है, जिसमें जापान फाउंडेशन एक प्रमुख भागीदार है।

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति एक-दूसरे की पूरक हैं, जो दोनों देशों के आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देती हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया बड़ा दावा

ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा कवच को निशाना बनाया, विकिरण का स्तर सामान्य

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया।

यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं

हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखे एक पोस्ट में लिखा- कल रात, एक रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था, साथ ही अमेरिका के साथ वे सभी जो मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। रूस का यह हमला पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है। रूस को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए।

केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

जम्मू में सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड वितरित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश में मंत्रालय की योजनाओं के क्रियान्वयन के सिलसिले में जम्मू का दौरा किया।

उन्होंने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) की प्रमुख योजना के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक वर्कर्स (एसएसडब्ल्यू) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। सरकार ने सफाई कर्मचारियों को सम्मान प्रदान करने तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमस्ते योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य देश के शहरी क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है।

सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया

विभिन्न सुरक्षात्मक उपकरण दिए

पीपीई किट में विभिन्न सुरक्षात्मक वस्त्र और सहायक उपकरण शामिल होते हैं जो व्यक्तियों को संभावित स्वास्थ्य खतरों या संक्रमणों से बचाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन किटों में आम तौर पर मास्क, दस्ताने, चश्मे, फेस शील्ड, गाउन और शू कवर जैसी चीजें शामिल होती हैं। वे अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर वे सफाई कर्मचारी जो खतरनाक वातावरण या संक्रामक रोगों के संपर्क में आते हैं, जैसे सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी।

ओडीआई का दौरा किया

डॉ. कुमार ने नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत जम्मू में गैर सरकारी संगठन 'जेके सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस' द्वारा संचालित आउटरीच एंड ड्रॉप इन सेंटर का भी दौरा किया। आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाने वाला पहचान पत्र है, जो देश में सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना है। यह लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस और पेपरलेस स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

▶ जेईई-मेन जनवरी-2025 का परिणाम जारी
▶ 100 एनटीए स्कोर में 5 में से 4 एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट

एलन के 5 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर व 14 स्टेट टॉपर

कोटा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी जेईई-मेन जनवरी सेशन के परिणामों में एलन स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोरर घोषित किया गया है, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 14 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नबनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कनिष्का चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुडुचेरी, हर्ष झा दिल्ली, लायन गम्बा मणिपुर और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है।

मैं गलतियों से सीखता हूं और मजबूत होता हूं: ओमप्रकाश बेहरा- एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन जनवरी में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक हासिल

किए हैं। टीचर्स की गाइडलाइंस ही फॉलो कर रहा हूं, क्योंकि एलन के टीचर्स और स्टडी मटीरियल परफेक्ट हैं। फेकल्टीज को इन परीक्षाओं का बड़ा अनुभव है। जेईई मेन के लिए मुख्यतया एनसीईआरटी सिलेबस पर फोकस किया। वीकली टेस्ट में मार्क्स का ग्राफ कम-ज्यादा होता रहता है लेकिन मैं अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं।

रेगुलर हार्डवर्क है सफलता का मंत्रः अर्णव सिंह- एलन क्लासरूम स्टूडेंट अर्णव सिंह ने जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। मध्यप्रदेश में भोपाल निवासी अर्णव वर्ष 2019 से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का क्लासरूम स्टूडेंट है। अर्णव ने बताया कि मैं रोज क्लास के बाद जो भी होमवर्क मिलता है, उसको गंभीरता से पूरा करता हूं।

खुश रहता हूँ और यही मेरा की ऑफ सक्सेसः रजित गुप्ता- कॅरियर सिटी कोटा में महावीर नगर निवासी रजित गुप्ता ने जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 परसेन्टाइल स्कोर हासिल कर शिक्षा की काशी कोटा का नाम रौशन किया है। रजित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट है। इससे पूर्व 10वीं कक्षा को 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर चुका है। रजित ने बताया कि एलन में पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस।

हर चैप्टर को गहराई से समझता हूं: सक्षम जिंदल- सक्षम ने इससे पहले 10वीं कक्षा को 98 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया है। सक्षम ने बताया कि माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं लेकिन, मैथ्स शुरु से मेरा फेवरेट सब्जेक्ट रहा है इसलिए इसमें ही कॅरियर बनाने का मैंने सोचा। आईआईटी मुंबई में जाने का सपना है। मेरी पूरी कोशिश रहती थी कि हर चैप्टर को गहराई से समझूं।

सोनालीका ने 2025 से अब तक की सर्वाधिक 10,350 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री की

घरेलू बिक्री में वृद्धि जारी दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया

नई दिल्ली। सोनालीका ट्रैक्टर उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक किसान के पास अपने खेती के अनुभव को नए स्तर तक बढ़ाने के लिए ताकतवर, कुशल और विश्वसनीय कृषि मशीनरी तक पहुंच हो। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 2025 की एक प्रेरक शुरुआत करते हुए जनवरी'25 की सर्वाधिक 10,350 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। अपनी रोमांचक यात्रा के नए चरण में कंपनी लगातार किसानों की सफलता के लिए इनोवेशन प्रदान करते हुए घरेलू बाजार में आगे बढ़ी और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया। सोनालीका ने जनवरी'24 में 9,769 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की थी।

भारत का कृषि क्षेत्र स्थिरता के युग और लगातार विकसित हो रही कृषि पद्धतियों से गुजर रहा है। केंद्र सरकार के बजट में अर्थव्यवस्था के विकास इंजन के रूप में कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप ट्रैक्टर उद्योग को भी देश को आगे बढ़ाने वाली निर्णायक ताकत के रूप में रहना चाहिए। सोनालीका ट्रैक्टर उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक किसान के पास अपने खेती को नए स्तर तक बढ़ाने के लिए ताकतवर, कुशल और विश्वसनीय कृषि मशीनरी तक पहुंच हो। 150 से अधिक देशों में एक विश्वसनीय ब्रांड, सोनालीका ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ है जो आगे की अभूतपूर्व उपलब्धियां सुनिश्चित करता है। नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, 'हमेशा से हम अपने विश्वास और 3 मुख्य सिद्धांतों पर खरे उतरे हैं - सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करना, हितधारकों के हितों की देखभाल करना और बिना किसी शॉर्टकट के नैतिक रूप से व्यापार करना। ये तीन सिद्धांतों ने हमें अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हुए ट्रैक्टर उद्योग में नए प्रदर्शन मानक स्थापित करने हेतु भरोसा दिया है जिससे हमनें जनवरी की अब तक की सर्वाधिक 10,350 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। जनवरी'25 में हमने घरेलू बाज़ार में बिक्री में वृद्धि तथा बाज़ार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हासिल की है और साथ ही साथ उद्योग की वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। दक्षिणी, पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में जल भंडार का स्तर 10 साल के औसत एलपीए को पार करते हुए काफी बढ़ गया। इसके अलावा, अनुकूल ला नीना थितियों से रबी फसल के बढ़ने की उम्मीद है। हम 2025 में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए तत्पर हैं और क्षेत्रों की जरूरतों के अनुसार ट्रैक्टर तैयार करते हुए किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करना जारी रखेंगे।

एमजी हेक्टर एसयूवी का स्थान बरकरार

जबलपुर। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की इंटरनेट एसयूवी – एमजी हेक्टर ने अपनी लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीय एसयूवी उत्साही लोगों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। एमजी हेक्टर अपनी कम कुल स्वामित्व लागत, उच्च रीसेल वैल्यू और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उद्योग में एक बेंचमार्क स्थापित कर रही है। साथ ही इसमें तकनीक और बेहतरीन परफॉरमेंस का भी जोड़ है।

लड़के ने शादी के कार्ड की जगह बाटी ये चीज, तुरंत वायरल हो गया निमंत्रण देने का यूनिक स्टाइल

भरतपुर। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। लेकिन, भरतपुर जिला परिषद कार्यालय में सांख्यिकी अधिकारी केसर देव ने इसे एक नई दिशा दी है। अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए उन्होंने परंपरागत निमंत्रण कार्ड के स्थान पर अर्जुन के पौधे वितरित किए यह पहल न केवल पर्यावरण प्रेम को दर्शाती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देती है। उन्होंने अर्जुन के पौधों का वितरण किया जिन पर एक स्टीकर लगाया गया है जिसमें शादी के कार्यक्रम की सारी जानकारी दर्ज है इससे दो फायदे हुए, पहला लोगों को औषधीय पौधों का महत्व समझाने का मौका मिला रहा है और दूसरा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

भारत का 'वैलेंटाइन गांव' जहां लव मैरिज है एक परंपरा

यहां प्यार को निभाना है जरूरी

एजेंसी ▶▶ सूरत

वैलेंटाइन डे हर साल 14 फरवरी को मनाया जाता है, लेकिन सूरत के एक छोटे से गांव भाटपोर में यह पूरा साल चलता है। यहां के लोग किसी और की तरह नहीं, बल्कि अपनी पसंद से प्यार करते हैं और वही प्यार उन्हें जीवन भर का साथी बना देता है। इस गांव का नाम भाटपोर है, और यहां लव मैरिज (प्रेम विवाह) एक परंपरा बन चुकी है। यहां के लोग इस पर गर्व करते हैं और यह सोचते हैं कि लव मैरिज उनके गांव की पहचान है।

क्या है भाटपोर गांव की खासियत?

भाटपोर गांव की बात करें तो यहां के लोग पिछले तीन पीढ़ियों से एक खास तरह के रिश्ते बनाते आ रहे हैं। 90 फीसदी से भी ज्यादा लोग इस गांव में लव मैरिज करते हैं। मतलब, इस गांव में जो लड़का-लड़की एक-दूसरे से प्यार करते हैं, वे बिना किसी डर के अपने परिवार की सहमति से शादी करते हैं। मजे की बात यह है कि यहां के बुजुर्ग भी इस परंपरा को पूरी तरह से सपोर्ट करते हैं। यह गांव इस मामले में दूसरे गांवों से बिल्कुल अलग है। यहां लव मैरिज एक ट्रेंड नहीं, बल्कि एक खुसूसियत बन चुकी है। पिछले तीन दशकों से, लोग यहां शादी के लिए गांव के बाहर नहीं जाते। हर पीढ़ी ने यही तरीका अपनाया और यह परंपरा लगातार बढ़ती चली गई।

गांव में शादी करना है गर्व की बात!

यहां के लोग मानते हैं कि गांव में शादी करने से नया माहौल ढ़ालने का तनाव नहीं होता। वे गांव में ही रहकर अपनी जिंदगी को अच्छे से जी सकते हैं। इसका फायदा यह है कि हर कोई एक-दूसरे को जानता है, और जब कोई शादी करता है, तो वह सिर्फ अपने साथी से नहीं, बल्कि पूरे गांव से जुड़ता है। भाटपोर में शादी करना कोई साधारण बात नहीं है, बल्कि यह एक परंपरा और गर्व की बात मानी जाती है। यहां की संस्कृति और परंपराएं इसके महत्व को और बढ़ाती हैं। गांव में शादी करने से रिश्ते मजबूत होते हैं और सभी के बीच एक मजबूत संबंध बनता है।

कहानी भाटपोर की रमीला बेन पटेल की

भाटपोर की निवासी रमीला बेन पटेल ने भी इस परंपरा के बारे में कुछ खास बातें साझा कीं। उन्होंने बताया, 'मेरा ससुराल और मायका दोनों इसी गांव में हैं। सालों से हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी यह परंपरा चली आ रही है।' उन्होंने अपनी बेटी की शादी भाठा गांव में करवाई है, जो इस परंपरा का हिस्सा है। रमीला बेन का कहना है कि इस गांव में लोग अपनी शादी के लिए हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं।

तीन पीढ़ियों से लव मैरिज का ट्रेंड

अगर आप सोच रहे हैं कि भाटपोर में लव मैरिज सिर्फ आजकल के युवाओं की बात है, तो ऐसा नहीं है। यहां के दादा-दादी भी अपनी शादी में लव मैरिज का हिस्सा रहे हैं। यानी इस गांव में लव मैरिज की शुरुआत बहुत पहले हो चुकी थी और आज भी यह परंपरा लगातार आगे बढ़ रही है। यहां के लोग इस बात पर गर्व करते हैं कि वे अपने गांव में ही शादी करते हैं और परिवार के सदस्य एक-दूसरे को समझते हैं। बड़े शहरों में लव मैरिज आम हो सकती है, लेकिन भाटपोर में यह एक जीवन शैली बन चुकी है। इस गांव में जो लड़का-लड़की शादी करना चाहते हैं, वे इसी गांव में अपने साथी को ढूंढते हैं और परिवार की स्वीकृति के बाद शादी करते हैं। इससे न सिर्फ नई पीढ़ी को आसानी से समझ आता है, बल्कि परिवार के लोग भी एक-दूसरे के करीब रहते हैं।

गांव में होती हैं 99 प्रतिशत शादियां

भाटपोर गांव के सरपंच देवीदास पटेल ने बताया कि उनका गांव 1968 से एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत है। यहां की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस गांव के लोग 99 फीसदी शादियां गांव के भीतर ही करते हैं। 'हमारे गांव की यह परंपरा 2-3 पीढ़ियों से चल रही है। हम इस परंपरा को निभाते हुए यहां के लड़के-लड़कियों की शादी इसी गांव में करते हैं।' उन्होंने कहा कि सिर्फ 1-2% लोग ही गांव से बाहर शादी करते हैं।

वैलेंटाइन-डे : 500 लोगों ने किया प्रपोज

न्यूयार्क। सोशल मीडिया एक ऐसी दुनिया है, जहां पर लोग बिना सामने वाले को पूरी तरह से जाने उससे बातचीत शुरू कर देते हैं, पर कई बार उन्हें धोखा मिलता है। ऐसा ही कुछ लोगों के साथ भी हुआ, जब उन्हें एक लड़की सोशल मीडिया पर दिखी। उन्हें वो लड़की इतनी पसंद आ गई कि वैलेंटाइन डे पर अपना पार्टनर बनाने के चक्कर में पहले ही उसे करीब 500 लोगों ने प्रपोज कर दिया। पर वो लड़की किसी के भी हाथ नहीं आई।कारण इतना हैरान करने वाला है कि आप चौंक जाएंगे! एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार आयका

■ फिर भी किसी के हाथ न आई ये 'लड़की', हैरान करने वाला है कारण!

किट्टी फैनवू नाम के सोशल मीडिया सब्सक्रिप्शन ऐप पर काफी फेमस हैं। उनके 1 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वो हर महीने 5 लाख रुपए से ज्यादा की कमाई कर लेती हैं। इंस्टाग्राम पर भी उनके 1 लाख के करीब फॉलोअर्स हैं। उनकी खूबसूरती के लोग मुरीद हैं। अब सवाल ये उठता है कि लोग उनके इतने दीवाने हैं, तो वो किसी को भाव क्यों नहीं देतीं?

एआई इंफ्लुएंसर को लोगों ने किया प्रपोज

जी हां, आपने सही पढ़ा। आयका एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी लड़की हैं जो सिर्फ वर्चुअल दुनिया में मौजूद हैं। वो हकीकत में नहीं है। पर वो इतनी असली लगती है कि लोगों को उन्हें देखकर कन्फ्यूजन हो जाती है और लोग उन्हें सोशल मीडिया पर प्रपोजल भेज देते हैं। उन्हें तो कई लड़कों ने पैरिस घुमाने के वादे कर दिए हैं, कई ने उन्हें महंगे रेस्टोरेंट ले जाने का ऑफर दिया है और कई लोग साथ में शॉपिंग ले जाना चाहते हैं।

अकेलेपन से जूझ रहे लोगों को मिलेगा साथ

इस एआई इंफ्लुएंसर को बनाने वाली टीम दिन में 18 घंटे काम कर रही है और वो उसे सच जैसा बनाना चाहती है, जिससे उसे मैसेज करने वाले लोगों को ये कहीं से भी न लगे कि वो नकली है। इससे पहले कुछ लोगों ने उसे दुबई के एक प्राइवेट जेट में उड़ने का प्रस्ताव भेजा है। कंपनी का मानना है कि ऐसे इंफ्लुएंसर्स से जो लोग दुनिया में अकेले हैं, उन्हें एक पार्टनर मिल सकेगा और वो अपना सुख-दुख उससे बांट पाएंगे।

मंगल पर रंगीन बादल कहां से आए? नासा ने दिखाई तस्वीर तो उछल पड़े लोग

वॉशिंगटन। कई बार नासा ऐसा कमाल दिखा देता है कि वह दुनिया भर के अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए कौतूहल बन जाता है। इसी कड़ी में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने हाल ही में मंगल ग्रह के आकाश में रंगीन बादलों की अनोखी तस्वीरें भेजी हैं जिनमें लाल और हरे रंग की झलक देखी गई है। ये बादल मंगल के वातावरण और जलवायु को समझने में मदद कर सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ये इंद्रधनुषी बादल कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ से बने होते हैं और सूर्य की रोशनी के बिखरने के कारण चमकते हैं।

दरअसल, खुद नासा ने बताया कि क्यूरियोसिटी रोवर ने 17 जनवरी को अपने मास्टकैम से ये तस्वीरें लीं। ये बादल मंगल के सोल पर देखे गए। इन्हें नोक्टिल्यूसेंट या ट्वाइलाइट क्लाउड्स कहा जाता है जो सूर्यास्त के समय चमकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार 2019 में इन बादलों को दर्ज किया था और यह चौथी बार है जब मंगल के दक्षिणी गोलार्ध में गिरते मौसम में ये देखे गए हैं।

आखिर क्या है मंगल पर बादलों का रहस्य

रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगल ग्रह के बादल मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं। पानी की बर्फ से बने बादल और उच्च ऊंचाई पर बेहद ठंडे तापमान में बनने वाले कार्बन डाइऑक्साइड के बादल। ये इंद्रधनुषी बादल लगभग 60 से 80 किलोमीटर की ऊंचाई पर बनते हैं और धीरे-धीरे वायुमंडल में गिरकर 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर वाष्पित हो जाते हैं।

राशिफल

मेष — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

सिंह — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

कन्या — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

तुला — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

मकर — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

कुंभ — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

आवश्यकता

आवश्यकता है- कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेक्रेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शनिस्ट, बिलिंग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिंग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्क:- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246 (रायपुर/16/फरवरी 25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर/21/फरवरी 25)

आवश्यकता है- Hindustan पेन्सिल पेन के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी करके 85000 - 95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध. आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करें. WhatsApp 6397479854 (रायपुर/16/फरवरी 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

अब आप चाहेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

शब्द पहेली - 5779



बाएँ से दाए
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

ऊपर से नीचे
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

शब्द पहेली - 5778 का हल

	बि	रा	द	री		ज	य	मा	ला	
बि	ल		श		का	य	म		श	व
रा		म	ह	क	ना		ज	रा		तं
द	र	द	रा			सा		ग	रि	मा
र		हो		व	सु	ध	र		या	न
	कु	श	ल		दा		जा	य	ज	
मि	लं		क	रा	मा	त		म		अ
ला	न	त		त			प	रा	धी	न
व		ल	ता		अ	ध	र	ज		ब
ट	ब		लं	न	ता		तं		मी	न
	स	ला	म	त		मि	त्र	व	त	

सूडोकु नवताल - 5789

सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5788 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

MANGAL SENCHA BANGALORE

वैलेंटाइन डे पर नीतू कपूर ने 6 लोगों पर बरसाया प्यार

मुंबई। एक्ट्रेस नीतू कपूर ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर अपने परिवार के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके साथ बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी, दामाद भरत साहनी, नातिन समारा, बेटे रणबीर कपूर, बहू आलिया भट्ट और सबसे छोटी सदस्य राहा कपूर भी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ नीतू कपूर ने लिखा 'हैप्पी वेलेंटाइन डे'। गौरतलब है कि नीतू कपूर अक्सर अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर की याद में तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। पिछले साल उन्होंने एक फैन द्वारा एडिट की गई तस्वीर शेयर की थी जिसमें ऋषि कपूर अपनी पोती राहा के साथ थे।

लाइफ Style

मावरा होकेन

पाकिस्तान से बॉलीवुड तक का सफर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सनम तेरी कसम' 7 फरवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पहली बार 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन ने अहम किरदार निभाया है। मावरा होकेने 28 सितंबर 1992 में पाकिस्तान में पैदा हुई थीं।

मावरा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से कानून में डिग्री हासिल की। वह पाकिस्तान की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में भी फिल्म की है। मावरा होकेन ने 'खिचड़ी सालसा' टीवी सीरियल से अभिनय की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने 'आहिस्ता-आहिस्ता', 'निखर गए गुलाब सारे' जैसे टीवी सीरियल में काम किया। मावरा ने साल 2016 में बॉलीवुड की फिल्म 'सनम तेरी कसम' से बॉलीवुड में कदम रखा। मावरा ने साल 2018 में पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में 'जवानी फिर नहीं आनी' से शुरुआत की।

मावरा होकेन ने साल 2023 में 'नीम' सीरियल में काम किया है। इस सीरियल में उन्होंने इतना अच्छा काम किया कि उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए 'नौवां हम अवॉर्ड' दिया गया। 'सामी' सीरियल में काम करने के लिए मावरा को 'छठा हम अवार्ड' में नॉमिनेट किया गया। 'सबात' में काम करने के लिए उनका नामांकन '20 लक्स स्टाइल अवॉर्ड' में हुआ। मावरा होकेन साल 2020 में 'सबात' के सेट पर पाकिस्तानी एक्टर अमीर गिलानी से मिलीं। इसके बाद 5 फरवरी 2025 को होकेन की मुस्लिम परंपरा के मुताबिक लाहौर में शादी हो गई। मावरा का बचपन का नाम मावरा हुसैन था, लेकिन उन्होंने अपने नाम को सबसे अलग करने के लिए मावरा होकेन कर दिया।

हॉलीवुड मसाला

बाफ्टा प्रेजेंटर्स की लिस्ट

आई सामने

लॉस एंजिल्स। बाफ्टा फिल्म अवॉर्ड 2025 की प्रेजेंटर्स की लिस्ट जारी की गई है। इस साल दर्शकों को सेलिना गोमेज, जोई सल्डाना, जेसी ईसेनबर्ग, जो एल्विन, इसाबेला रोसेलिनी, कोलमैन डोमिंगो और राल्फ फिएनेस जैसे हॉलीवुड सेलिब्रिटीज बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों को ट्रॉफी देते हुए नजर आएंगे। कई और सेलिब्रिटीज भी हैं जो बाफ्टा अवॉर्ड विनर को ट्रॉफी देंगे। इसमें एडम पियर्सन, एडम स्कॉट, एन्ना केंड्रिक, कैमिला कैबेलो, सेलिया इमरी, चिवेटेल एजियोफोर, हन्ना जॉन-कामेन, जेम्स मैकएवॉय, जेम्स नॉर्टन जैसे लोगों के नाम शामिल हैं।

हद से ज्यादा डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर

लॉस एंजिल्स। सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है। यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एजियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।

'आखिरी सोमवार' में आएंगी नजर

मुंबई। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल 'आखिरी सोमवार' रखा गया है। ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई 'चाइल्डिस कैट लेडी' कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है।

छावा : एक्शन में हैं कई खामियां

नई दिल्ली। फिल्म छावा वेलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं छावा दर्शकों को मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के गहन और मनोरंजक जीवन से रू-ब-रू कराती है। 'छावा' में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। छावा में संभाजी महाराज की वीरता को प्रणाम है। लेकिन यह कई ऐसी खामियां समेटे हैं जो इमोशनल कनेक्ट बनाने की राह में रोड़ा अटकाती हैं। इसका अंत लंबा कर दिया गया है, जिस तरह का दर्द और बलिदान दिखना चाहिए था, मिसिंग है। एक्शन में कई खामियां है। एक जगह साफ दिख जाता है कि तलवार गर्दन में नहीं घुसी, बल्कि गले के दूसरी साइड है। फिर वहीं एक सीन में तो मरने वाला योद्धा गर्दन टेढ़ी कर तलवार को थामे है।

टीवी मसाला

'दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के लगाते थे चक्कर'

नई दिल्ली। कौन बनेगा करोड़पति 16 में अमिताभ बच्चन के किस्से दर्शकों को काफी रोचक लगते हैं। रीसेंट एपिसोड में उन्होंने बताया कि कैसे दोस्तों का टूटा स्कूटर मांगकर वह लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाने जाते थे। उन्होंने स्कूटर की जो स्थिति बताई उसे सुनकर दर्शकों ने ठहाके लगाए। बिग बी बोले आज के बच्चे स्टार्ट अप करते हैं, लेकिन वह स्कूटर स्टार्ट करते थे। अमिताभ बच्चन ने बताया के वह दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाते थे। वह बताते हैं, 'जिस उम्र पर यंग लोग आज स्टार्ट-अप लॉन्च कर रहे हैं, मैं भी स्टार्ट-अप में बिजी था...स्कूटर में किक मारने की स्टार्टअप। 'अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पास स्कूटर नहीं था। वह दोस्तों से मांगते थे। वह बताते हैं, 'स्कूटर मिल जाता था पर टूटा-फूटा था। 10-12 किक मारने के बाद चल जाता था। एक्सीलेरेटर खराब होता था, उसमें स्टार्ट-अप किया। वायर दबा दिया, किक मारता था, मुंह से उसको खींचा और चल दिए।' अमिताभ बच्चन ने बताया कि स्कूटर वाली ये ट्रिक उन्होंने रोटी, कपड़ा और मकान फिल्म में भी अपनाई थी। बिग बी पहले भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर चुके हैं। केबीसी 14 के एपिसोड में उन्होंने बताया था कि जब वह नैनीताल में थे तो बाउंड्री वॉल फांदकर भाग जाते थे। पास में गर्ल्स स्कूल था तो वहां लड़कियां देखने को मिलती थीं।

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएंगे कई ट्विस्ट, अरमान को मिलेगी उसकी असली मां

नई दिल्ली। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 3 ट्विस्ट आने वाले हैं। इन ट्विस्ट की वजह से अरमान, अभिरा, विद्या, चारू, कियारा और अभीर की जिंदगी हमेशा-हमेशा के लिए बदल जाएगी। गोयनका और पौद्दार हाउस में तमाशे होंगे। एक के बाद एक कई सारे सच सबके सामने आएंगे। अरमान आखिरी बार अपनी और अभिरा की शादी बचाने की कोशिश करेगा। वह अभिरा को अपनी फेवरेट जगह बुलाएगा। जब अरमान वहां पहुंचेगा तब वह देखेगा कि आरके, अभिरा को प्रपोज कर रहा है। अरमान का दिल टूट जाएगा और वह वहां से चला जाएगा। संजय की वजह से चारू मंडप तक नहीं पहुंचेगी। परिवार के एक सदस्य को चारू कि चिट्ठी मिलेगी जिसमें लिखा होगा कि वो ये शादी नहीं करना चाहती है। जब अभीर को ये बात पता चलेगी तब वह भड़क जाएगा और जाकर कियारा से शादी कर लेगा। चारू जैसे-तैसे गोयनका हाउस पहुंचेगी और देखेगी कि अभीर और कियारा की शादी हो गई है।

'किस्मत' थी एक करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म

नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करता रहा है। अपने 100 साल से भी ज्यादा पूरे कर चुका इंडियन सिनेमा तमिल, तेलुगू और कई साउथ फिल्म इंडस्ट्री से भी जाना जाता है। वैसे आज के समय में साउथ सिनेमा ही इंडियन सिनेमा की पहचान बन चुका है। इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में साउथ सिनेमा की फिल्मों की लिस्ट लंबी है, लेकिन आज हम बात करेंगे उस हिंदी फिल्म की, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे पहले 1 करोड़ रुपए कमाए थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी और इसकी कमाई का यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा था। यह फिल्म शोले, मुगल ए आजम, डिस्को डांसर और क्रांति में से कोई भी नहीं है। इस फिल्म ने उस समय में आज की बिगेस्ट ब्लॉकबस्टर फिल्में 3 इडियट्स, पुष्पा 2 और दंगल से भी ज्यादा टिकट सेल की थीं।

75 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म

दरअसल हम बात कर रहे हैं 75 साल पुरानी फिल्म किस्मत (1943) की, जिसे ज्ञान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अशोक कुमार, मुमताज शांति और शाह नवाज ने लीड रोल प्ले किया था। यह फिल्म 9 जनवरी 1943 को रिलीज हुई थी और यह उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। महज 2 लाख रुपए के बजट में बनी फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म का टैग अपने नाम कर लिया था। किस्मत एक बोल्ड थीम पर बेस्ड एंटी-हीरो की फिल्म थी, जिसमें एक अविवाहित महिला प्रेग्नेंट हो जाती है।

पुष्पा 2, दंगल और 3 इडियट्स से कैसे आगे?

बता दें, किस्मत को देखने के लिए 3.5 करोड़ दर्शक थिएटर में जुटे थे। कथित तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म उस समय की सुपरहिट फिल्म है। जबकि पुष्पा 2 का फुटफॉल (2 करोड़), 3 इडियट्स (3.2 करोड़), धूम 3 (3.4 करोड़) और गजनी का (2.4 करोड़) फुटफॉल था। किस्मत ने 75 साल पहले एक ही थिएटर से 12 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। यह फिल्म 184 हफ्तों तक थिएटर में चली थी। ऐसे में किस्मत भारत की पहली ऐसी फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है, जिसने 1 करोड़ रुपए सबसे पहले कमाए थे।

'द डिप्लोमैट' का ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्चे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्मों के सेट पर लिखी गईं इन सितारों के प्यार की दास्तां

नई दिल्ली। प्यार का सप्ताह प्रेमियों के लिए इश्क की सौगात लेकर आता है। दुनिया भर में न जाने कितने ही जोड़े इस सप्ताह में अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ लोग वैलेंटाइन सप्ताह में शादियां भी करते हैं। ऐसे में प्यार और इजहार के इस मौसम में आइए आज आपको बॉलीवुड के उन सितारों की प्रेम कहानियों से रूबरू करवाते हैं, जिनके प्यार की कहानी की शुरुआत उनके फिल्म के सेट से हुई थी। हालांकि, कुछ सितारों ने शादी की, तो वहीं कुछ सितारों की प्यार की दास्तां बिना मंजिल के बीच में ही अटक गई।



कुछ को मिली मंजिल तो कुछ हुए जुदा

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

इस लिस्ट में पहला नाम बॉलीवुड के मशहूर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का है। उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रणबीर ने आलिया को प्रपोज भी किया था। आलिया ने खुद इस बात का खुलासा 'कॉफी विद करण' में किया था। कई साल तक डेट करने के बाद 2022 में दोनों सितारे शादी के बंधन में बंध गए।

कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा

ऐसा माना जाता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने फिल्म 'शेरशाह' पर एक साथ काम करना शुरू करने के तुरंत बाद डेटिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, कियारा ने 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते के बारे में संकेत दिए। अभिनेत्री ने कहा था कि वे दोनों करीबी दोस्त से कहीं अधिक हैं। इसके बाद फरवरी 2023 में इस जोड़ी ने शादी कर अपने प्रशंसकों को तोहफा दिया।

अजय देवगन और काजोल

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल की प्रेम कहानी भी काफी दिलचस्प है। फिल्म 'हलचल' के सेट पर वे और अजय देवगन एक- दूसरे को दिल दे बैठे थे। कई साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। आज वे एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

करीना कपूर और शाहिद कपूर

शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिश्ता बॉलीवुड के सबसे चर्चित और प्यारे रिश्तों में से एक था। दोनों की मुलाकात 2004 में फिल्म 'फिदा' के सेट पर हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। उनका रिश्ता लगभग पांच साल तक चला, लेकिन 2007 में फिल्म 'जब वी मेट' की रिलीज के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। से में शाहिद और करीना की प्रेम कहानी भी शादी के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी।



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पहली मुलाकात फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' के सेट पर हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच प्यार की शुरुआत संजय लीला भंसाली की साल 2013 की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' के दौरान हुई। इसके बाद जोड़ी ने 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रणवीर और दीपिका ने अपने रिश्ते को छिपाकर रखा और 2018 में लेक कोमो में शादी कर ली।

सैफ अली खान और करीना कपूर



सैफ अली खान और करीना कपूर ने भले ही साल 2003 की 'एलओसीः कारगिल' और 2006 की 'ओमकारा' में स्क्रीन स्पेस साझा किया हो, लेकिन दोनों के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म 'टशन' के सेट पर हुई। दोनों की कहानी शाही रोमांस निकली। उन्होंने 2008 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। इसके बाद अक्टूबर 2012 में शादी कर ली। कपल के दो बेटे तैमूर और जेह अली खान हैं।

सलमान खान-ऐश्वर्या राय

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी बॉलीवुड के सबसे चर्चित और विवादित प्रेम कहानियों में से एक है। दोनों की मुलाकात 1999 में फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर हुई, जहां से दोनों की प्यार की शुरुआत हुई। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई और जल्द ही दोनों की राहें अलग हो गईं।

खबर संक्षेप

बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात बकवास

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई।

स्वियाटेक कतर ओपन खिताब से दो जीत दूर

दोहा। तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से

हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियाटेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

साल में दस महीने खेलने से और बढ़ेगा चोटों का खतरा

कोलकाता। विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए

इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। 1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं।'

अच्छी तैयारी के साथ भारत दौरे पर आए थे

अहमदाबाद। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उनकी टीम ने

भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। रवि शास्त्री और केविन पीटरसन ने बुधवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा था कि जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी ने वनडे श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। मैकुलम ने कहा, 'यह पूरा बयान ही तथ्यात्मक रूप से गलत है कि हमने अच्छी तैयारी नहीं की थी।

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त ई-निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-11-24-25 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 12.02.2025, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** सियालदह मंडल - पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के कार्यक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लेवल क्रॉसिंग (कुल 14 लेवल क्रॉसिंग) के स्थान में आरओबी के निर्माण के सिलसिले में टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण एवं जियोटेक्निकल जाँच-परख कार्यों सहित इंजीनियरिंग डिजाइन कंसल्टेंसी कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,33,09,420.18, **बयाना राशि :** रु. 2,16,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 6 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 03.03.2025, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-355/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

वनडे : घर में कंगारुओं को 174 रनों से रौंद चटाई धूल

श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दूसरे और अंतिम वनडे में 174 रनों से हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। यह वनडे इंटरनेशनल में श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने दो मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर दिया। बता दें कि श्रीलंका ने सीरीज के पहले मुकाबले में 49 रनों से जीत हासिल की थी। कुशल मेंडिस 101 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच और चरिथ असलंका 205 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 281 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 11 चौके की मदद से 115 गेंदों पर 101 रन बनाए। वहीं कप्तान चरिथ असलंका 78 रन बनाकर नॉटआउट रहे। असलंका ने 66 गेंदों का सामना किया और 6 चौके के अलावा 3 छक्के लगाए। टीम के लिए निशान मदुष्का (51) और जेनिथ लियानागे (32*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

कंगारू 107 रनों पर ढेर

282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.2 ओवरों में महज 107 रनों पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंकों में पहुंच सके। इसमें कप्तान स्टीव स्मिथ (29), विकेटकीपर जोश इंगलिस (22) और ट्रेविस हेड (18) का नाम शामिल रहा। श्रीलंकाई टीम के लिए स्पिनर डुनिथ वेलालगे ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं दूसरे स्पिनर वानिंदु हसारंगा ने भी तीन खिलाड़ियों को चलता किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने भी तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की हार की पटकथा लिखी।

श्रीलंका नहीं खेल रही चैंपियंस ट्रॉफी

बता दें कि श्रीलंकाई टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग नहीं ले रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 की टॉप-8 टीमों को ही चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का मौका मिला है। उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम 50 ओवर्स की क्रिकेट में वर्ल्ड चैंपियन है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मिली इस हार से ऑस्ट्रेलिया का मनोबल जरूर गिरेगा।

आस्ट्रेलिया के शीर्ष 5 खिलाड़ी बाहर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष पांच खिलाड़ी बाहर हो गए है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों के चलते इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते पहले ही टूर्नामेंट से आउट हो गए थे। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक ही वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। सीन एबॉट, बेन ड्वारशुइस, स्पेंसर जॉनसन, जेक-फ्रेजर मैकगर्क और तनवीर संघा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

मास्टर्स लीग

भारत के कप्तान होंगे सचिन संगकारा श्रीलंका के कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने कहा, 'लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किए हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है।'

श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

भारत की मिश्रित बैडमिंटन टीम को जापान से मिली हार

एजेंसी ▶▶| क्रिंगदाओ

भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाजाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके।

सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर डफी न्यूजीलैंड टीम में शामिल

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सियर्स की जगह पर जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है। एनजेडसी ने बयान में कहा, 'कराची में बुधवार को टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान सियर्स को अपने बाएं हैमस्ट्रिंग में कुछ दर्द महसूस हुआ और बाद के स्कैन में मामूली चोट का पता चला जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो सप्ताह का समय लग जाएगा। इस समय सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवतः दुबई में भारत के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए ही उपलब्ध हो पाएंगे और इस कारण उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया।' सियर्स की चोट ने डफी के लिए रास्ता साफ कर दिया है, जो वर्तमान में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम में हैं।

M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.
Office of the Superintending Engineer (LD:E&T)
Nayagaon, Rampur, Jabalpur- 482008 (M.P.)
Phone : 0761-2702744, 2702753, Fax No. : 0761-2970119

TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited for Providing services of Highly Skilled/Skilled Computer Operator, Skilled Worker (ITI Holder) & Semi Skilled Worker for SLDC, MPPTCL, Nayagaon, Jabalpur against Tender Specification No. LDET- 07/2024-25 which is due for opening on 05.03.2025. The cost of tender document is Rs. 1,180.00. For further details & downloading of tender document, please visit our website **www.mptransco.nic.in**, **www.mptenders.gov.in**, **www.sldcmpindia.com**.

M.P. Madhyam/118813/2025
// SAVE ELECTRICITY //

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, जबलपुर
rgsmjbp@rediffmail.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सुविख्यात प्रिंटर्स/वेण्डर्स/एजेंसियों से जिला शिक्षा केन्द्र, जबलपुर समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत शासकीय विद्यालय एवं KGBV & NSCB HOSTEL में निम्नांकित सामग्री हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा का विवरण इस प्रकार है :-

क्रं.	बिड क्रं.	सामग्री	अंतिम तिथि	अमानत राशि
1	GEM/2025/B/5790920 dt.14.02.2025	इंटरेक्टिव पेनल विथ सीपीयू	28/02/2025	3,92,400/-

निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रारूप https://bidplus.gem.gov.in/advance-search से डाउनलोड किये जा सकते है ।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
// निविदा सूचना (1st Call) //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./ प्रकाश 2024-25 /38/पीआरओ/566 दिनांक 14/02/2025	Servicing Repairing & Rewinding work of Window/Desert cooler & Fan at JMC Office Jabalpur	06 माह एवं 834373/-	2000/- एवं 8344/-	06/03/2025

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा ।पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर

PUBLIC NOTICE

This Notice is hereby given to general public at large that Splendid Motors Pvt. Ltd. having its registered office at 1525, Napier Town, Home Science College Road, Jabalpur – 482001, authorized dealer of Honda Cars India Limited ("Honda") operating Showroom, Workshop & Auto Terrace in the name and style of "Splendid Honda" having Showroom, Workshop & Auto Terrace Facility at Khasra No. 435/2 & 435/3 (Old 316), PH. No 22/19, Situated at Mouja / Village Oriya, Katangi Bypass Crossing, Tehsil & District Jabalpur – 482002 have closed its operations as authorized dealer of Honda Cars with effect from 17th February 2025.

Any person dealing or having association with the Splendid Honda after 17th February 2025 shall be doing so at their own risk, cost & consequences and Honda Cars shall not be liable for any such act / omission.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./लो.क.वि./2025/2010 रिसाली, दिनांक 14/02/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्र.	अनुमानित लागत राशि रू.	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड क्र.-01, 02, 03, 04, 05, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40 में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चक्रित किये जाने योग्य कचरे के पृथकीकरण एवं गीले कचरे खाद तैयार किये जाने का कार्य। (2nd call)	165024	1,34,32,320.00	03.03.2025

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑनलाईन सभी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा / दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

भारतीय स्टेट बैंक शाखा– गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632

चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 20.02.2025 समयः प्रातः 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

क्रं.	ऋणी	चल सम्पत्ति (वाहन) का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि
1.	ऋणी - त्रिलोकी नाथ मिश्रा, पुत्र श्री मुकेश मिश्रा फ्लेट-308, सन अपार्टमेंट, मतियाला रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली - 110059	निर्माता: Mahindra & Mahindra मॉडल- Scorpio Classic MT 9S रजिस्ट्रेशन नं.(अस्थायी) - T1224MP5055D इंजन नं. - YSR4C83251 चेसिस नं.- MA1TA2YS2R2C38045 निर्माण वर्ष- 2024, कलर- Black प्रोप. आईडी - SBIN078714171738	रू. 12,95,000/-	रू. 1,29,500/-

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम एवं शर्तें- विक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के प्रावधान के तहत निष्पादित की जाएगी और निम्नलिखित शर्तों को संकलित किया जाना है। (1) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है, जो है और जो है'', के आधार पर बेचा जाएगा। (2) ऊपर उल्लिखित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। (3) विक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://bank-sbi/web/sbi&in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others; www.sbi.co.in and https://www.ebkray.in (4) इच्छुक बोली लगाने वाले को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाना होगा जिसे बनाने में कम से कम 2 कार्य दिवस लगते हैं इसलिए बोली लगाने वाले से अनुरोध है कि वे इससे पहले यूजर आईडी बनाएं अंतिम तिथि। (5) बैंक बिना कोई कारण बताए उपरोक्त नोटिस से सभी या किसी भी नीलामी को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट– यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 15/02/2025 स्थान - जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर

एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :- 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

क्रं.	ऋण खाता संख्या	खातेदार का नाम एवं पता	संपत्ति विवरण	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना	उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र
1.	120500014495	श्री भागीरथ प्रसाद पता मकान नंबर 2607 टाइप 2 सेक्टर 2 वीएफजे एस्टेट जबलपुर मध्य प्रदेश 482001	प्लॉट नंबर ई–06 वार्ड नंबर 75 खसरा नंबर 238/3 238/4 पटवारी हल्का नंबर 17/20 नया 60 मौजा महाराजपुर तहसील पनागर जबलपुर मध्य प्रदेश 482004	19.11.2024 / 11.02.2025	15,85,380.69 + ब्याज व अन्य खर्चे
2.	120500018766	श्री सुनील चौबे, सुश्री इंदु चौबे, श्री सुधीर चौबे, श्री अमित शुक्ला (गारंटर) मकान नंबर 24 प्लॉट नंबर 01 पी/ओ खसरा नंबर 170/6 एनबी 664 पटवारी हल्का नंबर 17/20/60 गौतम नगर मौजा महाराजपुर जबलपुर मध्य प्रदेश 482004	मकान नंबर 24 प्लॉट नंबर 01 पी/ओ खसरा नंबर 170/6 एनबी 664 पटवारी हल्का नंबर 17/20/60 गौतम नगर मौजा महाराजपुर जबलपुर मध्य प्रदेश 482004 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट	12.02.2024 / 11.02.2025	31,87,573.79 + ब्याज व अन्य खर्चे

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 15.02.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

कार्यालय, अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा म.प्र.
E mail -Jsdjcdw@mp.gov.in, Fax no.-07162-247325

-:: ई-निविदा वित्तीय वर्ष 2025 2026 ::-

mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

म.प्र. शासन, जेल विभाग के आदेश पृ.क्र. 2435 / ई पंजी 1996715/2024 / तीन / जेल भोपाल दिनांक 05.11.2024 एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 83/वाहन शाखा / 2025 दिनांक 02.01.2025 के द्वारा जिला जेल छिन्दवाड़ा में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु वाहन किराये के लिये जाने की अनुमति प्रदाय की गई है, जिला जेल छिन्दवाड़ा में अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये का वाहन मासिक अनुबंध .के आधार पर वर्ष 2025-26 में www.mptenders.gov.in पर दिनांक 25.02.2025 को शाम 05:30 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	विवरण	दिनांक एवं समय	स्थान
1	ऑन लाईन निविदा प्रकाशन	11.02.2025	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा
2	प्रिबिड	21.02.2025	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा
3	ऑनलाईन फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख सायंकाल 05:30 तक की निविदा हेतु 500 /- रुपए तक प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056 - 800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जाएगा ।	25.02.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक	बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।
4	ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	25.02.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक	बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जा सकेगी।
5	तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण	27.02.2025 को प्रातः 11.30 बजे	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा
6	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	28.02.2025 को प्रातः 12.30 बजे	कार्यालय अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा

निविदा फार्म एवं निविदा से संबधित जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेंट कर क्रय किया जा सकता है।

G-23046/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

अधीक्षक
जिला जेल छिन्दवाड़ा

दिल्ली हाईकोर्ट ने जबलपुर के छात्र और मां की जनहित याचिका पर मांगा जवाब

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में आरक्षण नियम के विरुद्ध कैसे जारी किया रिजल्ट

हरिभूमि जबलपुर।

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय व जस्टिस तुषार राव की डिवीजन बेंच ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में आरक्षण नियम के विरुद्ध रिजल्ट जारी किए जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब किया है। जवाब के लिए 15 दिन का समय दिया गया। जबलपुर के छात्र व उसकी मां की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय और परीक्षा एजेंसी नेशनल इंस्टिट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, नई दिल्ली को नोटिस जारी किए हैं। 14 मार्च को अगली सुनवाई होगी

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी छात्र आराध्य पटेल व उसकी मां हेमलता पटेल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व रियल सूर्यवंशी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के अधीन परीक्षा एजेंसी नेशनल इंस्टिट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, नई दिल्ली की कार्यप्रणाली प्रश्नवाचक है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरक्षण नियमों की अनदेखी की जा रही है। इस वजह से जनहित याचिकाकर्ता ओबीसी वर्ग के नौ वर्षीय छत्र कक्षा छह में प्रवेश से वंचित होने की कगार पर आ गया है। उसकी भांति अन्य कई छात्रों के साथ यही विडंबना दरपेश हो रही है। प्रवेश परीक्षा आठ दिसंबर, 2024 को आयोजित की गई थी। इसका रिजल्ट असंवैधानिक तरीके से जारी कर दिया गया। ऐसा इसलिए क्योंकि आरक्षण के प्रविधान का नियमानुसार पालन नहीं किया गया। याचिकाकर्ता सहित अन्य ओ बी सी आवेदकों को अनारक्षित वर्ग के प्रतिभावान यानि सामान्य वर्ग के छात्रों से अधिक अंक प्राप्त करने पर भी ओबीसी वर्ग में ही प्रवेश दिए जाने का अनुचित रवैया अपनाया गया है। इस तरह साफ है कि असंवैधानिक रिजल्ट घोषित किया गया है। चूंकि मामला देश की 85 प्रतिशत आबादी से संबंधित है, अतः गंभीरता बरती जानी चाहिए। हाई कोर्ट ने इस तर्क से सहमत होकर भारत सरकार के वकील की जनहित याचिका की प्रचलनशीलता को लेकर आपत्ति दरकिनार कर दी।

हाई कोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य से मांगा जवाब

विधि छात्र के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई क्यों

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने विधि छात्र के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई कार्रवाई को चुनौती के मामले में जवाब-तलब किया है। इस सिलसिले में राज्य शासन व कलेक्टर बैतूल सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।

बैतूल निवासी विधि छात्र अन्नू उर्फ अनिकेत की ओर से उसके पिता ने याचिका दायर की। उनका पक्ष अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी व असीम त्रिवेदी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि बैतूल जिले में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ कथित मारपीट के प्रकरण में याचिकाकर्ता के पुत्र के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई की गई है, जो कि नियम विरुद्ध होने के कारण चुनौती के योग्य है। दरअसल, विवाद अनुसूचित जाति की एक छात्र से असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा अशोभनीय व्यवहार किए जाने से संबंधित था। फोटोग्राफ में अस्टिेंट प्रोफेसर ही छात्रा के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद महज एक समुदाय विशेष के अनुचित राजनीतिक दबाव के कारण याचिकाकर्ता के पुत्र को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निरुद्ध कर दिया गया। इस कार्रवाई में संवैधानिक प्रक्रिया का हनन किया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि जिला मजिस्ट्रेट ने राज्य शासन के समक्ष पुष्टि के लिए निरोा आदेश प्रेषित नहीं किया। निरोध के आधार पर सामग्री भी सरकार को प्रेषित नहीं की गई। लिहाजा, अनुचित कार्रवाई निरस्त की जाए।

सील गई दुकान की खिड़की से पार कर दिए थे कागजात

फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

फर्जी दस्तावेज बनाने वाले आरोपी को बेलबाग पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि विगत दिनों मलिक एसोसिऐट घमापुर चौक में एसडीएम के दल ने छापा मारा था और कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र और अन्य फर्जी दस्तावेज बनाए जाने के सुराग मिले थे। छापे के वक्त ऑनलाईन सेंटर संचालक जुबेर मलिक मंसूरी मौके पर नहीं था। लिहाजा प्रशासन ने उसकी दुकान सील कर दी थी। सील की गई दुकान की खिड़की में सेंध लगाकर फर्जी दस्तावेज गायब कर दिए थे। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। गुरुवार की देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण सिंह का कहना है कि एसडीएम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की तलाश की जा रही थी, इस दौरान जानकारी मिली की जुबेर अपने घर आया हुआ है और फिर से कहीं भागने की फिराक में है, जिसके बाद उसे रात को ही गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शासकीय दस्तावेजों को फर्जी तरीके से बनाने और शासकीय काम में बाधा डालने के मामले के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पीड़ित कार मालिक ने लगाया एसडीएम के ड्रायवर पर आरोप

भ्रष्टाचार के दस्तावेज जलाने, किसान की कार में लगा दी आग

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना क्षेत्र की पीएंडटी कॉलोनी में एक किसान के घर के बाहर खड़ी लग्जरी फॉर्च्यूनर कार में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, जिससे कार का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो गया। यह घटना देर रात हुई और कार में लगी आग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें स्थानीय लोग जलती हुई कार में पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

पीड़ित कार मालिक ने संजीवनी नगर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए शहपुरा एसडीएम के ड्राइवर पर आरोप लगाया कि उसने जानबूझकर कार में आग लगाई। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार मालिक संग्राम सिंह ने पुलिस को बताया कि करीब ढाई महीने पहले उन्होंने शहपुरा एसडीएम नदीमा शीरी पर अवैध धान भंडारण मामले में 3 लाख रुपये की रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त जबलपुर से की थी। इस मामले में 18 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त टीम ने एसडीएम के ड्राइवर सुनील पटेल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था।

संग्राम सिंह ने आरोप लगाया कि सुनील पटेल ने उनकी कार में आग लगाई, क्योंकि कार में जांच से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। उल्लेखनीय है कि रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद ड्राइवर सुनील पटेल को निलंबित कर कुंडम तहसील में तैनात किया गया था, जबकि एसडीएम नदीमा शीरी को जबलपुर मुख्यालय में अटैच किया गया था। एएसपी सोनाली दुबे ने पीड़ित संग्राम सिंह की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं।

परीक्षा फीस जमा करने का झांसा देकर सायबर क्राईम

व्हाटसएप हैक कर छात्रा के दोस्तों से ऑनलाईन ठगी

जबलपुर। लार्डगंज थाना अतंर्गत कॉलेज की एक छात्रा के मोबाइल पर कॉलेज का प्रोफेसर बनकर फोन करने वालें सायबर ठग ने परीक्षा फीस जमा नहीं करने पर परीक्षा फार्म अपलोड नहीं होने का झांसा देकर, वेरीफिकेशन ओटीपी मांगा, उसके बाद छात्रा का व्हाटसएप हैक करके उसके व्हाटसएप मित्रों से पैसों की जरुरत होने का मैसेज करके 24 हजार रुपए ऑनलाईन पैसा ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी की। गत 4 फरवरी की घटना की शिकायत की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक कॉलेज में पढ़ने वाली 21 वर्षीय छात्रा के मोबाइल पर गत 4 फरवरी को दोपहर लगभग 12 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और खुद को कॉलेज का प्रोफेसर अमित सर बताकर कहा कि आपकी फीस पूरी जमा नही है। लड़की ने जवाब दिया कि उसने मार्च तक फीस जमा करने का आवेदन कॉलेज में दे दिया है। लिहाजा ठग ने छात्रा को भयभीत करने के लिए कहा कि उसे परीक्षा में दिक्कत होगी और उसका आवेदन पत्र अपलोड करने के लिए मोबाइल पर वेरीफिकेशन कोड बताने को कहा। छात्रा ने जैसे ही वेरीफिकेशन कोड (ओटीपी) बताया तो उसका व्हाटसएप हैक हो गया। व्हाटसएप हेक होने के बाद हैकर द्वारा उसके दोस्तों को उसके व्हाटसएप से मुझे पैसों की जरूरत है का मैसेज करके हेकर द्वारा दोस्तों को स्केनर भेजा गया, तो उसके दोस्त आयुष साहू ने अपने खाते से 2 हजार रूपये, अभिषेक चौधरी ने 18 हजार रूपये, दीपक विश्वकर्मा ने 2 हजार रूपये, दीपाली ने अपने भाई के खाते से 500 रूपये, स्वेता सिंह ने 2 हजार रूपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर किये। अज्ञात आरोपी ने कुल 24 हजार 500 रुपए ऑनलाईन ट्रांसफर करवाकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318, 319(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

कुकिंग गैस का अवैध कारोबारी गिरफ्तार

जबलपुर। गौरीघाट थाना अतंर्गत रेतनाका मेन रोड पर बाईक क्रमांक एमपी 20 एन वाई 5111 में घरेलू गैस सिलेण्डर रखकर बेचने के लिए जा रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार घरेलू गैस सिलेण्डर, बिक्री के 900 रुपए और बाईक जब्त की है। गौरीघाट थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि इंद्धानगर गुप्तेश्वर गढ़ा निवासी 29 वर्षीय विनय चक्रवर्ती गत दिवस बाईक में घरेलू एलपीजी सिलेण्डर रखकर रेतनाका तरफ आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर रेतनाका मोड मेन रोड पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विनय चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारत कम्पनी के तीन भरे और एक खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, नगदी 900 रूपये तथा परिवहन में प्रयुक्त बाईक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 287 भारतीय न्याय संहिता तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

शहपुरा में वारदात से सनसनी

बैंक के बाहर दिन दहाड़े युवक को लूटा

हरिभूमि जबलपुर।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शहपुरा स्थित बरम बाबा शाखा से रुपये निकालकर घर जा रहे युवक को दिन दहाड़े बैंक के बाहर ही लुटेरे ने लूट लिया। आरोपी युवक के हाथ से 10 हजार रुपए छीनकर भाग गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी लूट करते नजर आ रहा है।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुलोन निवासी अभिषेक बर्मन कल दोपहर 1 बजे शहपुरा स्थित इंडियन बैंक में रुपये निकालने के लिए गया था। वहां एक अज्ञात युवक मिला, जिसने कहा कि वह फार्म भरवा देता है। फॉर्म भरवाने के बाद, कैशियर ने बताया कि उसके खाते में पैसे नहीं हैं। इस पर वह युवक ने पूछा और बताया कि वह सेंट्रल बैंक से पैसे निकालने जाएगा।

अभिषेक ने बताया कि थोड़ी देर बाद वह सेंट्रल बैंक पहुंचा और वहां से 10 हजार रुपये निकाले। रुपये गिनते हुए जैसे ही वह बैंक से बाहर निकला, वही युवक इंडियन बैंक से आकर हाथ से रुपये छीनकर भाग गया। लुटेरा इंडियन बैंक से लूट की घटना को अंजाम देने के लिए रैकी कर रहा था। पुलिस ने दोनों बैंकों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की है। शहपुरा पुलिस क्षेत्र में पुरानी लूट की वारदातों का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पीड़ित अभिषेक ने पुलिस को बताया कि लुटेरे की उम्र करीब 32 से 35 साल के बीच होगी।

नोटिस को डेयरी वालों ने धता बताया

डेयरी स्टेट में जाने तैयार नहीं गोबर से गौर हो रही प्रदूषित

जबलपुर। कार्यपालन अधिकारी डेयरी स्टेट परियोजना ने 14जवरी को 35 पंजीकृत भूखंडधारियों को नोटिस जारी कर कहा है कि डेयरी स्टेट परियोजना में उनके द्वारा भूखंडों का पंजीयन होने के बावजूद भी उन्होंने डेयरी व्यवसाय की गतिविधियां आरंभ नहीं की है।

अब इस नोटिस को एक माह बीतने के बावजूद भी डेयरी वालों ने चुप्पी साधकर नोटिसज को धता बता दिया है। यह बताते हुए डॉ.पीजी नाजपांडे ने जानकारी दी कि 2 जनवरी 2025 को कलेक्टर को पत्र भेजकर डेयरी स्टेट में डेयरी को विस्थापन हेतु विजन डॉक्यमेंट प्रस्तुत किया था, इस पर उपसंचालक पशुपालन विभाग ने प्रबंध संचालक डेयरी स्टेट योजना को पत्र भेजकर अग्रिम कार्रवाई करने को कहा था। डॉ. पीजी नाजपांडे ने आज पुनः कलेक्टर तथा नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर जानकारी दी कि कुछ दिन पूर्व में नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की, कि गौर नदी के गोबर मिले पेयजल की सप्लाई से दूषित पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। शहर के बड़े हिस्से में पेयजल सप्लाई करने वालें भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट पानी में तैरती गोबर की परत पाई जाना चिंता का विषय है।

18 जनवरी को कलेक्टर द्वारा विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा हेतु बुलाई गई बैठक में बताया गया है कि प्रदेश का पहला एवं एक मात्र जबलपुर डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट पिछले 3 वर्षो से ठप्प पड़ा है। मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, ने स्पष्ट किया कि डेयरियों से प्रदूषण की गंभीर स्थिति बनी है।

स्टेशन में पकड़ा गया 2 लाख का 10 किलो गांजा

जबलपुर। रेल पुलिस (जीआरपी) ने प्लेटफार्म नंबर 6 में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 10 किलो 610 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेलवे प्लेटफार्म नंबर 6 पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया और उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 10 किलो 610ग्राम गांजा निकला। ग्राम डोडका थाना मानपुर निवासी आरोपी नीलेश सिंह शहडोल से गांजा लेकर जबलपुर पहुंचा था। आरोपी से गांजा तस्करी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुनर्वास के लिये प्लाटों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया जायेगा

मदन महल पहाड़ी में निवासरत लोगों के पुनर्वास की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को मदन महल पहाड़ी में अतिक्रमण कर निवासरत लोगों के शिफ्टिंग के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार मदन महल पहाड़ी में निवासरत लोगों के पुनर्वास शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए। इसके लिए तेवर स्थित पुनर्वास स्थल पर सड़क,बिजली, पानी, शुष्क टायलेट की सुविधा प्राथमिक रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रथम फेस में 50 परिवारों को शिफ्ट किया जा सके। पुनर्वास के लिये प्लाटों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पुनर्वासित किया जा रहा है, उन्हें एक सप्ताह तक फुड पैकेट दिया जाए। साथ ही तात्कालिक रूप से बांस-बल्ली व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तेवर में शीघ्रता से पुनर्वास स्थल को विकसित किया जाए ताकि मदन महल पहाड़ी से विस्थापित लोगो को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि पुनर्वास स्थल पर जगह-जगह वाटर स्टैंड पोस्ट बनाया जाए। उन्होंने एसडीएम श्री अनुराग सिंह से कहा कि इस संबंध में शिफ्टिंग होने वाले लोगों के साथ बैठक करें और पुनर्वास की कार्यवाही 25 फरवरी से शुरू कर दिया जाए।

मौसम ने ली करवट, सर्द गर्म का माहौल

दिन में धूप से गर्मी, रात में शीतल बयारें

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने पर मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। शुक्रवार को दोपहर से मौसम के मिजाज में बदलाव होना शुरू हो गया था। बादलों के छंटते ही मंद-मंद चली उत्तरी ठंडी बयारों ने मौसम को एक बार फिर ठण्डा कर दिया। हालांकि दिन में तेज धूप खिली रही, लेकिन शाम को अचानक बर्फीली हवायें चलना शुरू हो गई। ठंडी बयारों के चलने से पिछले दो दिनों के मुकाबले तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। वहीं दिन का तापमान 20 से 25 डिग्री के आसपास रह सकता है। दिन में तेज धूप से लोगों को ठण्ड का अहसास नहीं हुआ, पर शाम ढलने के बाद लोगों को गर्म वस्त्रों की आवश्यकता महसूस हुई।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान पर छाये बादलों के छंटने के बाद तापमान में बढ़त का सिलसिला थम गया। अभी तक दक्षिणी और पश्चिमी हवायें वातावरण में गर्माहट बढ़ा रही थीं। लेकिन अब फिर से हवाओं का रूख उत्तरी हो गया है पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 09.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 60 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.42 बजे और सूर्यास्त शाम 6.06 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे कम 5.6 डिग्री तापमान कल्याणपुर (शहडोल) में दर्ज किया गया। उत्तरी पूर्वी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

बाईक की टक्कर लगने से युवक की मौत

जबलपुर। बरेला थाना अतंर्गत ग्राम डूंडी के सामने एक बाईक ने पैदल घर आ रहे एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक घायल हो गया, जिसे उपचारके लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां, उपचार दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बल्हवारा निवासी 29 वर्षीय सतेंद्र पटेल गत रात लगभग 9.30 बजे गांव के लगुन कार्यक्रम से खाना खाकर पैदल घर आ रहा था। जैसे ही वह माध्यमिक शाला ग्राम डूंडी के सामने पहुंचा तभी पहाड़ीखेड़ा की तरफ से आ रही एक अज्ञात बाईक के चालक ने सतेंद्र को टक्कर मार दी, जिससे सत्येंद्र के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आ गई। सत्येन्द्र का बड़े पिता के लड़के सुनील कुमार लोधी ने घायल को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह 8.30 बजे सत्येंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

खेत के पास खड़ा ट्रेक्टर ले गए चोर

जबलपुर। सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम गौरहा में गंजताल स्थित एक खेत से थोड़ी दूर खड़ा एक ट्रेक्टर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी एक ट्रेक्टर की कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम गौरहा निवासी 40 वर्षीय किसान महेंद्र कुमार लोधी ने फार्मट्रेक कंपनी का ट्रेक्टर खितौला आईसीआईसी बैंक से फायनेंस कराया था। ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन एवं बीमा उसे नहीं मिला है, जिसकी एक किस्त जमा हो चुकी है दूसरी किस्त आने वाली है। गत 13 फरवरी को वह अपना फार्मट्रेक कम्पनी न्यू ट्रेक्टर से भूति बर्मन के खेत के जुताई करने के लिये गया था जुताई करने के बाद गंजताल वाले उसके खेत में पानी लगाने के लिये ट्रेक्टर से दोपहर लगभग 1.30 बजे आया था उसके खेत तक ट्रेक्टर नहीं जा सकता इसलिये उसने अपने ट्रेक्टर को नहर के पास रोड़ किनारे खड़ा करके खेत में पानी चलाने के लिये चला गया था। वहां से दोपहर लगभग 2.30 बजे वापस आया तो देखा उसका ट्रेक्टर वहां से गायब था। अज्ञात चोर ने उसका टेक्टर चोरी कर ले गया। चोरी गए ट्रेक्टर की कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240